श्यर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील


# विकसित भारत समाचार


वर्ष : 09 | अंक : 225 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 10 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



विधानसभा का बजट सत्र आज से — पेज 3
चार माह तक आईओआर में चला नौसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास टॉपेक्स — पेज 4
गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक मदद कर रही सरकार : योगी आदित्यनाथ — पेज 5
अपने हक के लिए धरने पर बैठीं वीरांगना — पेज 8



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## पीएम मोदी का समर्थन पूर्वोत्तर को करना ही होगा : सीएम



**गुवाहाटी।** इन दिनों पूर्वोत्तर की राजनीति काफी जोरों पर है। अन्य राज्यों के साथ पूर्वोत्तर में भी भाजपा का दबदबा बढ़ रहा है। शायद इसी को देखते हुए विरोधी पार्टियां भी भाजपा के समर्थन में आ रही हैं। इसको लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को कहा कि पूर्वोत्तर में चुनाव लड़ने वाले सभी दलों को यह समझना चाहिए कि आखिरकार उन्हें भाजपा का समर्थन करना ही होगा। नगालैंड में जदयू और राकांपा के एनडीपीपी-भाजपा को समर्थन देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में प्रवेश करने से पहले सभी दलों को यह समझना चाहिए कि पानी समुद्र में बह जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे बड़े नेता हैं, हर कोई उनका पक्ष लेता है। हालांकि सीएम शर्मा ने यह पूछे जाने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या नगालैंड के विकास ने जदयू सुप्रीमो और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापसी का संकेत दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर चुटकी लेते हुए सीएम शर्मा ने कहा कि मैंने उन पर ज्यादा शोध नहीं किया है। लेकिन नीतीश कुमार के साथ आप किसी चीज की गारंटी नहीं दे सकते। साथ ही राहुल गांधी की ब्रिटेन यात्रा पर भी उन्होंने निशाना साधा और कहा कि उन्होंने कई ऐसे बयान दिए, जिससे कुछ लोगों के रोंगटे खड़े हो गए, शर्मा ने दावा किया कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि भारत में कोई भी उनकी बात नहीं सुनता है। असम के सीएम शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी जानते हैं कि भारत में कोई उनकी बात नहीं सुनेगा। इसलिए, उन्होंने लंदन में भारत विरोधी लोगों का एक समूह इकट्ठा किया और उनके सामने बात की। वहीं चुटकी लेते हुए कहा कि पहली बार, राहुल गांधी ने भारत के बाहर भाषण देकर कुछ बुद्धिमत्ता दिखाई। हमें इसका श्रेय उन्हें देना होगा।

## लाचित बरफुकन पर 42 लाख निबंधों के साथ गिनीज बुक में नाम



**गुवाहाटी।** असम सरकार ने गुरुवार को लाचित बरफुकन पर हस्तलिखित निबंधों के सबसे बड़े ऑनलाइन फोटो एल्बम के साथ आधिकारिक तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई। वहीं गुवाहाटी में जनता भवन में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को इसका प्रमाण पत्र सौंपा गया। फोटो एल्बम में करीब 42 लाख से अधिक निबंधों का संकलन है। राज्य की इस उपलब्धि पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि यह असम का दुर्भाग्य है कि हम दुनिया के महानतम जनरल को पेश नहीं कर सके। वहीं मान्यता का आधिकारिक पत्र असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को गुरुवार को यहां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक स्वप्निल डांगरिकर द्वारा सौंपा गया। ट्विटर पर सीएम शर्मा ने लिखा कि असम एक बार फिर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हॉल ऑफ फेम में शामिल हुआ। यह खास है, क्योंकि लाचित बरफुकन पर 42.9 लाख हस्तलिखित नोट्स को दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन फोटो एल्बम के रूप में मान्यता प्राप्त है। मैं महान जनरल के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए हमारे युवाओं को सलाम करता हूं। इस -शेष पृष्ठ दो पर


Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344


## थॉमस ए सांग्मा मेघालय विस के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए) के थॉमस ए सांग्मा मेघालय विधानसभा के 11वें अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। गुरुवार को सांग्मा का चुनाव निर्विरोध हुआ। मेघालय के तीनों विपक्षी दलों कांग्रेस, टीएमसी और वॉयस ऑफ द पीपल्स पार्टी ने अपनी तरफ से कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया था। थॉमस 2008 से 2013 तक कांग्रेस के टिकट पर राज्यसभा से सांसद भी रह चुके हैं। सोमवार को ही मेघालय डेमोक्रेटिक -शेष पृष्ठ दो पर

## ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का कभी समर्थन नहीं : माणिक साहा



**अगरतला।** *टिपरालैंड* या *ग्रेटर टिपरालैंड* जैसी मांगों को लेकर गुरुवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का बड़ा बयान आया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और टिपरा मोथा सुप्रीमो प्रद्योत किशोर देबबर्मा के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक के एक दिन बाद सीएम साहा ने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली सरकार कभी भी टिपरालैंड या ग्रेटर टिपरालैंड जैसी मांगों का समर्थन नहीं करेगी। ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करने वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 2023 विधानसभा चुनाव लड़ा और 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा में 13 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। साहा ने कहा कि हमने आदिवासी कल्याण पर चर्चा की कि कैसे स्वदेशी लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का उत्थान किया जाए। बैठक में वार्ताकार नियुक्त -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

भाग्य बहादुर और कर्मठ व्यक्ति का ही साथ देता है। पीछे मुड़कर मत देखो, आगे अपार शक्ति, अपरिमित उत्साह, अमित साहस और धैर्य से ही महत्वपूर्ण कार्य निष्पन्न किए जा सकते हैं।

**स्वामी विवेकानंद**

## सतीश कौशिक पंचतत्व में विलीन



**मुंबई।** अभिनेता और डायरेक्टर सतीश कौशिक का बुधवार रात 1:30 बजे दिल्ली में निधन हो गया। वे 66 साल के थे। वे दिल्ली में होली के कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसका वीडियो भी सामने आया है। अचानक मौत -शेष पृष्ठ दो पर

## आरएसएस में होने वाला है बड़ा बदलाव



**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों की बैठक पर जितनी नजर भाजपा की है, उतनी ही विपक्ष की भी। खास तौर से कांग्रेस की। आखिर संघ की बैठक से किस तरह का मैसेज निकलता है। हरियाणा के समालखा में आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक होने वाली है। 12 से 14 मार्च तक होने वाली इस मीटिंग के एजेंडे में कई बड़े मुद्दे हैं। अगले लोकसभा चुनाव से पहले ये आखिरी मौका होगा जब संघ से जुड़े जम्मिेदार लोग एक साथ बैठेंगे। इसी मीटिंग के बाद संघ और भाजपा के लिए कोऑर्डिनेशन करने वाले कुछ चेहरे बदले जा सकते हैं। साथ ही आरएसएस के कुछ लोगों की जम्मिेदारियां बदलने की भी चर्चा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के आखिरी दिन मतलब 14 मार्च को संघ प्रमुख मोहन भागवत प्रेस कांफ्रेंस करेंगे। कहा गया है कि पत्रकार ने उनसे किसी भी मुद्दे पर सवाल कर सकते हैं। हाल के दिनों में भागवत के दिए गए बयानों पर तरह-तरह के विवाद होते रहे हैं। उन्होंने कहा था कि हमारे यहां ग्रंथ नहीं थे। वे मौखिक परंपरा से चले। बाद में स्वार्थी लोग भी घुस गए, जिन्होंने कुछ कुछ घुसा दिया जो बिल्कुल गलत है। ऐसे ग्रंथों की एक बार समीक्षा आवश्यक है। भागवत के इस बयान पर विवाद बढ़ा तो आरएसएस की तरफ से सफाई भी आई। रामचरितमानस में संशोधन को लेकर इन दिनों आरजेडी और समाजवादी पार्टी ने एजेंडा बना रखा है। कुछ ही हफ्ते पहले भागवत ने भारत को हिंदू राष्ट्र भी बताया था। पांचजन्य को दिए इंटरव्यू में उन्होंने ऐसा कहा था। इन सभी मुद्दों पर -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा : शाह के काफिले में घुसी सफेद कार



**अगरतला।** त्रिपुरा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। बुधवार को उनके काफिले में अचानक सफेद रंग की एक कार घुस गई। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन वह तेज स्पीड में काफिले को ओवरटेक करते हुए भाग गई। त्रिपुरा में बुधवार को राज्य की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह था। इसी प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अमित शाह अगरतला पहुंचे थे। वह स्टेट गेस्ट हाउस से निकल रहे थे, तभी यह घटना हुई। पुलिस ने कहा कि कार चालक को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि अमित शाह का काफिला गुजर रहा -शेष पृष्ठ दो पर

## सिसोदिया को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला में अब प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पहले सीबीआई ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की मुश्किलें बढ़ाई और अब ईडी की तरफ से भी बड़ी कार्रवाई सामने आई। तिहाड़ में मनीष सिसोदिया से पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। सोदिया से कल आठ घंटे तक पूछताछ हुई थी। कल राउज एवेन्यू कोर्ट में मनीष सिसोदिया ने बेल पेटीशन लगाई थी। लेकिन अब वो संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि ईडी ने उन्हें दोबारा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें प्रोटेक्शन वारंट लेना होगा। जिसके बाद ईडी तिहाड़ जेल से मनीष सिसोदिया को -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी

## सोनोवाल ने ब्रह्मपुत्र नद-कटाव का किया निरीक्षण

**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने गुरुवार डिब्रूगढ़ में ब्रह्मपुत्र नद के तट कटाव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। कटाव के मुद्दे पर चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को लेकर संभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं और उसी के अनुरूप वैज्ञानिक तरीके से कटाव को रोकने के लिए काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डिब्रूगढ़ के कोयला घाट पर पिछले शनिवार की रात से -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑस्ट्रेलियाई पीएम विक्रांत पर पहले विदेशी प्रमुख

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट मैच देखने के बाद मुंबई पहुंच गए हैं। वह देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया। अल्बनीस भारत यात्रा के दौरान विक्रांत पर अतिथि के रूप में आने वाले सरकार के पहले विदेशी प्रमुख बने। आईएनएस विक्रांत पर सवार होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## ऑस्ट्रेलिया और भारत के टेस्ट मैच में दोनों देश के प्रधानमंत्री



**अहमदाबाद ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट मैच देखा। दोनों देश के बीच चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच खेला जा रहा है। गुरुवार को मैच का पहला दिन है। मैच दोनों देशों की क्रिकेट मित्रता के 75 वर्ष पर खेला जा रहा है। मैच से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का आयोजकों ने भव्य स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया -शेष पृष्ठ दो पर






## उपराष्ट्रपति के निजी स्टाफ रास की 20 कमेटियों में : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के एक फैसले पर विवाद शुरू हो गया है। आरोप है कि उपराष्ट्रपति ने अपने निजी स्टाफ के आठ सदस्यों को राज्यसभा सचिवालय के दायरे में आने वाली 20 अलग-अलग कमेटियों में शामिल कर लिया है। इन समितियों में उपराष्ट्रपति सचिवालय में तैनात चार कर्मचारी भी हैं। अब इसको लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ है। इसको लेकर जो स्पष्टीकरण दिया गया है, वो भी अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह पूरी तरह से अवैध है। उपराष्ट्रपति अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रहे हैं। दरअसल, राज्यसभा सचिवालय के अधिकारी ही संसदीय समितियों की सहायता करते हैं और समिति सचिवालयों का हिस्सा भी बनते हैं। आमतौर पर ऐसा ही होता आया है। लेकिन आरोप है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के आने के बाद इसमें बदलाव हो गया है। उन्होंने इन संसदीय समितियों में अपने निजी स्टाफ को शामिल करा दिया है। इसी को लेकर अब कांग्रेस समेत विपक्ष के अन्य नेताओं ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उपराष्ट्रपति के स्टाफ से समितियों में ओएसडी राजेश एन नाईक, निजी सचिव सुजीत कुमार, अतिरिक्त निजी सचिव संजय वर्मा और ओएसडी अभ्युदय सिंह शेखावत को अटैच किया गया है। इसके अलावा राज्यसभा चेयरमैन के ऑफिस से ओएसडी अनिल चौधरी, दिनेश डी, कौस्तुभ सुधाकर और पीएस अदिति -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# त्रिपुरा : चुनाव बाद विपक्षी दलों पर हमले की ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने की आलोचना



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** वकीलों के अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन ने त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव बाद विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और हमदर्दों पर हमला करने की आलोचना की है। गुरुवार को संगठन के अखिल भारतीय महासचिव व वरिष्ठ वकील पीवी सुरेंद्रनाथ और संगठन के त्रिपुरा राज्य के सचिव हरिबल देबनाथ ने एक बयान जारी कर मांग की है कि त्रिपुरा सरकार राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति बहाल करे और हिंसा करने वालों पर कानून के मुताबिक कार्रवाई करे। यूनियन ने कहा है कि त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले हो रहे हैं। विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के घरों को जलाने की घटनाएं हुई हैं। यूनियन ने कहा है कि हिंसा और हमलों की शिकायतों के बावजूद सरकार और पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की है, बल्कि वो मूकदर्शक बनी रही। यूनियन ने कहा है कि त्रिपुरा में एकतरफा हिंसा हो रही है, जिसमें अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। कई लोगों के रोजगार पर असर पड़ा है और ये हिंसा अभी भी जारी है। यूनियन ने विपक्षी दलों के संसद सदस्यों के फैक्ट फाईंडिंग मिशन का स्वागत करते हुए उसे सभी तरह की मदद करने का भरोसा दिया है।

# अफगानिस्तान में गवर्नर पर हमला, मौके पर ही मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में गुरुवार को हुए एक बम धमाके में तालिबान द्वारा नियुक्त एक प्रांतीय गवर्नर सहित तीन लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि बाल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ में गवर्नर कार्यालय में हुए बम धमाके में प्रांतीय गवर्नर दाऊद मुजमल और दो अन्य लोगों की मौत हो गई।



वजीरी के मुताबिक, फिलहाल किसी संगठन ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, इसके पीछे इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के क्षेत्रीय सहयोगी इस्लामिक स्टेट इन खोरासन प्रॉविन्स (आईएसकेपी) का हाथ माना जा रहा है, जो तालिबान के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों में से एक है। आईएसकेपी ने अगस्त 2021 में तालिबान के एक बार फिर हुकूमत में आने के बाद अफगानिस्तान में हमले तेज कर दिए हैं। तालिबान के गश्ती दल और अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोग उसके निशाने पर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**दक्षिण सालमारा ( असम ) ( हिंस )।** दक्षिण सालमारा-मानकचार जिले के बरबिला में पिकअप वाहन की चपेट में आने से गुरुवार सुबह एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बरबिला गांव निवासी जहानुर इस्लाम की पत्नी जोसना खातून सुबह करीब साढ़े 08 बजे पिकअप वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को हाटसिंगीमारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खरुआबंधा पुलिस चौकी की टीम हाटसिंगिमारी सिविल अस्पताल पहुंचकर शव को अपनी कस्टडी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

# आग में चार स्टाफ क्वार्टर और लाखों की संपत्ति जलकर राख

**इटानगर ( हिंस )।** अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर के राम कृष्ण मिशन (आरके) अस्पताल परिसर में आज (गुरुवार) की सुबह भीषण आग लगने के चलते लगभग चार स्टाफ क्वार्टर और लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। मीडिया से बात करते हुए इटानगर फायर स्टेशन के प्रभारी अधिकारी केजी तायूम ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत मौके पर पहुंचे और फायर फाइटर द्वारा समय पर और त्वरित कार्रवाई करने से आस-पास के घरों में आग के फैलाव को नियंत्रित करने में सफल हुए। इस घटना में कीमती संपत्ति समेत आरके मिशन के चार स्टाफ क्वार्टर जलकर राख हो गए। घटना आज सुबह 10.40 बजे हुई, इस हादसे में किसी के हताहत होने की को खबर नहीं है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस बीच स्थानीय विधायक तेची कासो ने दुर्घटना स्थल का दौरा किया और प्रत्येक पीड़ित परिवार को अपनी क्षमता के अनुसार 10-10 हजार रुपए की आपातकालीन राहत राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन कर सरकार से राहत देने का प्रावधान है, लेकिन इसमें समय लगेगा। उन्होंने सभी से सतर्क रहने और इस प्रकार की अग्नि दुर्घटनाओं से बचने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने फायर फाइटर, इटानगर टीम की उनके जबरदस्त काम के लिए भी सराहना की, जिन्होंने समय पर पहुंचकर आग को और फैलने से नियंत्रित करने में कामयाब हुए।

# पूर्व संघचालक के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर असम प्रांत के पूर्व संघचालक बिरिंचिधर बुढ़ागोहाई का बीती रात निधन हो गया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को एक शोक संदेश में कहा है कि मोरीगांव कॉलेज में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए बुढ़ागोहाईं एक शिक्षाविद, समाज संगठक, संगीतकार और प्रसिद्ध वॉयलिन वादक भी थे। बुढ़ागोहाईं की मृत्यु से समाज ने एक समर्पित राष्ट्रवादी कार्यकर्ता को खो दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शोक संदेश में कहा है कि असम आंदोलन के दौरान भी मध्य असम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बुढ़ागोहाईं के विपत्ति और हजार बाधाओं के बीच किए गए प्रयासों को हम कभी नहीं भूलेंगे।

# सब्जी फॉर्म में बच्ची से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिला के करीगांव थाना अंतर्गत सब्जी फार्म में 11 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना तीन दिनों के बाद सामने आई है। परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से बलात्कार के आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार का मामला 6 मार्च को हुआ था।काफी पूछताछ करने के बाद पीड़ित ने अपने साथ हुई वारदात की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद 7 मार्च को परिवार वालों ने कोकराझाड़ सदर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। परिजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से बलात्कार के आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले युवक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी,लेकिन नाबालिग लड़की को कोकराझाड़ के आरएनबी अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने बांसबाड़ी बनगांव निवासी नीरेन मुसहरी (23) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376एबी/506 की धारा 6 में केस नंबर 100/23 दर्ज किया है।

# फकीरगंज में छह जुआरी गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा ( हिंस )।** दक्षिण सालमारा-मानकचार जिला के फकीरगंज में पुलिस ने जुआ के अड्डे का भंडाफोड़ किया है। दुकान के अंदर जुआ खेलते छह जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया है कि बीती रात में पुलिस टीम ने फकीरगंज थाना प्रभारी कुंदन रविदास के निर्देश पर छापा मारा और रबरसला बाजार में एक दुकान के घर के अंदर से छह जुआरियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जुआरियों में मकबूल खान (27), शरीफुल अली (24), जलील मोल्ला (35), जहांगीर आलम (29), माहेर अली (34) आदि शामिल हैं। पुलिस ने जुआरियों के पास से 16,540 रुपये, पांच मोबाइल फोन और दो बाइक जब्त करने में कामयाबी हासिल की। इस संबंध में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**मोरीगांव ( असम ) ( हिंस )।** मोरीगांव जिलांतर्गत मायंग के बोरदलनी इलाके में 12 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच में जुटी हुई है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को होली की शाम को मायंग के बोरदलनी में नाबालिग लड़की के साथ 21 साल के युवक ने दुष्कर्म किया। युवक की पहचान पदुम दास के रूप में की गयी है। आरोपी मौके से फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम को नाबालिग के चेहरे को कपड़े से ढंककर आरोपी उसे उसके घर के पास कलंग नदी के किनारे ले गया। लड़की के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे वहीं छोड़कर फरार हो गया। लड़की ने गुरुवार सुबह अपने माता-पिता को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने मायंग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित लड़की को चिकित्सा जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

নং:- চি.ডি.পি.৮/বিবিধ/২০২৩/৯

**জাননী**

ইয়াৰ দ্বাৰা চৰাইদেউ জিলাবাসী ৰাইজৰ জ্ঞাতাৰ্থে জনোৱা যায় যে অসম চৰকাৰে অহা ১৪ এপ্ৰিল, ২০২৩ তাৰিখে গুৱাহাটীত প্ৰায় ১১,০০০ (এঘাৰ হাজাৰ) নাচনী আৰু ঢুলীয়াৰে বিহু প্ৰদৰ্শন কৰি গীনিছ বিশ্ব অভিলেখ (Guinness Book of the World Record) ত নাম সন্নিবিষ্টৰ বাবে প্ৰয়াস কৰিছে। ইয়াৰ লগত সংগতি ৰাখি অহা ১১ মাৰ্চ, ২০২৩ তাৰিখ শনিবাৰে চৰাইদেউ জিলাৰ সদৰ সোণাৰিস্থিত সোণাৰি মহাবিদ্যালয়ৰ সন্মুখৰ ৰাজহুৱা খেলপথাৰত চৰাইদেউ জিলাৰ পৰা উক্ত কাৰ্যসূচীত অংশগ্ৰহণ কৰিবলগীয়া প্ৰায় ৪০০ (চাৰিশ) বিহু নাচনী আৰু ঢুলীয়া নিৰ্বাচন কৰাৰ বাবে এক বিহু শিবিৰ অনুষ্ঠিত কৰিবলৈ লোৱা হৈছে। সেয়েহে, চৰাইদেউ জিলাৰ ইচ্ছুক নাচনী আৰু ঢুলীয়াসকলক অহা ১১ মাৰ্চ, ২০২৩ তাৰিখে পুৱা ১০.০০ বজাত সোণাৰি ৰাজহুৱা খেলপথাৰত উপস্থিত থাকি বিহু শিবিৰত অংশগ্ৰহণ কৰিবলৈ চৰাইদেউ জিলা প্ৰশাসনৰ তৰফৰ পৰা আহ্বান জনোৱা হ'ল।

উপায়ুক্ত
চৰাইদেউ জিলা

*-- Janasanyog /D/23212/ 22*

# पृष्ठ एक का शेष

## *लाचित बरफुकन पर ...*

अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें 57 लाख प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, लेकिन केवल उन पर विचार किया गया जो हस्तलिखित थीं। गुणवत्ता ऑडिट और अन्य प्रक्रियाओं के बाद, निबंधों की अंतिम गणना 42,94,350 थी। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की समृद्ध और प्राचीन संस्कृति और विरासत को विश्व मंच पर ले जाने के लिए काम कर रही है। 25 से अधिक भाषाओं में की गई प्रविष्टियां पिछले साल अक्तूबर-नवंबर में एक पोर्टल में अपलोड की गई थीं, जिसे बरफुकन की 400वीं जयंती समारोह के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था। विश्व रिकॉर्ड के लिए केवल हस्तलिखित प्रविष्टियों पर विचार किया गया है। राज्य सरकार ने पिछले साल नवंबर में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ जयंती समारोह के समापन को चिह्नित किया था और इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाग लिया था।

## *थॉमस ए सांग्मा मेघालय...*

एलायंस (एमडीए) 2.0 सरकार का गठन हुआ था। एनपीपी के मुखिया कोनराड सांग्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे। सांग्मा की सरकार को 45 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। इनमें 26 नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी), 11 यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) और 11 अन्य विधायक हैं। जिनमें भाजपा, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ), के दो-दो विधायक हैं। दो निर्दलीय विधायकों ने भी सरकार को समर्थन दिया है। प्रोटेम स्पीकर टिमोथी डी शिरा ने चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाई। उन्होंने कहा कि चूंकि विधानसभा के कार्यालय द्वारा केवल एक नामांकन पत्र प्राप्त किया गया था, इसलिए मैं थॉमस ए सांग्मा को स्पीकर घोषित करता हूं। थॉमस के अध्यक्ष चुने जाने पर मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने खुशी जाहिर की। कहा कि उन्हें विश्वास है कि अध्यक्ष के रूप में वह सभी के साथ न्याय करेंगे। मेघालय विधानसभा चुनाव में कोनराड सांग्मा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। सूबे में विधानसभा की कुल 60 सीटें हैं। हालांकि, चुनाव 59 सीटों पर ही हुए हैं। एक सीट पर एक प्रत्याशी के निधन के चलते चुनाव रद्द हो गया था। चुनाव में एनपीपी ने 26 सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा के खाते में दो, यूडीपी को 11 सीटों पर जीत मिली है। इसके अलावा कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस को पांच-पांच सीटें मिली हैं। वाइस ऑफ द पीपल पार्टी के चार उम्मीदवार चुनाव जीते हैं। पीडीएफ, एचएसपीडीपी को दो-दो सीटों पर जीत मिली है। दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की है।

## *ग्रेटर टिपरालैंड की ...*

करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया, लेकिन आदिवासी कल्याण पर चर्चा होगी। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक के तुरंत बाद, टिपरा मोथा सुप्रीमो ने दावा किया कि केंद्र सरकार सुधारात्मक उपाय करने के लिए स्वदेशी लोगों की समस्याओं को देखने के लिए आधिकारिक रूप से एक वार्ताकार नियुक्त करेगी। वहीं मुख्यमंत्री ने दोहराया कि आदिवासी कल्याण भाजपा-आईपीएफटी सरकार के लिए एक प्राथमिकता वाला क्षेत्र होगा। साहा ने आगे साफ किया कि भाजपा-आईपीएफटी सरकार 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पेश किए गए विजन दस्तावेज पर काम करेगी। 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा न केवल त्रिपुरा, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 2019 के चुनावों में पार्टी की तुलना में हमें अगले आम चुनावों में अधिक सीटें मिलेंगी।

## *आरएसएस में होने ...*

संघ प्रमुख से 14 मार्च को खुल कर संवाद हो सकता है। इसी इंटरव्यू में भागवत ने कहा था कि जनसंख्या में बढ़ोतरी को जबरन नहीं रोका जा सकता है। भाजपा के कुछ सांसद जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग करते रहे हैं। संसद से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ने के वादे और इरादे हैं। बैठक के लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत पानीपत के समालखा पहुंच चुके हैं। प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के मुताबिक प्रतिनिधि सभा की बैठक में देश भर से करीब 1400 लोग बुलाए गए हैं। बैठक के पहले दिन आंबेकर की प्रेस कांफ्रेंस होगी। क्षेत्र प्रचारक, प्रांत प्रचारक समेत संघ के आनुषंगिक संगठनों के लोग भी शामिल होगे। आंबेकर के मुताबिक मीटिंग में अगले साल की कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा होगी। देश की मौजूदा हालात को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पास कराए जाने के संकेत मिले हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी चर्चा होगी। पिछले साल संघ प्रमुख मोहन भागवत दिल्ली के मदरसों में गए थे। उलेमाओं और मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मिले थे। कुछ उनकी सुनी और कुछ अपनी सुनाई थी। इसके बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पसमंदा मुसलमानों को भाजपा से जोड़ने की बात कही थी। भाजपा ने इसके बाद मुस्लिम प्रभाव वाले इलाकों में अपने नेताओं को भेजा। पसमंदा मुसलमानों का दिल जीतने की कोशिशें जारी है। संघ के इंद्रेश कुमार लगातार मुसलमानों से संवाद करते रहे हैं। संघ की बैठक में मुसलमानों को लेकर क्या कहा जाता है, ये बहस का मुद्दा हो सकती है। भाजपा के पास एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है। 12 सालों के बाद हरियाणा में आरएसएस की इस तरह की मीटिंग हो रही है। उत्तर पूर्वी राज्यों में संघ का विस्तार कैसे हो, इस पर भी विस्तार से चर्चा होगी। इस मीटिंग में बुलाए गए एक जम्मिदार पदाधिकारी ने बताया कि संघ के बड़े और जम्मिदार लोगों की रिपोर्ट कार्ड बनी है। सबकी समीक्षा होगी। संघ इन दिनों बदलाव के दौर से गुजर रहा है। स्वयंसेवकों के यूनिफॉर्म से लेकर तौर तरीके भी बदल रहे हैं। संघ में अब अखिल भारतीय परिषद से आए लोगों का प्रभाव बढ़ने लगा है। दत्तात्रेय होसबाले से लेकर सुनील आंबेकर तक एबीवीपी के हैं। देश और कई प्रदेशों में आरएसएस की सोच वाली भाजपा की सरकारें हैं। फिर भी समय समय पर अलग अलग मुद्दों पर भाजपा को संघ सावधान करती रही है। चार महीने पहले ही संघ में नंबर टू और आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने गरीबी और बेरोजगारी को लेकर चिंता जाहिर की थी। स्वदेशी जागरण मंच के कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि देश में 20 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी नेता के नीचे रहते हैं। लगभग 23 करोड़ लोगों की रोजाना आय बस 375 रुपए है। बेरोजगारी दर 6.7 फीसदी पर बहुत चिंताजनक है। देश में एक फीसदी आबादी के पास देश की 20 फीसदी संपत्ति है। जबकि 50 फीसदी के पास सिर्फ 13 फीसदी संपत्ति है। हमें इस आर्थिक समानता पर बात करनी चाहिए। संघ की इस बैठक में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कितनी बात होती है? इस पर भी सबकी नजर होगी।

## *त्रिपुरा : शाह के...*

है, तभी एक सफेद कार अचानक उनके काफिले के पास आ जाती है। पुलिस वालों ने उसे रोका, तो वह कुछ देर रुकी रहती है। इसके बाद अचानक कार शाह के काफिले के बीच में आ जाती है। पुलिसकर्मी पीछे दौड़ते हुए कार को रोकने की कोशिश करते हैं, लेकिन वह रुकी नहीं। इससे पहले सितंबर 2022 को महाराष्ट्र दौरे पर भी शाह की सुरक्षा में चूक हुई थी। शाह के मुंबई दौरे पर एक संदिग्ध उनके इर्द-गिर्द कई घंटों तक घूमता रहा था। जब अधिकारियों को शक हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने उसे 2-3 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। 2019 में शाह के गृह मंत्री बनने के बाद उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई थी। शाह को जेड प्लस सिक्योरिटी के साथ-साथ ब्रीफकेस बैलिस्टिक शील्ड का भी कवर दिया गया था। ये एक पोर्टेबल बुलेट प्रूफ शील्ड या पोर्टेबल फोल्ड आउट बैलिस्टिक शील्ड होती है, जिसे हमले के दौरान खोला जा सकता है। जेड प्लस सिक्योरिटी के तहत शाह के साथ 24 से 30 कमांडो हर वक्त होते हैं।

## *सिसोदिया को ईडी ...*

अपनी कस्टडी में ले लेंगे। फिर उनसे पूछताछ की जाएगी। जब तक कोर्ट की तरफ से अनुमति रहेगी, तब तक उनसे पूछताछ की जा सकती है। मनीष सिसोदिया को बेल लेना जितना आसान लग रहा था। ईडी की कार्रवाई के बाद ये सब इतना आसान नहीं रह जाएगा। मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर कल यानी 10 मार्च को सुनवाई होनी थी। वो 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में थे। ईडी ने उनसे लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कई ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब ईडी जानना चाह रही है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के सूत्र पहले से ही मनीष सिसोदिया को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बारे में पहले से ही इशारा कर रहे थे। आप की तरफ से कहा जा रहा था कि दो राउंड के सवाल-जवाब के बाद ईडी मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर सकती है।

## *ऑस्ट्रेलियाई पीएम विक्रांत...*

गया कि मैं प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर भारतीय डिजाइन और निर्मित आईएनएस विक्रांत पर आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरी यात्रा भारत-प्रशांत और उससे आगे ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण के केंद्र में भारत को रखने की मेरी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यहां मुझे भारत की नौसेना के प्रतिभाशाली और अत्यधिक पेशेवर पुरुषों और महिलाओं से मिलकर बहुत खुशी हुई। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने इस ऐतिहासिक दौरे का निमंत्रण देने और हमारी रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने में उनके समर्पण के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भारत के साथ रक्षा संबंध समय के साथ और मजबूत होंगे, जो रक्षा संबंधों को नए स्तरों तक ले जायेंगे। दोनों देशों के बीच सामरिक महत्व की साझेदारी बढ़ती जा रही है, क्योंकि हम एक साथ अपने क्षेत्र की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार है। हिंद महासागर दोनों देशों की सुरक्षा और समृद्धि का केंद्र है। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के इतिहास में कभी भी ऐसा कोई बिंदु नहीं आया, जब हमारे मजबूत सामरिक सम्बन्ध कमजोर हुए हों। हम दोनों अपने व्यापार और आर्थिक भलाई के लिए इंडो-पैसिफिक में समुद्री लेन तक मुक्त और खुली पहुंच पर निर्भर हैं। हम नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाए रखने और इंडो-पैसिफिक को खुला, समावेशी और समृद्ध सुनिश्चित करने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता साझा करते हैं। पिछले साल हमने पहले से कहीं अधिक अभ्यास, संचालन और संवाद किए। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि दोनों देशों के बढ़ते संबंधों के रूप में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार एक-दूसरे के क्षेत्रों में समुद्री गश्ती विमान तैनात किए। नवंबर में हमने इंडो-पैसिफिक एंडेवर और एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद में तेजी से जटिल और परिष्कृत अभ्यास किए। मालाबार अभ्यास के जरिये हमने भारत के साथ अपने करीबी सहयोगियों जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपनी सैन्य सक्रियता मजबूत की है। मेरा अनुमान है कि 2023 हमारे रक्षा सहयोग के लिए पहले से कहीं अधिक व्यस्त होगा। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रांत पर औपचारिक रूप से घोषणा करते हुए मुझे खुशी हो रही है कि इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया पहली बार मालाबार अभ्यास की मेजबानी करेगा और भारत भी पहली बार ऑस्ट्रेलिया के तावीजमैन सेबर अभ्यास में भाग लेगा।

## *ऑस्ट्रेलिया और भारत ...*

के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान स्टिव स्मिथ ने स्पेशल कैप प्रदान की। इसके बाद दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने ट्वीट कर लिखा कि हमने भारतीय प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी के साथ अहमदाबाद में क्रिकेट के जरिए दोस्ती के साथ 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया में एक समान जुनून है। भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के कई हिस्सों के साक्षी बनने के लिए मेरे मित्र पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ अहमदाबाद आकर आनंद हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि यह एक रोमांचक मैच होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के स्टेडियम पहुंचने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह और बीसीसीआई के प्रमुख रोजर बिन्नी ने दोनों प्रधानमंत्रियों का स्वागत किया। प्रधानमंत्रियों ने गायिका फाल्गुनी शाह की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम यूनिटी ऑफ सिम्फ को भी देखा। दोनों क्रिकेट टीम के कप्तानों के बीच टॉस हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज वॉकथ्रू के लिए फ्रेंडशिप हॉल ऑफ फेम की ओर रवाना हुए। यहां भारतीय टीम के पूर्व कोच व खिलाड़ी रवि शास्त्री ने दोनों देश के प्रधानमंत्रियों को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच समृद्ध क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानकारी दी। बाद में दोनों देश के प्रधानमंत्री और खिलाड़ी खेल मैदान पहुंचे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगीत के बाद प्रधानमंत्रियों का टीम के खिलाड़ियों से परिचय कराया गया। बाद में सभी प्रेसिडेंट बॉक्स में क्रिकेट मैच देखने गए। दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने यहां सेल्फी ली।

## *उपराष्ट्रपति के निजी ...*

चौधरी को समितियों में नियुक्त किया गया है। मंगलवार को इसका आदेश जारी किया गया। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट किया कि यह पूरी तरह से अवैध और उपराष्ट्रपति की ओर से अधिकारों का दुरुपयोग है। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि ऐसा कभी नहीं हुआ है और इस फैसले को लेकर दिया गया स्पष्टीकरण भी अनुचित है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह राज्यसभा के चेयरमैन का अपने सचिवालय के मौजूदा स्टाफ में भरोसे की कमी को नहीं दर्शाता है? कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि उप-सभापति की तरह वह सदन के सदस्य नहीं है। ऐसे में उपराष्ट्रपति संसदीय समितियों में अपने पर्सनल स्टाफ को कैसे नियुक्त कर सकते हैं?

## *सतीश कौशिक पंचतत्व ...*

को देखते हुए दिल्ली के दीनदयाल अस्पताल में उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई गई। कुछ देर पहले उनकी पार्थिव देह मुंबई स्थित उनके घर लाई गई थी। जहां से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई थी। वर्सोवा के श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार हो चुका है। सतीश कौशिक के भतीजे निशांत कौशिक ने बताया था कि उनका निधन हार्ट अटैक से हुआ। दिल्ली में फैमिली फंक्शन में शामिल होने के बाद रात में उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। परिवार उन्हें अस्पताल ले गया था, जहां उन्हें डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए बॉलीवुड सेलेब्स उनके घर पहुंचे। जावेद अख्तर, अनुपम खेर, राज बब्बर, रणबीर कपूर, फरहान अख्तर, अभिषेक बच्चन, ईला अरूण सहित कई सेलेब्स सतीश कौशिक की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सतीश कौशिक के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि प्रख्यात फिल्म हस्ती सतीश कौशिक के आसमयिक निधन से दुखी हूं, वह एक रचनात्मक प्रतिभा थे, जिन्होंने अपने अद्भुत निर्देशन की बदौलत सभी का दिल जीता। उधर जेपी नड्डा ने भी दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय सिनेमा के एक सच्चे प्रतीक थे और उन्हें उनकी असाधारण प्रतिभा और उद्योग में योगदान के लिए याद किया जाएगा। उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

## *सोनोवाल ने ...*

हो रहे भीषण तट कटाव से शहरी सुरक्षा बांध और डिब्रूगढ़ शहर के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इसको लेकर राज्य सरकार के संबंधित विभागों के अधिकारी तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र का दौरा कर आवश्यक कदम उठाने में जुटे हैं।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**सुख व शान्ति संसार में, विचरत सन्त स्वभाव।**
**दया भला मय जीव का, महिमा भजन प्रभाव॥ 13॥**

**शब्दार्थ :** (विचरत) भ्रमण (महिमा) गौरव (प्रभाव) तेज।

**भाष्य :** विरक्त संत अपने भजन के प्रभाव से संत स्वभाव से जगत में भ्रमण कर सबको सुख-शांति प्रदान करते हैं और सब जीवों पर दया करके ज्ञान और सदुपदेश से उपकार करते हैं। यह विरक्त संत की महिमा है।

**शत्रु मित्र नहिं जगत में, सब को एक समान।**
**भजन विवेक विचार में, सब से रहें अमान॥ 14॥**

**शब्दार्थ :** (अमान) किसी के वश में नहीं, स्वतंत्र, निर्भय मान रहित।

**भाष्य :** विरक्त संत भजन, विवेक में निमग्न हो स्वतंत्र, निर्भय हो कर जगत में विचरण करते हैं। संसार में उनका कोई शत्रु और कोई मित्र नहीं है। वे प्राणीमात्र को एक समान देखते हैं।



## एलजीबीआई एयरपोर्ट स्थित साप्ताहिक सुरक्षा समारोह आयोजित



**गुवाहाटी।** लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के हवाईअड्डा संचालक ने गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर *कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस* के उपलक्ष्य में संगठन के भीतर एक ज्ञान साझा करने का सत्र आयोजित करके और काम के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाकर यह दिन मनाया। कर्मचारियों के साथ-साथ हवाई अड्डे के हितधारकों के साथ। जागरूकता सत्र में मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी श्री उत्पल बरुवा ने काम करते समय सुरक्षा और स्वास्थ्य के समान महत्व के बारे में बताया। उन्होंने अपने विशाल ज्ञान के साथ एक मूल्यवान भाषण दिया है। इस संदर्भ में एयरलाइंस, एटीसी, सीएनएफ सेफ्टी, सीआईएसएफ और जीआईएएल के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी परिचारक को संबोधित किया कि किसी संगठन में काम करते समय सुरक्षा और स्वास्थ्य पर कैसे ध्यान दिया जाए।

# विधानसभा का बजट सत्र आज से

## सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**गुवाहाटी ( हिंस )।** सत्तारूढ़ दल और विपक्षी दल शुक्रवार से राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने वाले असम विधानसभा के बजट सत्र के लिए कमर कस रहे हैं। सत्तापक्ष और विपक्षी खेमा अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों द्वारा बाधाएं खड़ी किए जाने की आशंका है। विपक्ष सत्तारूढ़ दल को घेरने के लिए एकजुट हो रहा है। असम विधानसभा के बजट सत्र का माहौल राज्य के विभिन्न हिस्सों में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गर्म होने की आशंका है। बजट आगामी 16 मार्च को विधानसभा में पेश किया जाएगा। दस मार्च से आरंभ होने वाले विधान सभा की कार्यवाही के पहले दिन सबसे पहले देश और राज्य की दिवंगत महान हस्तियों की श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिर राज्यपाल का अभिभाषण शुरू होगा। इस अवसर पर राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव भी आएगा। विधानसभा अध्यक्ष बजट सत्र 2023 के लिए कार्य मंत्रणा समिति की रिपोर्ट सौंपेंगे। विभिन्न विधानसभा समितियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, सदस्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव विभिन्न बोर्डों, समितियों में प्रस्तुत किए जाएंगे। विधानसभा सत्र के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न विधेयकों का उल्लेख किया जाएगा और 2022-23 के लिए विभिन्न अनुपूरक अनुदानों की सूची विधानसभा को प्रस्तुत की जाएगी।

## पूसीरे ने माल अनलोडिंग में की स्थायी वृद्धि

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने माल ढुलाई में फिर प्रगति दर्ज की है। वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान 13,328 माल ढुलाई रेक अनलोड किए गए। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.41 प्रतिशत अधिक है। फरवरी, 2023 के दौरान 1148 माल ढुलाई रेक अनलोड किए गए। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने गुरुवार को एक बयान में बताया है कि पूसीरे ने महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, ऑटो, टैंक, कंटेनर और अन्य वस्तुओं का परिवहन किया और इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेडों में अनलोड किया। फरवरी, 2023 के दौरान, असम में मालगाड़ियों के 664 रेक उतारे गए थे, जिनमें से 310 आवश्यक वस्तुओं से लदे हुए थे। उक्त महीने के दौरान त्रिपुरा में 86 रेक, नगालैंड में 15 रेक, मणिपुर में 7 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 6 रेक, मिजोरम में 7 रेक और मेघालय में 1 रेक अनलोड किए गए। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल में 188 माल ढुलाई रेक और बिहार में 174 माल ढुलाई रेक भी पूसीरे के अधिकार क्षेत्र के भीतर महीने के दौरान उतारे गए थे। पूर्वोत्तर सीमा रेल के महत्वपूर्ण खंडों पर दोहरीकरण कार्यों के त्वरित निष्पादन से माल ढुलाई के अंदर और बाहर की आवाजाही में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप माल ढुलाई में वृद्धि के अलावा आवश्यक और अन्य वस्तुओं की आवाजाही में वृद्धि हुई है।



## दौल यात्रा महोत्सव के चौथे दिन बटद्रवा थान में तीर्थ यात्रियों की उमड़ी भीड़

**नगांव ( असम ) ( हिंस )।** नगांव जिला के बटद्रवा स्थित महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव के जन्म स्थान बटद्रवा थान (मंदिर) में होली के अवसर पर आयोजित दौल यात्रा महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धार्मिक परंपरा को जीवित रखते हुए गत 6 मार्च से आयोजित श्रीश्री दौल यात्रा महोत्सव के चौथे दिन भी बटद्रवा थान में तीर्थयात्री, श्रद्धालु और वैष्णव भक्त बड़ी संख्या में जुटे हुए हैं। सुबह से ही भक्तों को बटद्रवा थान में गुरुजन (श्रीमंत शंकरदेव) की स्मृति से जुड़े कीर्तन घर, पदशिला, दौल मंदिर में भक्तों को धूप, दीप, प्रसाद चढ़ाते और पूजा-अर्चना करते देखा जा रहा है। बटद्रवा का दौल महोत्सव शुक्रवार को समाप्त हो रहा है। दौल यात्रा की राज्य में काफी महत्ता है। यहां पर पूरे राज्य से श्रद्धालु हर वर्ष बड़ी संख्या में जुटते हैं।

## राष्ट्र सेविका समिति की वरिष्ठ कार्यकर्ता रमा देवी का निधन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम में वर्ष 1978 में राष्ट्र सेविका समिति की वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा आठगांव स्थित रानी सती मंदिर की प्रतिष्ठा करने वाली वरिष्ठ समाज सेविका रमा देवी जालान का गुरुवार को 75 वर्ष की आयु में निज निवास स्थान पर निधन हो गया। रमा देवी जालान लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय मोती लाल जालान की धर्मपत्नी थीं। उनके बड़े पुत्र पंकज जालान, मारवाड़ी युवा मंच तथा आरएसएस से जुड़े रहे हैं। उनके छोटे पुत्र नीरज भी आरएसएस के पदाधिकारी हैं। दिवंगत रमा जालान ने अपने संपूर्ण परिवार को सेवा का संस्कार दिया है। उनके दिवंगत होने से परिवार सहित संपूर्ण समाज में शोक की लहर है। रमा देवी जालान राष्ट्र सेविका समिति की वरिष्ठ पदाधिकारी थीं तथा रानी सती देवी के पूजन अर्चना में अपना समय समर्पित करती थीं।

## पिछली सरकारों के सामाजिक समर्थन से ही असम में जेहादियों ने जमाई जड़ें : भाजपा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** भाजपा प्रवक्ता रंजीत कुमार शर्मा ने कहा कि असम में जिहादी गतिविधियां कुछ राजनीतिक दलों के सामाजिक समर्थन और संरक्षण के कारण ही जड़ें जमाने में सक्षम रही हैं। असम में पिछली सदी के सत्तर के दशक से जिहादी काम चल रहा है। पिछली कांग्रेस सरकारों की आंख मूंदकर चलाई गयी नीति के कारण ही राष्ट्र विरोधी शक्तियां खुद को मजबूत करने में सक्षम हुई, लेकिन केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी सरकार के गठन के बाद से आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। भाजपा प्रवक्ता रंजीत कुमार शर्मा यहां गुरुवार को गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय मुख्यालय *अटल बिहारी वाजपेयी* भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि ऐसी ही नीति के आधार पर असम पुलिस ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की प्रेरणा से मजबूत जिहाद विरोधी अभियान जारी रखा है। नतीजतन, पुलिस मध्य असम के नगांव और मोरीगांव जिलों में अंतर-राज्यीय आतंकवादियों के एक बड़े नेटवर्क का पता लगाने में सक्षम हुई है। भाजपा सरकार में राष्ट्र विरोधी ताकतों को किसी भी तरह का काम करने की अनुमति नहीं है। पुलिस की मौजूदा कार्रवाई इसका स्पष्ट सबूत है। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकारों की तुष्टिकरण की नीतियों के कारण असम में जिहादी गतिविधियां जड़ें जमा पाई हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जिहाद विरोधी अभियान की सफलता पुलिस की सक्रियता को साबित करती है। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश मीडिया संयोजक देवान ध्रुवज्योति मोरल भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि असम पुलिस ने 7 मार्च की रात से नगांव और मोरीगांव जिलों में स्थित जेहादी ठिकानों को जड़ से उखाड़ फेंकने का अभियान चलाया। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियान के दौरान 136 सक्रिय सिम कार्ड, 18 मोबाइल हैंडसेट और पाकिस्तान से संबंधित कई दस्तावेज भी बरामद किए गये। भाजपा प्रवक्ता शर्मा ने असम जातीय वीर सेनापति लाचित बोरफुकन पर निबंध प्रतियोगिता के आयोजन को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि बुधवार को राज्य सरकार ने जनता भवन में आयोजित एक समारोह में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारियों से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र स्वीकार किया। दरअसल, लाचित बोरफुकन की 400वीं जयंती पर सरकारी पहल पर प्रदेश में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। लाचित बोरफुकन से संबंधित इस निबंध प्रतियोगिता में राज्य के 42 लाख लोगों ने भाग लिया। एक निबंध प्रतियोगिता में इतनी बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने को ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।



## पूप्र खांडल विप्र विश्व परिषद का होली मिलन समारोह 12 को

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर प्रदेशीय खांडल विप्र विश्व परिषद का होली मिलन समारोह स 12 मार्च रविवार की शाम 4 बजे से (ब्राह्मण भवन) परशुराम सेवा सदन, छत्रीबाड़ी, गुवाहाटी में रखा गया है। इस मौके पर समस्त काण्डल समाज से अनुरोध है कि सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं एवं समाज में आपी पहचान एवं भाईचारा को मजबूत बनाने में सहयोग करें। इस आशय की जानकारी परिषद के वरिष्ठ सदस्य शिव भगवान शर्मा ने दी।

## रंगिया : अभामामस का विशेष सम्मान समारोह आयोजित

**रंगिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, रंगिया शाखा द्वारा आज एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शाखा सदस्याओं ने रंगिया महकमा सिविल अस्पताल प्रांगण में यह कार्यक्रम आयोजित किया। अस्पताल के उप-अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार वैश्य के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा की ओर से डॉ. पिकुली हजारिका, अमूल्य वैश्य और अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक एवं नर्सों सहित सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार और मिठाई भेंट की। इस मौके पर शाखा सदस्याओं ने स्वास्थ्य रक्षा में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञता जताई। उल्लेखनीय है कि महिला दिवस के दिन यानी बुधवार को होली होने के कारण शाखा द्वारा यह सम्मान कार्यक्रम गुरुवार को आयोजन किया गया।



## ग्वालपाड़ा जिले के बील का मंत्री अशोक सिंघल ने किया दौरा

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** असम सरकार के मंत्री अशोक सिंघल ने आज (गुरुवार) ग्वालपाड़ा पहुंचकर ऐतिहासिक उरपद बील (झील) और ग्वालपाड़ा शहर से सटे हसीला बील का हेलीकाप्टर के जरिए हवाई जायजा लिया। बाद में मीडिया के सामने ही मंत्री सिंघल के बालीजाना राजस्व चक्र अधिकारी पर नाराजगी जाहिर की। मंत्री ने सरकारी जमीन छोड़कर बील की जमीन पर सड़क निर्माण को लेकर भी राजस्व चक्र अधिकारी से कारण नाराजगी भरे लहजे में पूछताछ की। राजस्व चक्र अधिकारी अमरज्योति नाथ से मंत्री ने जोर देकर पूछा कि क्या कारण है कि उरपद बील की जमीन पर छोड़कर सड़क क्यों बनाई गई। उन्होंने मीडिया से कहा कि अगर बील की जमीन पर कब्जा किया गया है तो उसे जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। दूसरी ओर, ग्वालपाड़ा के पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एके राशिद आलम ने मंत्री अशोक सिंघल को बेदखली प्रभारी मंत्री और व्यापारी मंत्री करार दिया।



## मैट्रिक परीक्षा में कथित लापरवाही के चलते तीन शिक्षक ड्यूटी से मुक्त

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिला सिपाझार में मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में कथित लापरवाही के लिए तीन शिक्षकों को ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया। सूत्रों ने गुरुवार को बताया है कि सिपाझार के बहगाड़ा गणेशकुंवरी आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित मैट्रिक परीक्षा केंद्र के प्रभारी तीन शिक्षक रिंकी बर्मन, अब्दुल मलिक और अब्दुल चौहान को लापरवाही के चलते ड्यूटी से मुक्त कर दिया गया। शिकायत के आधार पर सिपाझार के कार्यपालक दंडाधिकारी और राजस्व क्षेत्राधिकारी ने तीनों शिक्षकों को शेष परीक्षाओं की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया।

## महिला पुलिसकर्मियों को अभामामस मध्य गुवाहाटी ने किया सम्मानित

**गुवाहाटी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस) मध्य गुवाहाटी शाखा की ओर से आम जनता की सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहने वाली महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष रितु अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्याओ ने पान बाजार महिला पुलिस थाने में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने क्राइम ब्रांच की अतिरिक्त डीसीपी सुकन्या दास को फूलाम गमछा व उपहार भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान वहां मौजूद एसीपी फुलकन नरजरी एवं थाना प्रभारी ट्विंकल गोस्वामी सहित कई महिला अधिकारी को भी फुलाम गमछा पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान शाखा सदस्याओ ने महिला पुलिस अधिकारियों को अबीर और गुलाल से टीका लगाया और उनका मुंह मीठा भी करवाया। नार्थ ईस्ट इंडिया डाटा मैनेजमेंट के निदेशक कन्हैया जयसवाल, वीएलसीसी भरलुमुख की ओर से श्रीमती मिताली सुराणा सहित बड़ी संख्या में शाखा सदस्याए मौजूद थी। महिला दिवस के मौके पर सम्मान पाकर सभी अधिकारी व महिला पुलिसकर्मियों ने शाखा के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सीआरपीएफ की 152वें बटालियन ने धूमधाम से मनाया फागोत्सव

**ग्वालपाड़ा।** जिला गोलपाड़ा में स्थित 152 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा होली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रात्रि में मुख्यालय में होलिका दहन किया गया और सभी अधिकारियों एवं जवानों ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की साथ ही मुख्यालय प्रांगण में सभी जवानों एवं परिवार के सदस्यों ने श्री देव शंकर मिश्र, कमांडेंट-152 बटा के साथ मिलकर रंग एवं गुलाल से होली खेली गई। होली का त्योहार सम्पूर्ण देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है एवं लोग आपस में वैर भाव भूलाकर खुशियां बांटते हैं। बल के सभी जवान भिन्न भिन्न राज्यों एवं धर्मों से संबंध रखते हैं और अपने परिवार से दूर रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं, ऐसे मौकों पर जवान अपने बल के सदस्यों को परिवार के समान मानते हुए एक दूसरे के प्रति प्रेम भाव बनाए रखते हैं। होली के उपलक्ष्य में अन्य सैनिक मैस में बड़े खाने का आयोजन किया गया एवं सभी जवान उत्सुक थे। इस अवसर पर श्री मिश्र के अतिरिक्त राकेश रंजन तिवारी, श्री वी नारायणन, अधीनस्थ अधिकारी, परिवार के सदस्य एवं जवान उपस्थित थे।

## लायंस उमंग का रंगोत्सव संपन्न




**गुवाहाटी।** महिलाओं की अग्रणी संस्थाओं में से एक लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग की ओर से रंगोत्सव का नामक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी आरुषि सोनी गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष सीमा सोनी के नेतृत्व में खारघुली स्थित ग्लास हाउस परिसर में रंगोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में लायंस जिला 322 जी के जिलापाल बीएस राठौड़, लेखा राठौड़, जिलापाल (प्रथम) सीमा गोयनका, वरिष्ठ लायंस सदस्य रतन गोयनका, कैलाश लोहिया, सुनीता लोहिया, किशोर साबू, लायंस गुवाहाटी के सचिव अजय पोद्दार, गोकुल सोनी, अजय जैन, मनोज भजनका, अनिल थर्ड,राजेश अग्रवाल एवम सभी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को काफी रोमांचक बना दिया। कार्यक्रम संयोजिका काजल थर्ड, रेनू जैन, निभा सराफ की देखरेख में रंगोत्सव का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित सभी अतिथियों एवं सदस्यों ने जमकर मनोरंजन किया। जनसंपर्क अधिकारी आरुषि सोनी गर्ग ने बताया कि ने बताया कि रंगोत्सव को सफल बनाने में क्लब की सचिव कंचन पोद्दार व कोषाध्यक्ष कुसुम जैन सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

**TENDER NOTICE**

Sealed tender affixing non refundable Court Fee Stamp of Rs. 8.25/- (Rupees eight and twenty five paise) only are invited from the intending Suppliers /Contractors for **Supply of Miscellaneous articles, Building Materials, Electrical Goods, Timber and Stationery articles** to this unit for the financial year, **2023-24.** The quotations will be received by the undersigned at 4 AP Battalion, Kahilipara, Guwahati- 19 up to 13:00 Hrs. on **28-03-2023** and will be open on the same day at 15:00 Hrs. in presence of the Tenderer or their representatives.

**Terms and conditions :-**

1. The tenderer must be supported together with earnest money each of Tenders of Rs. 5,000/-(Rupees five thousand) only in the form of KVP/NSC/FDR etc. duly pledged in favour of undersigned without which tender will not to be considered.
2. The tenderer will have to furnish up to date GST registration certificate, Firm registration certificate from Assam Police HQ (Group-A), PAN Card, Trade License, Labour License and without which tender will not be accepted. All documents submitted by the tenderer should be self attested.
3. Tenderer must quote their rates neatly written/typed in both figures and words inclusive of GST and transportation charge, destination being 4th AP Battalion, Kahilipara, Guwahati-19. The proper rates for individual items should be compared with prevailing local market rates.
4. The words "Tender for supply of Miscellaneous articles, Building materials, Electrical Goods, Timber and Stationery articles" must be written on the sealed envelope. Payment will be made on availability of fund and no extra charge will be entertained for any late payment.
5. The successful tenderer will have to deposit security money of Rs. 5,000/-(Rupees five thousand) only which will be released on completion of supply of the items/ articles.
6. The selected tenderer will have to supply the intending articles within 3 (three) days on receipt of the supply order. The supplier will have to replace the rejected articles immediately at their own cost.
7. The undersigned is not bound to accept the lowest rates in the tenders and reserves the right to accept or cancel any or all the tenders without assigning any reason thereof.
8. The detail list of articles/items are enclosed herewith. In case of holiday on the receiving day, the tender/quotation will be received on the next working day and the terms and condition will remain same.
9. The intending Tenders may obtain detailed Tender Papers on payment of Rs. 200/-(Rupees two hundred) only in the form Indian Postal Order pledged in favour of the undersigned. The Tender papers will be issued during the office hours up to 27-03-2023.

Enclo : **Annexure-'A,' 'B', 'C' 'D' & 'E'** (List of articles).

Commandant,
4th AP Bn., Kahilipara,
Guwahati-19

***-- Janasanyog /C/22240/22***

# चार माह तक आईओआर में चला नौसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'ट्रॉपेक्स'

- अभ्यासों में सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही
- नौसेना के 70 जहाजों, छह पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों ने भाग लिया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** हिन्द महासागर क्षेत्र में चार माह तक चला भारतीय नौसेना का प्रमुख ऑपरेशनल अभ्यास 'ट्रॉपेक्स' इस सप्ताह अरब सागर में सम्पन्न हो गया। समग्र अभ्यास में तटीय रक्षा अभ्यास सी-विजिल और जमीन व जल में अभ्यास एम्फेक्स शामिल थे। इन अभ्यासों में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल की महत्वपूर्ण भागीदारी भी रही। यह सैन्याभ्यास पिछले साल नवंबर में चार महीने की अवधि के लिए आईओआर में शुरू हुआ था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में इस अभ्यास के लिए संचालन का क्षेत्र उत्तर से दक्षिण तक 4300 समुद्री मील तक और पश्चिम में फारस की खाड़ी से 35 डिग्री दक्षिणी अक्षांश पूर्व में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया तट तक लगभग 5000 समुद्री मील में फैला हुआ था। यह पूरा इलाका 21 मिलियन वर्ग समुद्री मील से अधिक के क्षेत्र में फैला हुआ था। ट्रॉपेक्स-23 में भारतीय नौसेना के लगभग 70 जहाजों, छह पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों ने भाग लिया। ट्रॉपेक्स 23 के अंतिम पड़ाव में भारतीय नौसेना का प्रमुख ऑपरेशनल अभ्यास हुआ। नवंबर, 2022 में शुरू हुए अभ्यास के अंतिम संयुक्त चरण के हिस्से के रूप में रक्षा मंत्री ने छह मार्च को स्वदेशी विमान वाहक विक्रांत पर समुद्र में एक दिन बिताया। उन्होंने भारतीय नौसेना की परिचालन तैयारियों और साजो-सामान की समीक्षा की, जिसमें नौसेना ने स्वदेशी एलसीए के डेक संचालन और प्रत्यक्ष हथियार फायरिंग सहित परिचालन कौशल और लड़ाकू अभियानों के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया। बेड़े को संबोधित करते हुए उन्होंने भारतीय नौसेना की परिचालन तैयारियों की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि देश को नौसेना पर पूरा भरोसा है कि वह दुश्मनों की आर्थिक जीवन-रेखा और सैन्य क्षमताएं बाधित करके उसकी युद्ध क्षमता को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय नौसेना समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में पूरी तरह से सक्षम है और भारत के शांतिपूर्ण अस्तित्व को खतरे में डालने वाले किसी भी संभावित दुश्मन के गलत इरादों को विफल कर देगी। रक्षा मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल में सबसे आगे रहने और युद्ध तत्परता, विश्वसनीयता, सामंजस्यपूर्ण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में भारतीय नौसेना की भूमिका को सराहा।

# नगालैंड में भाजपा गठबंधन सरकार को एनसीपी के समर्थन से नाराज



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नगालैंड में एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन सरकार को समर्थन देने के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की आलोचना की है। नगालैंड में नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी)-भाजपा गठबंधन सरकार को समर्थन देने के लिए एनसीपी पर निशाना साधते हुए कहा, अगर शरद 'शादाब' होते, तो उन्हें 'बी टीम' कहा जाता और सेक्युलरों के लिए क्रूरता होती। उन्होंने कहा, "मैंने कभी भी भाजपा सरकार का समर्थन नहीं किया और न कभी करूंगा। उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है जब एनसीपी ने भाजपा को समर्थन दिया है। यह लंबे समय तक नहीं चल सकता। उत्तर-पूर्व के एनसीपी प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने हाल ही में कहा कि मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नेतृत्व वाली सरकार को समर्थन देना 'नगालैंड राज्य के व्यापक हित में' है। नगालैंड एनसीपी के प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने भी कहा कि पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने अन्य राजनीतिक दलों के साथ मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के समर्थन को मंजूरी दी है। वर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार की निंदा की है। हाल ही में संपन्न 60 सीटों वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन ने 37 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया था। नतीजतन, एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन अकेले किसी अन्य पार्टी के समर्थन के बिना सरकार बनाने में सक्षम था। नगालैंड विधानसभा में मुख्य गठबंधन सहयोगी एनडीपीपी 25, भाजपा 12, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) 6, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 5, नागा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) 2, निर्दलीय 4, जनता दल (यूनाइटेड) 1, लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) ने 2 और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) ने 2 सीटों पर जीत हासिल की है।

# ऊर्जा मंत्री का कंपनियों को निर्देश-गर्मियों में न हो बिजली की कटौती

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम में बिजली की रिकॉर्ड मांग के मद्देनजर केंद्र सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है, ताकि गर्मियों में बिजली की कटौती न हो। ऊर्जा मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सात मार्च को आगामी गर्मी के महीनों के दौरान बिजली की स्थिति की समीक्षा की है। विद्युत, कोयला और रेलवे मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के सा उन्होंने बिजली क्षेत्र की कंपनियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई लोड-शेडिंग न हो। ऊर्जा मंत्री ने आने वाले मौसम में बिजली की अधिक मांग को पूरा करने समेत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। सिंह ने बिजली कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा कि गर्मियों के मौसम में बिजली कटौती नहीं की जाए। सिंह ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोयले के आवंटन के लिए निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था बनाने को भी कहा। समीक्षा बैठक के दौरान रेल मंत्रालय ने कोयले के परिवहन के लिए पर्याप्त रैक की उपलब्धता मुहैया कराने का आश्वासन दिया। सीईए का अनुमान है कि इस वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग अप्रैल में 229 गीगावॉट रह सकती है।


# एडिनो संक्रमण को लेकर शुभेंदु ने की विधानसभा में सरकार के बयान की मांग



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में बच्चों की मौत का पर्याय बन चुके एडिनो वायरस संक्रमण की वास्तविक स्थिति को लेकर भाजपा ने राज्य विधानसभा में सरकार से बयान की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ विधायक शुभेंदु अधिकारी ने इसे लेकर संबोधन करते हुए अध्यक्ष विमान बनर्जी से इस बात का अनुरोध किया कि राज्य सरकार राज्य में एडिनो वायरस संक्रमण को लेकर जानकारी दे। राज्य भर में डर का माहौल है। इसके जवाब में राज्य के स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुद ही इस मामले में बयान दिया है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष सदन में मौजूद नहीं थे। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन में हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। वे राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। भाजपा विधायकों का कहना था कि ममता बनर्जी वास्तविक आंकड़ा नहीं बता रही हैं। वह केवल बयान दे रहीं लेकिन महामारी का संक्रमण और मौत रोकने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। लगातार बच्चों की मौत हो रही है। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष विमान बनर्जी ने सदन की कार्यवाही मुल्तवी करने की घोषणा की। इसके बाद बाहर निकले भाजपा विधायकों ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। बाद में शुभेंदु अधिकारी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बच्चों की मौत दर्दनाक है। सरकार की इस बारे में कोई संवेदना नहीं है। यहां तक कि मंत्री का बयान भी संवेदनशील नहीं है। मुख्यमंत्री केवल राजनीति करने में लगी हुई हैं लेकिन बच्चों की मौत से डरे सहमें राज्यवासियों की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# होली के दिन पुलिस का एक्शन, 7643 किये चालान

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** होली के त्यौहार पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने होली पर विशेष अभियान चलाया। ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक जमकर लोगों के चालान काटे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर 2033 ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के विशेष चेकिंग दल तैनात किए गए थे। दिल्ली यातायात पुलिस, पीसीआर और संबंधित थानों की स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जांच की गई। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा कुल 7643 चालान किए गए। जिसमें शराब पीकर गाड़ी चलाने के लिए 559 चालान, दोपहिया पर ट्रिपल राइडिंग के लिए 698, हेलमेट का उपयोग किए बिना सवार/पीछे बैठने वाले सवार के लिए 3410, सीट बेल्ट के बिना ड्राइविंग के लिए 312, टिंटेडग्लास के लिए 215 और अन्य मामलों में 2449 चालान शामिल हैं। विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति और सख्त यातायात प्रवर्तन के कारण होली के दिन दिल्ली में अब तक होने वाली गंभीर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। इस बार होली के दिन केवल पांच दुर्घटना की सूचना मिली है। यह वर्ष 2020 में होली के दिन हुई 09 गंभीर दुर्घटनाओं, 2021 में कुल 05 गंभीर दुर्घटनाओं और वर्ष 2022 में कुल 09 गंभीर दुर्घटनाओं से कम है।

# शिमला नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, बुलाई बैठक




**शिमला, (हि.स.)।** कांग्रेस ने शिमला नगर निगम चुनाव के लिये तैयारियां शुरू कर दी हैं। अप्रैल माह में प्रस्तावित नगर निगम चुनाव की रणनीति बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने 10 मार्च (शुक्रवार) को पार्टी मुख्यालय राजीव भवन में पार्टी नेताओं की बैठक बुलाई है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश मामलों के सह प्रभारी तजेंद्र पाल बिट्टू भी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अमित पाल सिंह ने गुरूवार को बताया कि प्रतिभा सिंह व तजेंद्र पाल सिंह बिट्टू नगर निगम चुनाव को लेकर अहम बैठक करेंगे। दोनों नेता शिमला नगर निगम के अंतर्गत आने वाले कांग्रेस नेताओं, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व पार्षद व पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्यशियों बारे फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शिमला नगर निगम चुनावों में पार्टी की जीत के लिए कोई कोर कसर बाकी नही रखेगी। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार विमर्श करने के बाद कांग्रेस अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देगी। गौर हो कि भाजपा शासित शिमला नगर निगम का कार्यकाल जून 2022 को खत्म हो चुका है। मौजूदा समय में नगर निगम प्रशासक के हवाले है। निर्वाचन विभाग द्वारा नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूचियों के अपडेटेशन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिमला नगर निगम के 34 वार्डों में चुनाव होंगे। पूर्व भाजपा सरकार ने नगर निगम के वार्डों की संख्या 34 से बढाकर 41 करने की अधिसूचना जारी की थी। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार ने पिछली सरकार के इस फैसले को पलटते हुए नगर निगम के वार्ड पहले की तरह 34 कर दिए हैं।

# सिसोदिया को रास्ते से हटाने की हो रही साजिश : भाजपा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आबकारी घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद मनीष सिसोदिया को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बड़ा आरोप लगाया है। तिवारी ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया को अपने रास्ते से हटाने के लिए साजिश रच रहे हैं। तिवारी ने कहा कि दिल्ली के शराब मंत्री, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद, भ्रष्टाचारियों में दहशत दिख रही है, जो पहले अन्य भ्रष्टाचारियों के लिए बोलते थे, आज अरविंद केजरीवाल आज उनको गले लगा रहे हैं। तिवारी ने आगे कहा कि नौ विपक्षी नेताओं ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद पत्र लिखा। इनमें कौन हैं? उन्होंने कहा कि एक तो खुद अरविंद केजरीवाल हैं बाकी लोग वो हैं जिनको अरविंद केजरीवाल गाली देते थे, लालू यादव के साथ फोटो आने पर केजरीवाल ने कहा था कि अचानक फोटो आ गई, अन्य लोग भी बड़े भ्रष्टाचारी हैं उन पर केस चल रहा है, सत्य की जीत होगी। भाजपा का रोल सिर्फ इतना है कि दोषी छूटे नहीं और निर्दोष को सजा हो नहीं, लेकिन नौ लोग मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ पत्र लिख रहे हैं। भाजपा का स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचारियों द्वारा भ्रष्टाचारी को बचाने की कोशिश हो रही है पूरा देश देख रहा है, भ्रष्टाचारियों तक जांच की आंच पहुंच रही है इसलिए सभी बचाने में लगे हैं, पत्र लिखने से कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा।

# गैंगस्टर्स के साथ रखने के आरोपों का तिहाड़ प्रशासन ने किया खंडन

**राकेश शर्मा**



**नई दिल्ली।** पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के तिहाड़ जेल में बंद होने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं, सांसदों और विधायकों ने बुधवार को गंभीर आरोप लगाये। उनका कहना है कि सिसोदिया को उस जेल में बंद किया गया है, जहां गैंगस्टर्स को रखा जाता है। वहीं, इन आरोपों को लेकर तिहाड़ जेल प्रशासन ने एक बयान जारी करके अपना स्पष्टीकरण दिया है। जेल प्रवक्ता अरविंद कुमार ने कहा है कि अंडर ट्रायल मनीष सिसोदिया की सिक्योरिटी को देखते हुए उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 1 के सबसे सुरक्षित वार्ड में रखा गया है, जिसमें कम कैदी रहते हैं और उनमें से कोई भी कैदी गैंगस्टर नहीं है। सभी का व्यवहार अच्छा है और वहां जेल मैनुअल के हिसाब से सभी रहते हैं। ये कैदी किसी भी तरह से कोई भी नियम का उल्लंघन नहीं करते हैं और जेल मैनुअल के हिसाब से अपनी एक्टिविटी में बिजी रहते हैं। प्रवक्ता ने बताया कि मनीष सिसोदिया को जेल नंबर एक के वार्ड में रखा गया है। वहां पर सारे जेल मैनुअल का पालन किया जा रहा है। सिसोदिया वहां पर सुरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि आबकारी मामले में सीबीआई के द्वारा गिरफ्तार किए गए मनीष सिसोदिया को दो दिन पहले रिमांड खत्म होने पर कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था। तब से मनीष सिसोदिया को जेल नंबर एक में रखा गया है और उनका कैदी नंबर 924 रजिस्टर में एंट्री किया गया है। मंगलवार को ईडी ने भी तिहाड़ जेल में आकर उनसे करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी।

# सतीश कौशिक की अचानक मौत पर जांच में जुटी दिल्ली पुलिस



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बॉलीवुड फिल्म जाने भी दो यारो और मि. इंडिया में यादगार हास्य भूमिकाएं निभाने वाले मशहूर फिल्मकार सतीश कौशिक का गुरुवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हुआ। वहीं सतीश के आकस्मिक निधन के बाद जहां उनके दोस्त परिवार सदमें में है, वहीं अब सतीश की मौत मामले में दिल्ली पुलिस भी जांच में जुट गई है। दिल्ली पुलिस ये जानने की कोशिश में जुटी हुई हैं कि मौत से एक दिन पहले होली खेलने के बाद अचानक ऐसा क्या हुआ कि सतीश की तबीयत खराब हुई और उनका निधन हो गया। दरअसल, सतीश की जिस फार्महाउस में बिगड़ी थी, वहां वे कब पहुंचे थे और वहां क्या क्या हुआ? पुलिस अब ये जानने के लिए जुटी हुई है। इतना ही नहीं जो लोग सतीश को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, पुलिस उनके भी संपर्क में है। सतीश कौशिक 7 मार्च को मुंबई में शबाना आजमी के घर होली पार्टी में शामिल हुए थे। यहां उन्होंने अपने करीबियों संग खूब होली खेली थी। उन्होंने इसकी तस्वीरें भी ट्विटर पर शेयर की थीं। बता दें कि सतीश बिजवासन के फार्महाउस में होली खेलने पहुंचे थे। यहां रात 11 बजे उन्हें बेचैनी महसूस हुई। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टर्स ने उन्हें बचाने की बहुत कोशिश की, लेकिन उन्होंने देर रात में दम तोड़ दिया।

# आईजीएमसी के नए भवन में ट्रॉमा ब्लॉक शुरू, मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया उदघाट्न



**शिमला, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को शिमला स्थित इंदिरा गांधी राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (आईजीएमसी) के नए ओ.पी.डी. ब्लॉक में लगभग 30.90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ट्रॉमा ब्लॉक का लोकार्पण किया। ट्रॉमा ब्लॉक के इस बहुमंजिला भवन में फिजियोथैरेपी वार्ड, स्पेशल वार्ड, आपातकालीन चिकित्सा इकाई, गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) बेड, आईसोलेशन वार्ड सहित सीटी स्कैन, एक्स-रे, सैंपल एकत्रीकरण केंद्र तथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। घायलों व गंभीर रोगियों के उपचार संबंधी वरीयता के लिए यहां अलग व्यवस्था की गई है। अन्य आपात सेवाओं के साथ-साथ यहां पर डॉक्टर, नर्स तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कक्ष, रोगियों के बैठने के लिए स्थान तथा अन्य जनोपयोगी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर नए ओपीडी परिसर का अवलोकन किया और रोगियों, उनके परिचारकों तथा अस्पताल स्टाफ के साथ संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि इस ब्लॉक के निर्माण से लोगों को गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं मिलने के साथ साथ यहां सेवाएं देने वाले डॉक्टरों एवं अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ को कार्य करने के लिए उचित वातावरण भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी में मशीनरी तथा उपकरणों के लिए 12 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यह उपकरण व मशीनरी, संस्थान के सर्जरी, ऑर्थोपीडिक्स, न्यूरो-सर्जरी, रेडियोलॉजी तथा एनस्थिसिया विभाग में उपयोग में लाए जाएंगे। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है।

प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में आपातकालीन चिकित्सा को सृदृढ़ करने के लिए अलग से विभाग स्थापित किए जाएंगे। इसमें प्रत्येक 6 बिस्तर में दाखिल मरीजों की सुविधा के लिए एक नर्स तथा 10 बिस्तर में मरीजों की सुविधा के लिए चिकित्सक की व्यवस्था होगी। गहन देखभाल केंद्र (आईसीयू) में प्रत्येक बिस्तर में मरीजों की सुविधा के लिए एक नर्स की व्यवस्था की जाएगी। यहां विशेषज्ञ चिकित्सा भी तैनात किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए अनेक कदम उठा रही है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में रोबॉटिक सर्जरी की सुविधा प्रदान की जाएगी ताकि लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इसके अतिरिक्त इन स्वास्थ्य संस्थानों में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए 5-जी प्रौद्योगिकी का समावेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को उनके घर-द्वार के समीप उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रत्येक मेडिकल ब्लॉक में आधुनिक प्रौद्योगिकी युक्त हाईटैक अस्पताल स्थापित किए जाएंगे।

# एनडीएमसी का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से महिला सफाई सेवकों को सैनिटरी नैपकिन वितरित करने का निर्णय लिया

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने हर महीने अपनी महिला सफाई सेवकों को सैनिटरी नैपकिन का वितरण शुरू करने का निर्णय लिया है। एनडीएमसी के अध्यक्ष ने जन स्वास्थ्य और कल्याण विभागों के कल्याणकारी उपायों और महिला स्वच्छता कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता के तहत उन्हें सैनिटरी नैपकिन वितरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये सैनिटरी नैपकिन हर महीने वितरित किए जाएंगे और यह पहली बार में यह निर्णय एक साल के लिए लागू होगा। एनडीएमसी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल से राजधानी दिल्ली की सफाई के लिए एनडीएमसी क्षेत्र में कार्यरत 640 महिला सफाई सेवक लाभान्वित होंगी। ये सैनिटरी नैपकिन अच्छे मानकों के होंगे और पर्यावरण पर दूषित प्रभाव को कम करने के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने होंगे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनडीएमसी पहले से ही अपनी अभिनव पहल कर रहा है। जीवन के प्रारंभिक चरण से मासिक धर्म स्वच्छता की अच्छी आदतों में सुधार करने के लिए अपने माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन भी प्रदान किये जा रहे है। एनडीएमसी ने अपने क्षेत्र में महिलाओं के लिए विशेष/स्मार्ट सार्वजनिक शौचालयों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनों को भी उपलब्ध कराया हुआ हैं। एनडीएमसी के कामकाजी महिला छात्रावासों में उपयोग किए जाने और उपयोग उपरांत नैपकिन के सुरक्षित निपटान के लिए सेनेटरी वेंडिंग मशीन और इंसीनेटर भी लगाए गए हैं। एनडीएमसी ने नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहले से ही ऐसी सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें और इंसनेटर स्थापित किए हुए हैं।

# ममता बनर्जी ने समरादित्य पाल के निधन पर शोक जताया



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समरादित्य (बच्चू) पाल के निधन पर दुख जताया है। सूचना एवं संस्कृति विभाग की ओर से गुरुवार को प्रसारित मुख्यमंत्री के शोक संदेश में कहा गया है, ह्लप्रख्यात वकील और संवैधानिक विशेषज्ञ बैरिस्टर समरादित्य (बच्चू) पाल के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। उनका आज कोलकाता में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। सीनियर एडवोकेट बैरिस्टर समरादित्य पाल ने सुप्रीम कोर्ट और कलकत्ता हाई कोर्ट में कई अहम मुकदमों की बड़ी कुशलता से पैरवी की थी। वह संविधान की व्याख्या और कानूनों की व्याख्या पर एक सम्मानित टिप्पणीकार थे। भारतीय संविधान पर उनके बहुमूल्य कार्य हैं। उनका निधन कानूनी जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। स्वर्गीय समरादित्य पाल की धर्मपत्नी व न्यायमूर्ति रूमा पाल उनके रिश्तेदार और मित्र को मेरी संवेदना।

# प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले नौ विपक्षी नेताओं पर ब्रजेश पाठक ने किया पलटवार


**- अपने पत्र में विपक्षी नेताओं ने केंद्रीय जांच एजेंसियों पर उठाए थे सवाल**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के उन नेताओं पर हमला बोला है जिन्होंने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जांच एजेंसियों की कार्य पद्धति पर सवाल उठाते हुए विपक्षी नेताओं को फंसाने का आरोप लगाया था। उप मुख्यमंत्री पाठक ने गुरुवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से कहा कि वह सभी नौ नेता खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंसे हैं और अपना बचाव करने के लिए यह हथकंडा अपना रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव समेत पूर्ववर्ती सपा की सरकारों को कटघरे में खड़ा किया है। पाठक ने कहा कि पांच मार्च को नौ विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां गलत तरीके से कार्य कर रही हैं। पाठक ने कहा कि उन सभी नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। कदाचार के आरोप हैं। उसमें सपा के मुखिया भी हैं। भ्रष्टाचार के दल-दल में सपा की सारी सरकारें आकंठ डूबी रही हैं। गोमती रिवर फ्रंट घोटाला, जेपीएनआईसी घोटाला हमें आज भी याद है। सपा सरकार में 97 हजार करोड़ से अधिक का खाद्यान्न घोटाला हुआ। सपा सरकार में ही खनन घोटाला हुआ। अखिलेश सरकार के खनन मंत्री अभी तक जेल में हैं। उनकी सरकार में लैपटॉप घोटाला हुआ है। हम सब जानते हैं कि खाद्यान्न घोटाले की सीबीआई जांच चल रही है। पुलिस भर्ती घोटाला भी सपा सरकार में हुआ था। समाजवादी पेंशन घोटाला हुआ था। सपा के लोगों ने अपने कार्यकताओं को अपने लोगों को पेंशन का लाभ दिलाया था। यूपीपीएससी में भी घोटाला हुआ। उप्र लोक सेवा आयोग को एक जाति का आयोग बनाकर रख दिया था। उन्होंने कहा कि इत्र के मित्र के बारे में चुनाव से पहले आप सबने सुना ही था। अरबों रुपये मिले थे। पाठक ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव भ्रष्टाचार के कुलभूषण हैं। उन्हें घाटाले में पुरस्कार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबको पता है कि सपा शासन में जब-जब भर्तियां हुई हैं, तब तब घोटाले हुए हैं। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि इस प्रकार मैं कह सकता हूं कि विपक्षी नेता खुद को बचाने के लिए आरोप लगा रहे हैं। हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार कानून का राज स्थापित कर रही है। हमारी सरकार का यही दावा प्रदेश की जनता के बीच लगातार विश्वास बढ़ा रहा है। 2014 से हर चुनाव में राज्य की जनता भाजपा पर भरोसा जता रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वालों को कभी छोड़ा नहीं जाएगा।

# गंभीर बीमारियों के उपचार में आर्थिक मदद कर रही सरकार : योगी आदित्यनाथ

**- जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं**
**- दिया भरोसा, "किसी के भी इलाज में धन की कमी नहीं आएगी"**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज में लगातार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। इलाज में धन की बाधा को सामने नहीं आने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने इस बात का भरोसा दिया कि मरीज व परिजन कतई चिंता न करें। एक संवेदनशील सरकार सबके साथ खड़ी है। अधिकारी पूरी संवेदना और प्राथमिकता पर इलाज में मदद करेगी। एस्टीमेट मिलते ही सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाये गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनी और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया। समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या कोई भी हो, मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान होगा। सीएम योगी से मिलने वालों में अधिक संख्या इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों की थी। जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर सीएम ने दो टूक कहा कि यदि कोई दबंग या माफिया किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कर्रवाई करें। समस्या कोई भी हो उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए। महिलाओं के साथ आए बच्चों का मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट दिया।

# अभिनेता सतीश कौशिक को काशी से था गहरा लगाव




**वाराणसी,(हि.स.)।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और निमार्ता-निर्देशक सतीश कौशिक नहीं रहे। सतीश कौशिक के निधन से काशी में उनके प्रशंसक शोकाकुल हैं। लोग सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर उनको श्रद्धांजलि दे रहे हैं। सतीश कौशिक को काशी से गहरा लगाव था। वह दिसंबर 2021 में आयोजित काशी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने के लिए अभिनेता अनुपम खेर के साथ वाराणसी आए थे। तब उन्होंने अनुपम खेर और फिल्म निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की गंगा आरती बजड़े पर बैठ कर देखी थी। गंगा सेवा निधि के कार्यालय में जब उनका सम्मान किया गया तो वे आह्लादित नजर आए। निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र और अन्य पदाधिकारियों से गंगा आरती की जमकर सराहना की थी। उन्होंने काशी में दर्शन-पूजन का जिक्र अपने सोशल मीडिया पेज पर भी किया था। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम की तस्वीरें शेयर कर लिखा था कि हर हर महादेव...। अद्भुत काशी विश्वनाथ मंदिर में महादेव के अदभुत दर्शन करके हृदय प्रसन्न हो गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस आध्यात्मिक नगरी को पावन रूप दे दिया है। समस्त भारतवासियों पर महादेव का आशीर्वाद बना रहे। सतीश कौशिक ने काशी फिल्म फेस्टिवल में काशी को ज्ञानियों का शहर बताया था। उन्होंने मंच पर मुस्कराते हुए कहा था कि काशी के लिए क्या कहूं, यह वह सम्पूर्ण जगह है जहां सबको सुख और शांति मिलती है। काशी ज्ञानियों का शहर है। इस शहर में इस तरह का आयोजन होना ऐतिहासिक बात है। काशी फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लगभग चार माह पहले भी सतीश कौशिक वाराणसी आये थे और श्री काशी विश्वनाथ दरबार में दर्शन-पूजन किया था।

# नगरीय निकायों की वोटर लिस्ट में फिर जुड़वाए नाम



**मेरठ, (हि.स.)।** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनावों की वोटर लिस्ट का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 11 मार्च से वोटर लिस्ट में फिर से नाम जुड़वाने, कटवाने, संशोधन कराने का समय निर्धारित किया है। एक अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी नगरीय निकाय मेरठ दीपक मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उप्र ने नगरीय निकायों की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जाएगा। ड्रॉफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 10 मार्च को होगा। ड्रॉफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने का समय 11 से 17 मार्च तक रहेगा। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 18 से 22 मार्च तक होगा।, दावे और आपत्तियों के निस्तारण के बाद पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हें पूरक सूची-1 में समाहित करने का कार्य 23 से 31 मार्च तक होगा। अन्तिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का प्रकाशन एक अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। 11 से 17 मार्च तक आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# अबीर लगाने के विवाद में युवक की मौत, मुकदमा दर्ज



**महाराजगंज,(हि.स.)।** जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में होली के दिन होली खेल रहे युवकों के बीच विवाद हो गया। अबीर लगाने को लेकर हुए विवाद में पहले धक्का-मुक्की हुई फिर मारपीट। इसी बीच एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने 06 आरोपितों में से 02 को हिरासत में ले लिया है। इधर, मौके पर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह और सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। श्यामदेउरवा थाने के एसएचओ रामाज्ञा सिंह ने मृतक के परिजनों के तरफ से मिली तहरीर के आधार पर 06 आरोपितों में से 02 को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ हो रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गंभीर चोट के निशान नहीं मिले हैं। शेष आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**एसपी ने दी यह जानकारी**-पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ में पत्रकारों को बताया कि श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महम्मदा के टोले घडबडुआ में होली के दिन युवकों में विवाद हुआ था। उस वक्त युवक डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। इनमें युवक दीपक चौधरी (27 वर्ष) भी शामिल था। दीपक को होली खेल रहे युवकों की दूसरी टोली के नौजवानों ने अबीर लगाया। इसके बाद किसी बात को लेकर दोनों गुट आपस में भिड़ गये और विवाद शुरू हो गया। तू-तू, मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद धक्का-मुक्की और फिर मारपीट में तब्दील हो गया।इस दौरान दीपक चौधरी पुत्र नंदलाल चौधरी जमीन पर गिर गया और तड़पड़ाने लगा। परिजनों ने उसे आनन-फानन में परतावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनात कर दी गई है।

# भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के 45 जिलाध्यक्ष में किया फेरबदल, नई सूची जारी

**पटना/किशनगंज,(हि.स.)।** होली के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में बड़ा बदलाव हुआ है। होली के दिन तक जिलाध्यक्ष रहने वाले कई लोग अब होली के एक दिन बाद पूर्व जिलाध्यक्ष हो गए हैं। बिहार भाजपा में बड़े स्तर पर सांगठनिक करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने 45 जिलाध्यक्षों की नई सूची गुरुवार को जारी की है। बिहार भाजपा के अधिकारिक ट्विटर हैंडल से प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल के द्वारा 45 जिलाध्यक्षों के मनोयन की खबर दी गई। नव दायित्व पदाधिकारी भाजपा संगठन को मजबूत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल ने उम्मीद जताई है कि नव दायित्व पदाधिकारी भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। नए नेतृत्व में बिहार भाजपा का संगठन और अधिक सशक्त व प्रभावी बनेगा। बिहार भाजपा के तरफ से जो सूची जारी की गई है उसके मुताबिक पटना ग्रामीण, बाढ़, गया, अरवल, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, नवगछिया, लखीसराय, मुंगेर, गोपालगंज, बगहा, बेतिया और रक्सौल में भाजपा के तरफ से जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया गया है। इसके अलावा भाजपा ने नए स्तर पर मधेपुरा, सुपौल, नालंदा, नवादा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, बेगूसराय, खगड़िया, बक्सर, छपरा, कटिहार, अररिया, किशनगंज, कैमूर, भोजपुर, औरंगाबाद, जमुई, सिवान, मोतिहारी, ढाका और शेखपुरा में जिलाध्यक्षों का मनोनयन है। इसके साथ ही साथ पार्टी द्वारा पटना महानगर में भी नए जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी को दी गई है। जबकि पटना ग्रामीण की जिम्मेदारी धर्मेंद्र कुमार संभालेंगे। वही किशनगंज के जिलाध्यक्ष सुशांत गोप को दुबारा जिलाध्यक्ष बनाये गये है। विधान पार्षद सह सचेतक डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, हरिराम अग्रवाल, लखन लाल पंडित, बिजली सिंह, अंकित कौशिक, अनुपम ठाकुर सहित अन्य नेताओं और कार्यकताओं ने बधाई दी है। पिछले दिनों ही बातें भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें यह तय हुआ था कि पार्टी के अंदर पिछले कई वर्षों से जिलाध्यक्षों पर तैनात लोगों को अब दायित्व मुक्त किया जाएगा और नए कार्यकताओं को जिलाध्यक्ष समेत तमाम पदों पर जिम्मेदारी दी जाएगी। इसमें विशेष रूप से युवाओं पर अधिक जोर दिया जाएगा। जिसके बाद अब भारतीय जनता पार्टी के तरफ से इसको लेकर पत्र जारी कर दिया गया है।

# विश्व प्रसिद्ध दाऊजी हुरंगा में कोड़े खाने उमड़ रहा है सैलाब



**मथुरा,(हि.स.)।** ब्रज के राजा ठाकुर श्री दाऊजी महाराज के मंदिर प्रांगण बलदेव में गुरुवार दोपहर बरसेंगे हुरियारिनों के कोड़े। कोड़े खाने के लिए श्रद्धालुओं सहित हुरियारें मंदिर प्रांगण में पहुंच रहे हैं। हुरंगे की तैयारियों को लेकर प्रशासन पिछले एक हफ्ते से तैयारियों में जुटा हुआ है। गुरुवार सुबह से ही इस हुरंगे को देखने के लिए देशी विदेशी श्रद्धालु आ रहे हैं। दोपहर दाऊजी मंदिर में भगवान के पट खुलते ही मंदिर में प्रवेश किया जाएगा। इसके बाद वहां अबीर गुलाल फूल आदि जमकर उड़ेगा। मंदिर सेवा परिवार की ही महिलाएं इस हुरंगा खेलने के लिए शामिल होती हैं। यहां की हुरियारिन हुरियारों के बदन से कपड़े फाड़ कर उसका कोड़ा बनाती है, और फिर रंग में डूबा-डूबा कर नंगे बदन पर जमकर मारती हैं। यह एक अद्भुत एवं प्रसिद्ध हुरंगा है। मंदिर प्रांगण में जमीन में कई-कई फुट गहरी कुंडली बनाई गई है। 11 कुंतल टेसू के फूलों से बनाया गया रंग, इसी रंग को कोड़े के बीच बौछार की जाती है। गुलाल अबीर और फूल भी बरसते रहते हैं और नीचे टेसू का रंग होता है। जो बाल्टी भर वर्कर एवं गुणों को भिगोकर हुरियारिन हुरियारों के नंगे बदन पर मारती नजर आयेंगी।


# सनातन धर्म के उपासक हमेशा से शांतिप्रिय रहे हैं : दिनेश शर्मा




**मथुरा,(हि.स.)।** हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन ने हमें ईदगाह में होली खेलने की इजाजत नहीं दी। हम होली नहीं खेल सके। सनातन धर्म के उपासक हमेशा से शांतिप्रिय रहे हैं। हमें इंतजार रहेगा कि जब हम ईदगाह पर अपने ठाकुर जी के साथ होली खेलेंगे। उन्होंने कहा कि मीना मस्जिद हटाने को लेकर अदालत 10 मार्च को फैसला सुनाएगी। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और मथुरा कृष्ण जन्मभूमि से ईदगाह को हटाने वाले केस 174/2021 के मुख्य वादी दिनेश शर्मा बुधवार को शहर के एक होली मिलन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म मथुरा में हुआ था और कंस की सातवीं कोठरी की जेल में हुआ था। भगवान कृष्ण के भव्य मंदिर को तोड़कर मुगल शासकों ने ईदगाह के रूप में एक बिल्डिंग खड़ी कर दी। इस कथित ईदगाह के नीचे श्री कृष्ण का मूल गर्भ ग्रह है और भगवान श्री कृष्ण वंहा जन्मे हैं। जन्म स्थान नहीं बदला जा सकता। हिंदू महासभा ने शासन प्रशासन से उस मूल गर्भ गृह पर गुलाल लगाने की और होली खेलने की अनुमति मांगी थी लेकिन उनक मांग को प्रशासन ने खारिज कर दिया। दिनेश शर्मा ने कहा हम बहुत दुखी हैं। भाजपा सरकार में भी अपने कान्हा के जन्म स्थान पर होली नहीं खेलेंगे तो कब खेलेंगे। शासन प्रशासन को होली खेलने की इजाजत देनी चाहिए। हमने कभी भी कांग्रेस, सपा, बसपा शासन में मांग नहीं की। भाजपा सरकार से हमें उम्मीदें थीं। हिंदू मंदिरों पर मुगलों का अत्याचार बहुत हुआ था। अब समय आ गया है कि अपने पूजा स्थलों पर पूजन करें। सनातन धर्म के उपासक हमेशा से शांतिप्रिय रहे हैं। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी, तपेश भारद्वाज, राजेश पाठक, श्याम शर्मा, आशीष शर्मा, राजनारायण गौड़, आशीष चतुर्वेदी, चंद्रशेखर शर्मा, अमित जैन, प्रमोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

मीना मस्जिद हटाने के मामले में शुक्रवार आ सकता है फैसला 10 मार्च को सिविल कोर्ट सीनियर डिविजन में मथुरा कृष्ण जन्मभूमि से मीना मस्जिद को हटाने वाले केस में बहस हो चुकी है। हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने न्यायालय से मांग की थी कि मीना मस्जिद में सरकारी अमीन भेजा जाए और मीना मस्जिद की नापतोल और प्राचीन साक्ष्यों की रिपोर्ट बनाकर न्यायालय में जमा कराएं, क्योंकि मुस्लिम पक्ष पुजारियों के आवासों को तोड़कर मीना मस्जिद का विस्तार करना चाहता है। न्यायालय ने आदेश सुरक्षित रख लिया है और 10 मार्च को फैसला होगा कि सरकारी अमीन भेजा जाए या नहीं।

# पेंशन योजनाओं में तेजी लाने के लिए मिशन मोड में करें कार्य : उपायुक्त



**रांची,(हि.स.)।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को सर्वजन पेंशन योजना को लेकर वर्चुअल माध्यम से बैठक की। उन्होंने जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पेंशन योजना से योग्य व्यक्तियों को जोड़ने की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उपायुक्त ने विभिन्न पेंशन योजनाओं (वृद्धावस्था, निराश्रित एवं दिव्यांग पेंशन योजना) में तेजी लाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। उन्होंने इसके लिए बीडीओ और सीओ को निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में कंट्रोल रूम बनाएं और ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को योजना से जोड़ें। उपायुक्त ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिनों में सुधार कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उपायुक्त ने सभी बीडीओ और सीओ को पहले से प्राप्त आवेदन का यथा शीघ्र निष्पादन करने को कहा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में अभी भी कई माइग्रेटेड लोग हैं, जिन्हें चिन्हित कार योजना से आच्छादित करने की आवश्यकता है। बीएलओ के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। ग्रामीण क्षेत्र में उपायुक्त ने डोर टू डोर आवेदन लेने की प्रक्रिया को रिपीट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वजन पेंशन योजना के लिए योग्य व्यक्तियों को चिन्हित कर लाभ दिलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिन पंचायत में सर्वजन पेंशन योजना के कम आवेदन आ रहे हैं, उनकी मैपिंग बीएलओ एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं। उपायुक्त ने कहा सर्वजन पेंशन योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सरकारी संस्था से सेवानिवृत्त और आयकर देने वाले व्यक्तियों को छोड़कर ज्यादा से ज्यादा योग्य व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सुनिश्चित कराएं।

# एनएसएस के राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में बिहारी प्रतिभा ने दिखाया जलवा

**बेगूसराय, (हि.स.)।** हर क्षेत्र में अपने प्रतिभा का परचम लहरा रहे बिहार ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राष्ट्रीय कार्यक्रम में भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा दिया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंप में बिहार को स्पीच प्रतियोगिता में दूसरा स्थान मिला है। मंच संचालन करने का जिम्मा बेगूसराय निवासी सुमित को मिला। होली की देर शाम कैंप से बेगूसराय लौटे सुमित का जोरदार स्वागत किया गया। सुमित ने बताया कि जयपुर में 27 फरवरी से पांच मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के एकीकरण शिविर बिहार को रिप्रेजेंट करने के लिए पूरे बिहार से दस स्वयंसेवक शामिल हुए थे। जिसमें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के पांच छात्र सुमित, रजनी सुमन, शांति, विकास, अमन तथा भीम राव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर के तन्नू, स्वर्णिका, लवली, हिमांशु एवं अभिषेक का चयन हुआ था। सभी बच्चे वैशाली महिला महाविद्यालय हाजीपुर से प्रोफेसर डॉ. रेशमा सुल्ताना के नेतृत्व में बिहार से जयपुर गए और बिहार के प्रतिनिधि के रूप में वहां शामिल हुए। शिविर के पहले दिन पूरे भारत से चयनित सभी स्वयंसेवकों का परिचय उनके प्रोग्राम ऑफिसर के साथ लिया गया। प्रत्येक दिन योगा, स्वच्छता अभियान, एकेडमिक सेशन पार्ट-एक एवं एकेडमिक सेशन पार्ट-दो के बाद अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवक द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाती थी। शिविर के पहले दिन बिहार टीम के लवली के द्वारा सोलो डांस और सुमित के द्वारा बिहार के संबंध में व्याख्यान की प्रस्तुति की गई। शिविर के दूसरे दिन बिहार टीम के सुमित, रजनी सुमन, लवली, विकास, तन्नू एवं अभिषेक के द्वारा लोक कल जट-जटिन की प्रस्तुति की गई। तीसरे और चौथे दिन महिलाओं को समर्पित था। जिसमें तीसरे दिन पहले एकेडमिक सेशन में पंखुरी सिन्हा, शालिनी यादव एवं कवि फिरोज खान का आगमन हुआ तथा दूसरे सेशन में में बी.एस. यादव के द्वारा फिटनेस पर परिचर्चा हुआ। चौथे दिन मिली दास, लक्ष्मीकांत भारद्वाज और अर्जुन यादव का आगमन हुआ। महिलाओं को समर्पित इस कार्यक्रम में स्पीच एवं पोएट्री प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्पीच प्रतियोगिता में बिहार टीम दूसरे नंबर पर रही और दूसरे एकेडमिक सेशन में सौरव शुक्ला के द्वारा साइबर क्राइम से बचने के टिप्स दिए गए। शिविर के पांचवें दिन एकेडमिक सेशन में डॉ. कमल शेखावत द्वारा जी-20 और वाय-20 पर चर्चा किया गया।

# बाहा पर्व मनाने पैतृक गांव पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची,(हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होली की रात रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे, जहां वे बाहा पर्व में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, मां रुपी सोरेन सहित अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री की यात्रा के मद्देनजर इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। मुख्यमंत्री के आगमन की खुशी में उनके गांव में जश्न का माहौल है। रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा और पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस क्रम में उन्हें पौधा देकर होली की बधाई भी दी। परिजनों और गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित उनके परिवार का पारंपरिक रीति-रिवाज लोटा पानी के साथ जोरदार तरीके से स्वागत किया। बाहा पोरोब यानी बाहा पर्व संताल, उरांव, मुंडा समेत अन्य जनजातियों का पर्व है। बाहा का अर्थ फूल होता है। इस पर्व में महिला-पुरुष के साथ-साथ बच्चे परंपरागत कपड़े पहनकर मांदर की थाप पर खूब झूमते हैं। बाहा आदिवासियों का सोहराय के बाद दूसरा बड़ा पर्व है। संताली लोग इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। यह पर्व पतझड़ के बाद पेड़ों में नई पत्तियों एवं फूल के आने की खुशी में मनाया जाता है। मान्यता है कि हिन्दी नववर्ष के स्वागत के लिए प्रकृति भी पूरी पृथ्वी को सजाती है।

## संपादकीय

# लोकतंत्र को मजबूती

**सुप्रीम** कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया पर जो ऐतिहासिक फैसला दिया, वह निश्चित रूप से देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है। इस फैसले ने पिछले सात दशकों से चले आ रहे उस शून्य को भरा है, जो संसद के समय पर उपयुक्त पहल न करने की वजह से बना हुआ था। जैसा कि फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा, संविधान निर्माताओं को उम्मीद थी कि देश की संसद कानून बनाकर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की एक वाजिब प्रक्रिया निर्धारित कर देगी। मगर सत्तारूढ़ पार्टियां संभवतः अपने हाथ से यह ताकत निकलने देना नहीं चाहती थीं और उनके प्रभाव में संसद अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने से परहेज करती रही। यही वजह है कि 1990 में एक बार जब राज्यसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया भी गया तो बात नहीं बनी। चार साल तक ठंडे बस्ते में पड़े रहने के बाद यह विधेयक चुपचाप वापस ले लिया गया। यही नहीं, इसके बाद 2015 में लॉ कमिशन ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की सिफारिश की थी। लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त की सरकार द्वारा नियुक्ति की अब तक प्रचलित प्रक्रिया में साफ तौर पर हितों का टकराव था। चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जिम्मेदारी निभाता है, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई प्रक्रिया निर्धारित कर दी। कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान रखा कि चुनाव आयोग को पैसों के लिए सरकार का मोहताज न होना पड़े। आयोग के लिए बजट की अलग और स्वतंत्र व्यवस्था करना निश्चित रूप से सरकार पर उसकी निर्भरता कम करेगा। हालांकि व्यवहार में इन सबका कैसा और कितना असर होता है, यह तभी पता चलेगा जब यह प्रक्रिया लागू होगी।



चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जम्मिेदारी निभाता है, जसिसे सत्तारूढ़ पार्टी का हित–अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाए रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नई प्रक्रिया निर्धारित कर दी। कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए।

## कुछ अलग

# शेयर मार्केट में अनजान का रिस्क

**अडाणी** ग्रुप से ज्यादा शेयर बाजार में इन दिनों किसी की चर्चा नहीं होती। इसके शेयरों में बड़ी गिरावट दर्ज हुई, जिससे ढेरों निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो में घाटा दिख रहा होगा। वैसे, हाल के दिनों में रेकवरी दिख रही है लेकिन भरोसा बहाल होने में समय लगेगा। कई निवेशकों से बात के बाद एक कॉमन बात सामने आई। उन्हें ये नहीं पता था कि अडाणी ग्रुप का असली बिजनेस क्या है, किस कमाई के बूते इसके शेयर तेजी से चढ़े। जब स्टॉक मार्केट में निवेश का खुमार चढ़ता है तो हम अक्सर सिर्फ टिप्स की तलाश में होते हैं। मीडिया के अलग-अलग जरियों से हमें ये टिप्स मिल भी जाते हैं। लेकिन इन सलाह से जब कामयाबी नहीं मिलती तो हमारा अंदाज बदल जाता है। हम सबको समझाने लगते हैं कि स्टॉक मार्केट में निवेश मतलब पैसा डूबना तय है। अगर हमने पहले ही निवेश वाली कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल कर ली होती तो ये अफसोस न होता। बाजार में निवेश का ये बुनियादी नियम है कि हम उस बिजनेस में पैसा न लगाएं, जिसके बिजनेस को समझते नहीं हैं। मशहूर इन्वेस्टर वॉरेन बफेट ने भी कभी कहा था कि वह उस बिजनेस में पैसा नहीं लगाते, जिसे वो नहीं समझते। उन कंपनियों की कमी नहीं, जिनसे हमारा वास्ता रोज ब रोज पड़ता है। हम जिस कंपनी का वॉशिंग पाउडर बरसों से इस्तेमाल करते हैं, जिस कंपनी का टूथपेस्ट बरसों से इस्तेमाल करते हैं। उन कंपनियों के बारे में पता कर सकते हैं। पर्सनल फाइनैंस की दुनिया में एक मिसाल कई बार दी जाती है। कुछ स्कूली बच्चों और कुछ 'बड़े जानकारों' के बीच निवेश का मुकाबला कराया गया। बड़े जानकारों ने ज्यादा दिमाग लगाया, जबकि स्कूली बच्चों ने उन कंपनियों को चुना जिन्हें वे अपने इर्द-गिर्द देखते थे। बच्चों का फैसला सही पाया गया। इसका एक नुकसान भी हो सकता है। जरूरी नहीं कि हम नई टेक्नॉलजी के बारे में करीब से जानें, लेकिन ये मुमकिन है कि तकनीक से जुड़ी कुछ कंपनियों में निवेश हमें बड़ा मुनाफा दे जाए। यह भी हो सकता है कि किसी कंपनी को हम बहुत करीब से जानते हों, लेकिन उसके शेयरों में निवेश घाटे का सौदा बन जाए। कुछ सोशल मीडिया कंपनियों में निवेश इसी तरह का साबित हुआ है। बतौर नए निवेशक, हम उन कंपनियों पर फोकस कर सकते हैं, जिनका अपने सेक्टर में मोटे तौर पर एकाधिकार जैसी स्थिति हैं। यह बेबी मिल्क पाउडर तैयार करने वाली, पेंट तैयार करने वाली, कोयला खनन करने वाली, गैस सप्लाई करने वाली, टिकट बुकिंग करने वाली कंपनी हो सकती है। अगर बाजार में निवेश करते हुए लंबा वक्त बीत चुका है तो हमारे मौजूदा पोर्टफोलियो में कुछ निवेश उन कंपनियों का भी हो सकता है, जिन्हें हम समझते नहीं। लेकिन इसकी हद हो, एक सीमा तय कर देनी चाहिए।



हम सबको समझाने लगते हैं कि स्टॉक मार्केट में निवेश मतलब पैसा डूबना तय है। अगर हमने पहले ही निवेश वाली कंपनियों के बारे में जानकारी हासिल कर ली होती तो ये अफसोस न होता। बाजार में निवेश का ये बुनियादी नियम है कि हम उस बिजनेस में पैसा न लगाएं, जिसके बिजनेस को समझते नहीं हैं। मशहूर इन्वेस्टर वॉरेन बफेट ने भी कभी कहा था कि वह उस बिजनेस में पैसा नहीं लगाते, जिसे वो नहीं समझते। उन कंपनियों की कमी नहीं, जिनसे हमारा वास्ता रोज ब रोज पड़ता है। हम जिस कंपनी का वॉशिंग पाउडर बरसों से इस्तेमाल करते हैं, जिस कंपनी का टूथपेस्ट बरसों से इस्तेमाल करते हैं। उन कंपनियों के बारे में पता कर सकते हैं। पर्सनल फाइनैंस की दुनिया में एक मिसाल कई बार दी जाती है। कुछ स्कूली बच्चों और कुछ 'बड़े जानकारों' के बीच निवेश का मुकाबला कराया गया। बड़े जानकारों ने ज्यादा दिमाग लगाया, जबकि स्कूली बच्चों ने उन कंपनियों को चुना जिन्हें वे अपने इर्द-गिर्द देखते थे।


## राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए

# इकॉनमी की मुश्किलें

ललित गर्ग

आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान्-राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है।

**किसी** वकील, डॉक्टर या राजनेता को ढूंढना कठिन नहीं, जो अपने विषय के विशेषज्ञ हों और ख्याति प्राप्त हों, पर ऐसे मनुष्य को खोज पाना कठिन है जो वकील, डॉक्टर या राजनेता से पहले मनुष्य हो, नैतिक हो, ईमानदार हो, विश्वस्त हो। पर राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष यानी नैतिकता भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया। सशक्त भारत-नया भारत को निर्मित करते हुए भी राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रस हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार, बेईमानी एवं चरित्रहीनता ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। इस विकृति के दो ताजा एवं ज्वलंत उदाहरण हैं आम आदमी पार्टी के उपमुख्यमंत्री-शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया की शराब घोटाले में गिरफ्तारी, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ देश में चले अन्ना आन्दोलन की निष्पत्ति है। दूसरा उदाहरण है जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले गुरुग्राम के सौंदर्यीकरण के लिए रखे गये गमलों की समृद्ध लोगों द्वारा शर्मनाक चोरी का मामला। आज प्रबुद्ध मत है कि गांधीजी ने नैतिकता दी, पर व्यवस्था नहीं। जो नैतिकता दी वह एक महान्-राष्ट्रीय मुक्ति के संघर्ष की नैतिकता थी, लेकिन नैतिक एवं चरित्रसम्पन्न राष्ट्र बनाने की नहीं। हालांकि गांधीजी ने उस नैतिकता को स्थायी जीवन मूल्य बनाया था। पर सत्ता प्राप्त होते ही वह नैतिकता खिसक गई। जो व्यवस्था आई उसने विपरीत मूल्य चला दिये। हमारी आजादी की लड़ाई सिर्फ आजादी के लिए थी--व्यवस्था के लिए नहीं थी, चरित्र एवं नैतिकता सम्पन्नता राष्ट्र बनाने के लिये नहीं। यह बात मनीष सिसोदिया के शराब घोटाले से स्पष्ट सामने आती है। भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी कितनी अधिक भ्रष्टाचार में डूबी है, मनीष सिसोदिया एवं सतेन्द्र जैन की गिरफ्तारी से साफ उजागर होता है। बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता। सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आप के कार्यकर्ता एवं नेताओं द्वारा जिस तरह का आक्रामक रूख अपनाया हुआ है, वे जनजीवन को



अस्त-व्यस्त करने पर तूले हैं, ईमानदार है तो यह विरोध क्यों? दूध का दूध, और पानी का पानी हो जाने दें। मोदी सरकार पर केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि लंबी पूछताछ, जांच और साक्ष्य जुटाने के बाद ही कोई एजेंसी इस प्रकार का कड़ा निर्णय ले पाती है। खासकर मामला किसी कुर्सी पर विराजित बड़े नेता का हो, बड़ी राजनीतिक हस्ती का हो। यदि सिसोदिया बेगुनाह हैं, तो उनमें न डर होना चाहिए एवं न ही बौखलाहट। क्रांति करने एवं क्रांतिकारी भ्रष्ट मूल्यों पर शराब घोटाला करने में जमीन-आसमान का अंतर है, जो जनता भलीभांति समझती है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है। दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलने लगे हैं कि गांधी रूपी नैतिक मूल्य बहुत पीछे रह जाते हैं। जो सद्‌प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। प्रगतिशील कदम उठाने वालों ने और समाज सुधारकों ने अगर व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो ....कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। यह पूरा कपड़ा उघाड़ने का ही, सम्पूर्ण पीढ़ी को भ्रष्ट बनाने का जरिया। वरना तीन दिन से जेल के शिकंजों में जकड़े व्यक्ति के नाम पर दिनभर रेडिया पर सन्देश प्रसारित करते हुए परीक्षा दे रहे बच्चों को प्रेरणा देने की कुचेष्टा न होती। बात सिसोदिया या जैन तक ही सीमित नहीं है, यह भ्रष्टाचार एवं अनैतिकता का जहर नीचे तक पहुंच रहा है। मुख्य बात है राष्ट्रीय चरित्र केवल शिक्षा एवं प्रतीकों के माध्यम से नहीं बनाया जा सकता बल्कि समाज और राष्ट्र के नेतृत्व वर्ग की कथनी और करनी एक होनी चाहिये, नीति एवं नीयत एक होनी चाहिए, तभी राष्ट्रीय जीवन में आदर्शों के मूल्य स्थापित होंगे और आदर्श सदैव ऊपर से आता है। आज के युग में सभी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो सत्य की रेखा से कभी दाएं या बाएं नहीं चले। जो अपने कार्य की पूर्णता के लिए छलकपट, चोरी एवं बेईमानी का सहारा न लें। वैसे तो चोरी बहुत घृणित अपराध है, लेकिन जब कोई अमीर या पैसे वाला छोटी चोरी करते देखा जाता है तो चर्चा ऐसे होती है कि मानो बिल्ली ने कुत्ते को काट लिया है। वैसे समाज में चोरी बहुत सामान्य बात है, जगह-जगह सरकार स्वयं लिखती है कि अपने सामान की रक्षा स्वयं करें। लोग तो अपने सामान की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं, लेकिन सरकार सार्वजनिक सामान के लिए कहां-कहां सतर्कता बरत सकती है? चोरों एवं बेईमानों के रहते नया भारत- सशक्त भारत कैसे बनेगा? गुरुग्राम में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है, सबको पता है, दुनिया से एक से बढ़कर एक बड़े एवं शक्तिशाली राष्ट्रों के प्रतिनिधि आएंगे तो अतिरिक्त सजावट स्वाभाविक है लेकिन अगर कोई पैसे वाला व्यक्ति सजावटी गमलों को चुन-चुनकर उठा ले जाए तो इससे निंदनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद और क्या हो सकता है? भला हो किसी ने इस कृत्य का वीडियो बना लिया जिसमें बहुत आराम से दो शख्स फूल वाले गमले चुनकर लाखों के वाहन में रखते दिख रहे हैं। चोरी करते हुए भी उन्हें लग ही नहीं रहा था कि वे कुछ गलत कर रहे हैं। क्या ऐसी चोरी को नजरअंदाज कर दिया जाए? क्या इसका मतलब यह निकाला जाए कि जो जरूरतमंद है उसे भी चोरी करने का हक दिया जाए और जो सक्षम है, उसे भी सार्वजनिक वस्तुओं में से अपनी पसंद का चुन लेने दिया जाए? शायद ऐसी चोरियां बढ़ी ही इसीलिए हैं क्योंकि लंबे समय तक उन्हें नजरंदाज किया गया है। क्या छोटे-छोटे बड़े चोरों की ऐसी जमात देश में मजबूत हो गई, जो सरकारी सामान या धन को निजी मानकर चलती है? कुछ सरकारी सामान की चोरी करते है तो कुछ सरकार के नियमों को धत्ता बताते हुए नियमों की चोरी करते हैं। ऐसे चोरों के नाम पर मत जाइए, उनकी बुनियादी मानसिकता को समझने की कोशिश कीजिए। अमीर गमला चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है और कानून अपना काम करेगा, पर यह मनोवैज्ञानिक रूप से भी अध्ययन का विषय है कि ऐसे लोग आखिर कैसे और क्या सोचते हैं? रोटी के लिए बहुत मजबूरी में चोरी करते गरीबों के प्रति कुछ सहानुभूति हो सकती है हालांकि कानून में ऐसी किसी सहानुभूति के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।

# मुद्रा स्फीति पर अंकुश क्यों जरूरी

कई विकसित देशों में तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 10 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंची थी जो कि पिछले 50 वर्षों की अवधि में सबसे अधिक महंगाई की दर है। मुद्रा स्फीति से आश्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि एवं मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी होने से है। मुद्रा स्फीति विशेष रूप से समाज के गरीब एवं निचले तबके तथा मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत अधिक प्रभावित करती है। क्योंकि, इस वर्ग की आय एक निश्चित सीमा में रहती है एवं इसका बहुत बड़ा भाग उनके खान–पान पर ही खर्च हो जाता है। यदि मुद्रा स्फीति तेज बनी रहे तो इस वर्ग के खान–पान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। अत:, मुद्रा स्फीति को काबू में रखना देश की सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। मुद्रा स्फीति, दीर्घकाल में देश के आर्थिक विकास को भी धीमा कर देती है। इसी कारण से कई देशों में मौद्रिक नीति का मुख्य ध्येय ही मुद्रा स्फीति लक्ष्य पर आधारित कर दिया गया है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा कर रहे हैं।

**कोरोना** महामारी के बाद से पूरे विश्व में मुद्रा स्फीति बहुत तेजी से बढ़ी है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 7 प्रतिशत के ऊपर एवं थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 13 प्रतिशत के ऊपर निकल गई थी। कई विकसित देशों में तो उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति 10 प्रतिशत से भी ऊपर पहुंची थी जो कि पिछले 50 वर्षों की अवधि में सबसे अधिक महंगाई की दर है। मुद्रा स्फीति से आश्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि एवं मुद्रा की क्रय शक्ति में कमी होने से है। मुद्रा स्फीति विशेष रूप से समाज के गरीब एवं निचले तबके तथा मध्यम वर्ग के लोगों को बहुत अधिक प्रभावित करती है। क्योंकि, इस वर्ग की आय एक निश्चित सीमा में रहती है एवं इसका बहुत बड़ा भाग उनके खान-पान पर ही खर्च हो जाता है। यदि मुद्रा स्फीति तेज बनी रहे तो इस वर्ग के खान-पान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। अतः, मुद्रा स्फीति को काबू में रखना देश की सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। मुद्रा स्फीति, दीर्घकाल में देश के आर्थिक विकास को भी धीमा कर देती है। इसी कारण से कई देशों में मौद्रिक नीति का मुख्य ध्येय ही मुद्रा स्फीति लक्ष्य पर आधारित कर दिया गया है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की घोषणा कर रहे हैं। ब्याज दरों में वृद्धि इस उद्देश्य से की जा रही है ताकि नागरिक बैकों से ऋण लेने के लिए निरुत्साहित हो तथा वे अपनी बचतों को बैकों में जमा करने को प्रोत्साहित हों। इससे नागरिकों की खर्च करने की क्षमता कम होकर बाजार में उत्पादों की मांग कम हो और इन उत्पादों की उपलब्धता, मांग की तुलना में, बाजार में बढ़ जाए जिससे इन उत्पादों की कीमतों में कमी होकर अंततः मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग जाए। ब्याज दर के लगातार बढ़ाते जाने से कई अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति तो नियंत्रण में नहीं आ पा रही है परंतु अन्य कई प्रकार की अन्य आर्थिक समस्याएं जरूर उभर रही हैं। जैसे, कम्पनियों के व्यवसाय में कमी होना, लाभप्रदता में कमी होना, कर्मचारियों की छंटनी होना, करों के संग्रहण में कमी होना एवं बेरोजगारी का बढ़ना, देश की विकास दर में कमी आना, आदि। इस कारण से अब यह सोचा जाना चाहिए कि इन परिस्थितियों में मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों का बढ़ाते जाना क्या सही उपाय है। इस तरह के उपाय पूर्व में विकसित अर्थव्यवस्थाओं, जिन्होंने पूंजीवादी मॉडल के अनुसार अपने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है, द्वारा किए जाते रहे हैं। जबकि, अब यह उपाय बोथरे साबित हो रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच, उत्पादों की मांग कम करने के उपाय के स्थान पर उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर क्या इन समस्याओं का हल नहीं निकाला जाना चाहिए। विशेष रूप से मुद्रा स्फीति की समस्या उत्पन्न ही इसलिए होती है कि सिस्टम में उत्पादों की मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने लगती है। कोरोना महामारी के दौरान एवं उसके बाद रूस एवं यूक्रेन युद्ध के कारण कई देशों में कई उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। जिसके कारण मुद्रा स्फीति इन देशों में फैली है। भारत के बहुत पुराने समय के इतिहास में महंगाई नामक शब्द का वर्णन ही नहीं मिलता है। क्योंकि ग्रामीण इलाकों में कुटीर उद्योगों के माध्यम से वस्तुओं का उत्पादन प्रचुर मात्रा में किया जाता था एवं वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही सुनिश्चित रखी जाती थी अतः मांग एवं आपूर्ति में असंतुलन पैदा ही नहीं होने दिया जाता था। पूंजीवादी मॉडल के विपरीत भारतीय आर्थिक चिंतन में विपुलता की अर्थव्यवस्था के बारे में सोचा गया है, अर्थात अधिक से अधिक उत्पादन करो – "शतहस्त समाहर, सहस्त्रहस्त संकिर" (सौ हाथों से संग्रह करके हजार हाथों से बांट दो) – यह हमारे शास्त्रों में भी बताया गया है। विपुलता की अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक नागरिकों को उपभोग्य वस्तुएं आसानी से उचित मूल्य पर प्राप्त होती रहती हैं, इससे उत्पादों के बाजार भाव बढ़ने के स्थान पर घटते रहते हैं। भारतीय आर्थिक चिंतन व्यक्तिगत लाभ केंद्रित अर्थव्यवस्था के स्थान पर मानवमात्र के लाभ को केंद्र में रखकर चलने वाली अर्थव्यवस्था को तरजीह देता है। आज यदि "सर्वे भवंतु सुखिनः" का लक्ष्य पूरा करना है तो भारतीय वेदों में बताई गई विपुलता की अर्थव्यवस्था अधिक ठीक है, न कि जानबूझकर अकाल का निर्माण करने वाली पूंजीवादी अर्थव्यवस्था। हाल ही के समय में विशेष रूप से खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के बढ़ने के कारण भारत में मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता मिली है और दिसम्बर 2022 माह में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति पिछले 12 माह के न्यूनतम स्तर 5.72 प्रतिशत पर आ गई है एवं खाद्य पदार्थों में महंगाई दर 4.19 प्रतिशत की रही है। दरअसल भारत का कृषक अब जागरूक हो गया है एवं पदार्थों की मांग के अनुसार नई तकनीकी का उपयोग करते हुए उत्पादन करने लगा है। आवश्यकता अनुसार पदार्थों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है, इससे उन पदार्थों की आपूर्ति बाजार में बढ़ रही है एवं इस प्रकार मुद्रा स्फीति पर अंकुश लग रहा है। हालांकि जनवरी 2023 में यह पुनः बढ़कर 6.52 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई है, परंतु थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 4.73 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गई है। अन्य विकसित देश चूंकि ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जा रहे हैं अतः इन देशों की मुद्रा मजबूत हो रही है एवं भारतीय रुपये का अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अवमूल्यन हो रहा है। इससे आयात महंगे हो रहे हैं तथा भारत में आयातित महंगाई बढ़ रही है। चूंकि आयातित महंगाई दर के अतिरिक्त, भारत में महंगाई की दर अब बहुत बड़ी हद्द तक नियंत्रण में आ चुकी है अतः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अब यह उम्मीद की जा रही है कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मई एवं जून 2023 माह में ऋणात्मक हो जाने की सम्भावना है वहीं खुदरा मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर अप्रेल 2023 में 4.5 प्रतिशत के नीचे आ जाने की सम्भावना है। भारत में महंगाई दर के नियंत्रण में बने रहने के चलते वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अर्थात, महंगाई दर पर नियंत्रण, देश की विकास दर को आगे बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। परंतु, विश्व के अन्य देशों की तरह मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने की दृष्टि से भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। हालांकि खाद्य पदार्थों की कीमतों में हो रही वृद्धि के चलते यदि मुद्रा स्फीति में तेजी आ रही है तो इस ब्याज दरों को बढ़ाकर नियंत्रित नहीं किया जा सकता क्योंकि खाने पीने की वस्तुएं कितनी भी महंगी हो जाएं परंतु आवश्यक वस्तुओं का उपभोग तो किसी भी कीमत पर करना ही होता है। हां, चूंकि विश्व के अन्य देश ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करते जा रहे हैं और इससे भारतीय रुपए पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव आ रहा है जिससे भारत में आयात किए जाने पदार्थ महंगे हो रहे हैं अतः भारत में आयातित मुद्रा स्फीति बढ़ रही है।

## नागरिक बोध

# अडाणी विवाद पर श्रीलंका के विदेश मंत्री ने जो कहा, उससे विपक्ष को नई ताकत मिलेगी

**गौतम** अडानी और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के मामले पर नए रहस्योद्‌घाटन लगभग रोज़ ही हो रहे हैं। इस बार का संसद का सत्र भी इसी मामले का शिकार होने वाला है, क्योंकि विपक्ष के पास इसके अलावा कोई बड़ा मुद्दा है ही नहीं। वैसे एक मुहावरे में कहा भी गया है कि 'भागते भूत की लंगोटी ही काफी।' अब अंग्रेजी के 'हिंदू' अखबार में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी की एक भेंटवार्ता छपी है। उसमें साबरी ने दावा किया है कि श्रीलंका की सरकार के साथ अडानी के कोलंबो बंदरगाह और विद्युत परियोजना के जो सौदे हुए हैं, वे ऐसे ही हैं, जैसे कि दो सरकारों के बीच होते हैं। यह कथन बहुत मायने रखता है। पता नहीं, यह बोलते हुए साबरी को इस बात का ध्यान रहा या नहीं कि अडानी और हमारी सरकार के संबंधों को लेकर यहां बड़ा बावेला उठ खड़ा हुआ है। साबरी ने श्रीलंका के इस भयंकर संकट के समय भारत द्वारा दी गई प्रचुर सहायता के लिए मोदी सरकार का बड़ा आभार माना है लेकिन उन्होंने मोदी और अडानी को एक-दूसरे का पर्याय बना दिया है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत के विपक्षी नेताओं को अब एक छड़ी हाथ लग जाए, जिससे वे मोदी सरकार पर प्रहार कर सकें। अभी तक तो हमारा विपक्ष सिर्फ अडानी की खाली तूती बजा रहा है, जिसका असर शेयर मार्केट पर तो पड़ा है लेकिन वह जनता के कानों में नहीं गूंज पा रही है। श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने भी कहा है कि अडानी के शेयरों में हालांकि 140 बिलियन डॉलर का पतन हो गया है लेकिन उन्हें अडानी समूह की कार्यक्षमता पर पूरा भरोसा है। साबरी शायद कहना यह चाह रहे हैं कि अडानी में उनका भरोसा इसलिए है क्योंकि भारत सरकार में उनका भरोसा है। दूसरे शब्दों में भारत सरकार और अडानी को वे एक ही सिक्के के दो पहलू समझ रहे हैं। जैसा उत्साह श्रीलंका ने अडानी की परियोजनाओं के बारे में दिखाया है, वैसा ही उत्साह इस्राइल ने भी दिखाया है। हमारा विपक्ष इस्राइल से हुए अडानी के सौदे का प्रधानमंत्री की इस्राइल-यात्रा का ही परिणाम बताता है। इस्राइल का हैफा बंदरगाह सामरिक दृष्टि से पश्चिम एशिया का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। अडानी ने उसे 1.2 बिलियन डॉलर में खरीद लिया है। इस तरह के कई सौदे अडानी समूह ने देश और विदेश में किए हैं। हमें देखना यह है कि क्या इन सौदों से भारत का कोई नुकसान हुआ है? यदि नहीं हुआ है तो विपक्ष द्वारा खाली-पीली शोर मचाने का कोई नतीजा नहीं निकलने वाला है। देश में आज तक एक भी सरकार ऐसी नहीं हुई है, जिसने भारतीय उद्योगपतियों के साथ पूर्ण असहयोग का रास्ता अपनाया हो। वे असहयोग करेंगी तो देश की हानि ही होगी।

## देश दुनीया से

# भारत और चीन को साथ लेकर नया गठबंधन क्यों बनाना चाहता है रूस?

**यूक्रेन** के साथ युद्ध में जूझ रहे रूस पर पूरी दुनिया का दबाव है कि वह यूक्रेन से लड़ाई बंद करे। लेकिन रूस चाहता है कि एशिया की तीन महाशक्तियों- चीन और भारत के साथ रूस की दोस्ती बने और दुनिया के सामने एक नया गठबंधन बनकर उभरे। हाल ही में खत्म हुए जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में रूस के इस रुख का खुलासा हुआ। इसी बैठक में भारत के पारंपरिक सहयोगी और मित्र देश रूस ने सुझाव दिया कि भारत और चीन के बीच दोस्ती बढ़नी चाहिए। दिल्ली में हुए जी-20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और उसके बाद रायसीना डायलॉग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ऐसा कह कर अमेरिका को चौंका दिया। सर्गेई लावरोव को जब सम्मेलन में बोलने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि चीन और भारत दोस्त बनें। सर्गेई ने कहा कि रूस का दोनों देशों से बेहतर रिश्ता है। लेकिन अब रूस चाहता है कि एशिया के दोनों पड़ोसी देश मित्र बनें। सर्गेई लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। जयशंकर ने यह बात चीन के विदेश मंत्री किन कांग के साथ हुई बैठक में कही थी। इस संदर्भ में रूसी विदेश मंत्री का सुझाव बेहद अहम हो जाता है। सर्गेई ने रायसीना डायलॉग में चीन-भारत और चीन-रूस संबंधों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में दोनों देशों को दोस्ती करने की सलाह दे डाली। सर्गेई ने कहा कि इस मित्रता में रूस की मौजूदगी भारत और चीन के लिए बेहतर हो सकती है। सर्गेई ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए खुद का हाथ भी बढ़ाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि रूस चीन और भारत को करीब लाने का हमेशा से पक्षधर रहा है। यह सच है कि यूक्रेन संकट के बाद भारत ने रूस से सबसे ज्यादा कच्चा तेल खरीदा है। इसे लेकर शुरू में अमेरिका ने नाक भौं सिकोड़ा था। लेकिन बाद में अमेरिका ने तर्क दिया कि भारत ने अपने ढंग से अपनी अर्थव्यवस्था को देखते हुए कदम उठाया है। याद कीजिए, साल 1999। तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने जब परमाणु परीक्षण किया था, तब अमेरिका समेत उसकी अगुआई वाली पश्चिमी दुनिया ने भारत पर कई प्रतिबंध लगाये थे। लेकिन अब भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और अब भारत को नकार पाना आसान नहीं है। इसीलिए भारत के रूस से सहयोगी संबंध को अमेरिका समेत दूसरे देश भी नकार नहीं पा रहे हैं। भारत ने इस दिशा में अपनी तरह से कोशिश भी की। उसने यूक्रेन पर रूस के रुख का समर्थन भी नहीं किया। चूंकि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी है, उसने अतीत में भारत को सैनिक साजोसामान से भी मदद की है। इस लिहाज से माना जा रहा था कि भारत कभी उसके खिलाफ कदम भी नहीं उठाएगा। लेकिन भारत ने इस मिथक को तोड़ा और रूस के रुख का समर्थन नहीं किया। अलबत्ता संयुक्त राष्ट्र संघ में जब भी रूस के खिलाफ अमेरिकी अगुआई में अभियान भी चला, उस वक्त भारत ने उस अभियान का भी समर्थन नहीं किया। युद्धग्रस्त रूस से कच्चे तेल की खरीददारी करके भारत भी एक तरह से रूस की मदद कर रहा है। वहीं भारत रणनीतिक तौर पर अपने लिए सस्ता तेल भी खरीदने में कामयाब रहा है। लेकिन अब रूस को लगने लगा है कि बदली हुई वैश्विक परिस्थिति में भारत और चीन को साथ आना चाहिए। वैसे अमेरिका जिस तरह चीन पर हमलावर है, वैसी स्थिति में चीन को भी ऐसा ही रुख अख्तियार करना पड़ सकता है। लेकिन भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा उसका साम्राज्यवादी रुख है। सीमाओं पर अगर वह संयत और सौहार्द का रुख रखे तो हालात बदल सकते हैं। लेकिन चीन ऐसा नहीं करता। इसलिए सर्गेई को इस विषय में भी अपनी राय रखनी चाहिए। हालांकि उन्होंने ऐसा नहीं किया और सिर्फ दोस्ती की ही बात करके इतिश्री समझ ली। सर्गेई लावरोव ने रूस और यूक्रेन युद्ध पर भी अपने विचार रखे। इस संदर्भ में पश्चिमी देशों के रुख की आलोचना करते हुए सर्गेई ने कहा कि सब चाहते हैं कि रूस ही बातचीत की पहल करे। लेकिन कोई यूक्रेन के रुख पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन से बातचीत देशद्रोह होगा।

दिल्ली में हुए जी–20 विदेश मंत्रियों के सम्मेलन और उसके बाद रायसीना डायलॉग में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने ऐसा कह कर अमेरिका को चौंका दिया। सर्गेई लावरोव को जब सम्मेलन में बोलने का मौका मिला, तो उन्होंने कहा कि रूस चाहता है कि चीन और भारत दोस्त बनें। सर्गेई ने कहा कि रूस का दोनों देशों से बेहतर रिश्ता है। लेकिन अब रूस चाहता है कि एशिया के दोनों पड़ोसी देश मित्र बनें। सर्गेई लावरोव ने जब यह बात कही, उसके ठीक एक दिन पहले भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन और भारत के रिश्तों को लेकर जो कहा था, उस पर विवाद हो गया था। जयशंकर ने कहा था कि भारत के चीन से रिश्ते असामान्य हैं। जयशंकर ने यह बात चीन के विदेश मंत्री किन कांग के साथ हुई बैठक में कही थी।



# राष्ट्रपति बाइडन के खास, विवादों से नाता; कौन हैं एरिक गार्सेटी, जो हो सकते हैं भारत में अमेरिकी राजदूत

**वॉशिंगटन ।**

अमेरिकी सांसद की विदेश मामलों से संबंधित समिति ने भारत में राजदूत के लिए लॉस एंजिल्स के पूर्व मेयर एरिक गार्सेटी के नाम पर मुहर लगा दी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एरिक के नाम का प्रस्ताव समिति के पास भेजा था। समिति में इस प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। समिति ने 13-8 के वोटों से उनके नामांकन को मंजूरी दे दी। डेमोक्रेट के सभी सदस्यों के साथ-साथ रिपब्लिकन सीनेटर टॉड यंग और बिल हेर्टी ने भी एरिक गार्सेटी के पक्ष में मतदान किया। अब लगभग फाइनल हो चुका है कि एरिक गार्सेटी ही भारत में अमेरिका के स्थायी राजदूत होंगे। बता दें कि जनवरी 2021 के बाद से अभी तक भारत में अमेरिका का कोई स्थायी राजदूत नहीं है।

**पहले जान लीजिए वोटिंग में क्या हुआ** - अमेरिकी संसद की विदेश समिति में एरिक को भारत में अमेरिका का स्थायी राजदूत नियुक्त करने के प्रस्ताव पर वोटिंग हुई। समिति ने 13-8 वोटों से उनके नाम को मंजूरी दे दी। डेमोक्रेट के सभी सदस्यों ने एरिक के नाम पर मुहर लगाई। दो रिपब्लिकन सदस्यों ने भी एरिक के नाम पर अपना समर्थन दे दिया। एरिक को रिपब्लिकन सीनेटर टॉड संग और बिल हेर्टी ने भी वोट दिया। यंग ने गार्सेटी के पक्ष में मतदान करने के अपने निर्णय का बचाव किया। उन्होंने कहा, चीन को संतुलित करने के लिए, भारत-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के साथ काम करने के लिए भारत में तुरंत एक राजदूत रखना हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हित में है। गार्सेटी के पास बेहतर क्षमता है और सफल होने का कौशल है। सीनेट विदेश संबंध समिति के रैंकिंग सदस्य सीनेटर जिम रिस्क ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मिशन के प्रमुख बिना किसी सवाल के हमारे विदेश सेवा अधिकारियों और दूतावास के कर्मचारियों को सभी प्रकार के उत्पीड़न से बचाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पहली बार जुलाई 2021 में गार्सेटी को भारत में राजदूत बनने के लिए नामित किया था और विदेश संबंध समिति ने शुरू में जनवरी 2022 में उस पर हस्ताक्षर किए।

**अब जानिए कौन हैं एरिक** - लॉस एंजिल्स में चार फरवरी 1971 को जन्में एरिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता हैं। एरिक एक अच्छे फोटोग्राफर, जैज पियानिस्ट और कंपोजर हैं। 2005 से 2013 तक वह अमेरिकी नेवी के रिजर्व इंफॉर्मेशन डोमिनेंस कॉर्प्स में लेफ्टिनेंट रह चुके हैं। 2009 में उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एमी एलीन से शादी कर ली। दोनों ही मुलाकात ऑक्सफोर्ड में पढ़ाई के दौरान हुई थी। दोनों की एक बेटी है, जिसे इस दंपति ने गोद लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### चीन के जुल्म झेल रहे उइगुरों की आवाज उठाने वाली संस्था नोबेल पुरस्कार के लिए नामित, जिनपिंग सरकार भड़की



**वॉशिंगटन ।** उइगुर मुस्लिमों के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस को साल 2023 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जर्मनी स्थित वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस शांति, लोकतंत्र और उइगुर मुस्लिमों के कल्याण के लिए काम करती है। कनाडा के सांसदों, नॉर्वे के यंग लिबरल्स के नेता, नॉर्वे की राजनीतिक पार्टी नॉर्वे वेंस्ट्रे पॉलिटिकल पार्टी की यूथ विंग ने वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस को शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। बता दें कि नोबेल शांति पुरस्कार समारोह का आयोजन दिसंबर में ओस्लो में होगा। नोबेल शांति पुरस्कार देने वाली कमेटी ने वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस के नाम का खुलासा नहीं किया है लेकिन कनाडा के दो सांसदों ने, जिन्होंने वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस को शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है, उन्होंने ही इसका खुलासा किया है। नामित पत्र में लिखा गया है कि वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस का उद्देश्य लोकतंत्र, मानवाधिकारों और उइगुर लोगों की आजादी को बढ़ावा देना है। चीन सरकार द्वारा उइगुर मुस्लिमों के साथ किए जा रहे सलूक और उनके शारीरिक, धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक दमन के खिलाफ आवाज उठाकर वर्ल्ड उइगुर कांग्रेस नामक यह संगठन चर्चा में आया। यह संगठन जबरन गायब कर दिए लोगों के मामले उठाने, राजनैतिक कैदियों कि रिहाई, उइगुर लोगों को दुनिया के विभिन्न देशों में शरण दिलाने और संयुक्त राष्ट्र में उइगुर मुद्दों को उठाने के काम करता है।

### पाकिस्तान में महिला अधिकारों का हनन, महिला दिवस पर प्रवासी पाकिस्तानी ईसाइयों ने किया प्रदर्शन




**एम्स्टर्डम ।** नीदरलैंड में प्रवासी पाकिस्तानी ईसाइयों ने बुधवार को पाकिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन का विरोध किया। 8 मार्च को आयोजित महिला दिवस के अवसर पर एक्शन कमेटी फॉर क्रिश्चियन राइट्स, ओवरसीज पाकिस्तान क्रिश्चियन एलायंस और ग्लोबल ह्यूमन राइट्स डिफेंस (जीएचआरडी) ने नीदरलैंड में प्रदर्शन किया। जीएचआरडी ने कहा, पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक ऐसी समस्या है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महिलाओं को कई खतरों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या, घरेलू हिंसा और जबरन शादी, धर्मांतरण कराना पूरे पाकिस्तान में आम है। जब जबरन धर्मांतरण और विवाह की बात आती है तो अल्पसंख्यक महिलाओं को और भी अधिक जोखिम होता है। देश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। अल्पसंख्यक महिलाओं और लड़कियों का अपहरण किया जाता है, जबरन धर्मांतरण किया जाता है और फिर उनसे जबरन शादी की जाती है।

### यूक्रेन के 7 शहरों पर मिसाइल अटैकः जेलेंस्की बोले- रूसी सेना की वापसी तक पुतिन से बात नहीं; वे अपनी बात से पलट जाते हैं



**कीव।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात करने से इनकार कर दिया है। जेलेंस्की ने कहा- जब तक रूसी सेना यूक्रेन नहीं छोड़ेगी तब तक हम उनसे बात नहीं करेंगे। वहीं रूसी सेना ने राजधानी कीव सहित 7 शहरों पर करीब 15 मिसाइलें दागी हैं। इस अटैक में 6 लोगों की मौत हुई है। मिसाइल हमले में रेसिडेंशियल बिल्डिंग और पॉवर प्लांट को टार्गेट किया गया। इसके चलते जपोरीजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट से पावर सप्लाई बंद हो गई है। कीव के 15प्रतिशत इलाके में ब्लैकआउट हो गया है, वहीं कई दूसरे शहरों में भी पावर सप्लाई नहीं है। लोगों से शेल्टर लेने की अपील की गई है। बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा- पुतिन अपनी बात पर टिकते नहीं हैं इसलिए किसी भी परिस्थिति में हम अभी उनसे बात नहीं करना चाहते हैं। हम उनपर भरोसा नहीं करते हैं। रूस के यूक्रेन छोड़ने के बाद ही हम उनसे किसी भी तरह की डिप्लोमैटिक बातचीत करने के लिए तैयार होंगे। हम इस जंग में जीत चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि यूक्रेन को जंग की आदत हो जाए। हालांकि, पिछले एक साल में हमें हर रोज नए चैलेंज की आदत लग चुकी है। सब यही चाहते हैं कि ये युद्ध खत्म हो।

## चीन-पाक ने उकसाया तो सैन्य कार्रवाई कर सकता है भारत

# रिपोर्ट-पहले की सरकारों के मुकाबले, मोदी शासन में करारा जवाब देने को तैयार सेना

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका की इंटेलिजेंस कम्युनिटी ने बुधवार को दावा किया है कि आने वाले समय में चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के रिश्तों में तनाव और भी बढ़ सकता है। जिसका जवाब भारत सैन्य कार्रवाई कर देगा।

रिपोर्ट में लिखा है- पिछली सरकारों की तुलना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में इस बात की आशंका बढ़ गई है कि चीन और पाकिस्तान की तरफ से की गई किसी भी भड़काऊ हरकत के जवाब में भारत अपनी मिलिट्री को उतार सकता है।



### बातचीत के बावजूद भारत-चीन के रिश्ते बिगड़ेंगे

अमेरिकी संसद में एनुअल थ्रेट एसेसमेंट यानी बाहरी खतरों का सालाना आंकलन करने वाली रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन और भारत बातचीत के जरिए बॉर्डर पर जारी विवाद को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बावजूद दोनों देशों के बीच रिश्तों में तनाव बना रहेगा।

### भारत-पाक को लेकर किए गए रिपोर्ट के दावे...

अमेरिकी इंटेलिजेंस ने कश्मीर को भारत-पाक के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ाने की अहम वजह माना है। रिपोर्ट में लिखा है कि 2021 में लाइन ऑफ कंट्रोल पर हुए सीजफायर के समझौते के बाद से दोनों देश संबंधों में शांति कायम रखना चाहते हैं। हालांकि, भारत विरोधी मिलिटेंट्स का समर्थन करने का पाकिस्तान का पुराना इतिहास रहा है। पीएम मोदी की लीडरशिप में अब पाक की किसी भी भड़ाकऊ हरकत पर भारत भी कड़ा जवाब देगा।

### रिपोर्ट में और क्या कहा है

1. भारत-पाकिस्तान के बीच क्राइसिस को बड़ी चिंता बताया है।

2. दोनों देशों में एक-दूसरे के खिलाफ पहले जारी विवादों के चलते जो सोच बनी हुई है उससे तनाव बढ़ने की आशंकाएं और बढ़ जाती हैं।

3. दोनों देशों के बीच तनाव से कश्मीर में हिंसा और भारत में आतंकी हमला होता है तो दोनों देशों के बीच स्थिति नियंत्रण के बाहर हो जाएगी।

### भारत-चीन विवाद अमेरिका के लिए खतरा

अमेरिका की इंटेलिजेंस रिपोर्ट में 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष को दशक का सबसे खतरनाक संघर्ष बताया है। रिपोर्ट में दावा किया है कि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति अमेरिका और उसके लोगों के लिए बड़ा खतरा है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि दोनों देशों के बीच बढ़ते विवाद में अमेरिका को दखल देना चाहिए।

### अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने क्या कहा

रिपोर्ट जारी होने के बाद अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट के प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा- पाकिस्तान के साथ हमारा काउंटर टेररिज्म डायलॉग जाहिर करता है कि वहां आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए कितने गंभीर हैं।

उन्होंने कहा पाकिस्तान में आतंकवाद की समस्या साउथ एशिया से बाहर भी फैल सकती है। साउथ और सेंट्रल एशिया में शांति स्थापित करना हमला मेन मकसद है।

### सेना ने चीन सीमा पर एक्टिविटी बढ़ाई

भारतीय सेना ने चीन बॉर्डर पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी बढ़ा दी है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक लद्दाख में तैनात सेना के जवान गलवान घाटी और आस पास के इलाकों में घोड़ों से पेट्रोलिंग कर रहे हैं। सामान ढोने के लिए खच्चरों को भी इन इलाकों में ले जाया जा रहा है।

इधर, सेना की कुछ तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिसमें सैनिक गलवान इलाके में क्रिकेट और आइस हॉकी खेल रहे थे। भारतीय सेना ने इन जगहों के नाम नहीं बताए, लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि यह वही जगह थी, जहां 15-16 जून 2020 की रात में भारत-चीन के सैनिकों के बीच झड़प हुई थी।

## श्रीलंका हमेशा भारत का अहसानमंद

# विदेश मंत्री बोले- जो मुश्किल में काम आए, वही सच्चा दोस्त- भारत इस कसौटी पर खरा उतरा

**कोलंबो।**

श्रीलंका के विदेश मंत्री ने कहा है कि मुश्किल वक्त में भारत ने उनके देश की सबसे ज्यादा मदद की है और इसके लिए श्रीलंका हमेशा भारत का शुक्रगुजार और अहसानमंद रहेगा।



नई दिल्ली में चल रहे रायसीना हिल्स डायलॉग में हिस्सा लेने के बाद एक पॉडकास्ट में श्रीलंकाई फॉरेन मिनिस्टर अली साब्रे ने कहा- सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुश्किल वक्त और खराब हालात में आपका हाथ थामे और मदद करे। भारत ने यही किया है।

कुछ महीने पहले श्रीलंका दिवालिया हो गया था। इसके बाद वहां सिविल वॉर के हालात बन गए थे। इस दौर में भारत सरकार ने फूड, फ्यूल और मेडिसिन के साथ करीब 3 अरब डॉलर का फॉरेन डिपॉजिट भी अपने इस पड़ोसी को दिया था।

### भारत के आम लोगों ने भी बहुत मदद की

साब्रे ने श्रीलंका और भारत के रिश्तों को ऐतिहासिक बताया। कहा- इकोनॉमिक क्राइसिस से गुजर रहे हमारे देश को सिर्फ भारत सरकार ने ही मदद नहीं दी, यहां के आम लोग भी हमारे साथ खड़े रहे। आप हमारे सच्चे दोस्त हैं। भारत ने हमारे लिए जो किया है, श्रीलंका हमेशा अहसानमंद रहेगा।

फॉरेन मिनिस्टर ने कहा- जब हम कर्ज जाल में फंसे और मुल्क दिवालिया हुआ तो भारत ने सबसे पहले मदद भेजी। ऐसा कोई दूसरा देश नहीं कर सका। आप सोचिए कि भारत ने हमें आईएमएफ से भी कर्ज दिलाया ताकि हमारी इकोनॉमी को पटरी पर लाया जा सके।

श्रीलंका की मदद करने वाले देशों में भारत के अलावा चीन और जापान भी हैं। पिछले महीने भारत के विदेश मंत्री जयशंकर श्रीलंका दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने वादा किया था कि वहां की इकोनॉमिक रिकवरी में भारत मदद और इन्वेस्टमेंट करता रहेगा।

### कर्ज ने तबाह किया

एक दशक के दौरान श्रीलंका की सरकारों ने जमकर कर्ज लिए, लेकिन इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने के बजाय दुरुपयोग ही किया। 2010 के बाद से ही लगातार श्रीलंका का विदेशी कर्ज बढ़ता गया। श्रीलंका ने अपने ज्यादातर कर्ज चीन, जापान और भारत से लिए। 2018 से 2019 तक श्रीलंका के प्रधानमंत्री रहे रानिल विक्रमसिंघे ने हंबनटोटा पोर्ट को चीन को 99 साल की लीज पर दे दिया था। ऐसा चीन के लोन के पेमेंट के बदले किया गया था। ऐसी नीतियों ने उसके पतन की शुरुआत की। उस पर वर्ल्ड बैंक, एशियन डेवलेपमेंट बैंक जैसे ऑर्गेनाइजेशन का भी पैसा बकाया है। साथ ही उसने इंटरनेशनल मार्केट से भी उधार लिया है। श्रीलंका की एक्सपोर्ट से अनुमानित आय 12 अरब डॉलर है।

# ऋषि सुनक के अवैध प्रवासी बिल का शुरू हुआ विरोध, संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने बताया- कानून का उल्लंघन

**लंदन ।**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हाल ही में एलान किया था कि उनकी सरकार जल्द ही अवैध प्रवासी बिल लेकर आएगी, जिससे ब्रिटेन में आने वाले अवैध प्रवासियों पर रोक लगाई जाएगी। हालांकि ब्रिटेन के इस बिल का विरोध शुरू हो गया है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी ने इस बिल का विरोध किया है और इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है। बता दें कि इस हफ्ते में ही ब्रिटेन की गृहमंत्री सुएला ब्रेवरमैन अवैध प्रवासी बिल को लाने वाली हैं। जिसमें इंग्लिश चैनल के द्वारा ब्रिटेन में छोटी नौकाओं पर आने वाले अवैध प्रवासियों पर रोक लगाई जाएगी। इस बिल के तहत ब्रिटेन की सरकार सभी छोटी नौकाओं पर रोक लगाएगी और जो लोग इंग्लिश चैनल से अवैध तरीके से ब्रिटेन में घुस रहे हैं, उन्हें पकड़कर निर्वासित किया जाएगा और साथ ही उनके फिर कभी ब्रिटेन आने पर भी प्रतिबंध लगाए जाने की योजना है। ब्रिटेन के इस प्रस्तावित बिल का संयुक्त राष्ट्र ने विरोध किया है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थियों से संबंधित एजेंसी यूएनएचसीआर ने कहा है कि यह बिल 1951 के शरणार्थी सम्मेलन का साफ उल्लंघन है। जिसमें कहा गया है कि शरणार्थी वो हैं, जो प्रताड़ना से बचने के लिए शरण मांग रहे हैं और इसके तहत उन्हें बेहद कठिन हालात के अलावा किसी शर्त पर वापस नहीं भेजा जा सकता। एजेंसी ने कहा कि अधिकतर लोग युद्ध और प्रताड़ना के कारण अपना देश छोड़कर भागते हैं और उन्हें पासपोर्ट और वीजा नहीं मिल पाता। ऐसे में उनके लिए कोई कानूनी रास्ता नहीं बचता। अब इस आधार पर उन्हें भविष्य में भी शरण नहीं देना गलत है और यह शरणार्थी सम्मेलन में तय की गईं बातों का उल्लंघन है।



# अमेरिका की सुरक्षा के लिए चीन सबसे बड़ा खतरा, खुफिया अधिकारी ने अमेरिकी संसद में दी जानकारी

**वॉशिंगटन ।**

अमेरिकी संसद में बुधवार को नेशनल इंटेलीजेंस के डायरेक्टर एवरिल हैन्स ने चीन को लेकर बड़ी बात कह दी। अमेरिकी सांसदों को संबोधित करते हुए एवरिल हैन्स ने कहा कि मौजूदा समय अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा और नेतृत्व पर सबसे अग्रणी और परिणामी खतरा चीन ही है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) वैश्विक स्तर पर अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर उभर चुका है। हैन्स को अमेरिकी सांसदों ने चीनी चुनौतियों को लेकर चर्चा करने के लिए बुलाया था। एवरिल हैन्स ने कहा सीसीपी विश्व स्तर पर अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और नेतृत्व के लिए अग्रणी और सबसे परिणामी खतरे का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी खुफिया विशिष्ट महत्वाकांक्षाएं और क्षमताएं हमारे लिए सबसे गंभीर और परिणामी खुफिया प्रतिद्वंद्वी बनाती हैं। उन्होंने आगे कहा, पिछले एक साल के दौरान रूस के साथ चीन के गहरे सहयोग से हमारे ऊपर खतरा अतिरिक्त रूप से जटिल हो गया है। जो खुफिया समुदाय के लिए गहन ध्यान देने वाला क्षेत्र भी बना हुआ है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, जो दुनिया भर में आर्थिक, तकनीकी, राजनीतिक और सैन्य रूप से अमेरिका को तेजी से चुनौती दे रहा है, हमारी अद्वितीय प्राथमिकता बनी हुई है। हैन्स ने आगे कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन उनके दृष्टिकोण को प्राप्त करने के प्रयासों को जारी रखेगा। चीन को पूर्वी एशिया में प्रमुख शक्ति और विश्व मंच पर एक प्रमुख शक्ति बनाना है। वह पूरी दुनिया को अपनी मुठ्ठी में करना चाहता है। हैन्स ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए सीसीपी पूरी तरह से आश्वस्त है और इसी दिशा में तेजी से वह काम भी कर रहा है। वह अमेरिकी शक्ति और प्रभाव की कीमत को कम करके अपनी ताकत का प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, चीन सभी तरह के सरकारी उपकरणों का उपयोग करके अपने पड़ोसियों को अपनी प्राथमिकताओं को स्वीकार करने के लिए मजबूर कर सकता है। वह पड़ोसियों की जमीनों पर कब्जा करेगा। जैसे ताइवान को पूरी तरह से नियंत्रण करने की कोशिश कर रहा है।




# लाहौर में इमरान खान के समर्थकों पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले; एक की मौत, कई कार्यकर्ता गिरफ्तार

**लाहौर ।**

पाकिस्तान में इन दिनों राजनीतिक माहौल गर्म है। एक तरफ पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। दूसरी ओर पंजाब सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की रैली से पहले लाहौर में धारा 144 लगाकर सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। रैली पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में पीटीआई के सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक लाहौर में इमरान खान के आवास के बाहर जाम हो गए। पुलिस ने पीटीआई कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। पुलिस की कार्रवाई में इमरान खान के एक समर्थक की मौत हो गई। साथ ही प्रदर्शन कर रहे पीटीआई के सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, रैली पर प्रतिबंध लगाने के फैसले के विरोध में पीटीआई ने अदालत का दरवाजा भी खटखटाया है। पीटीआई की वरिष्ठ नेता शिरीन मजारी ने मीडिया को बताया कि लाठीचार्ज के दौरान सिर में चोट लगने से घायल पीटीआई कार्यकर्ता अली बिलाल (40) की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ता घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि पीटीआई की महिला कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। एक अधिसूचना में, गृह विभाग ने कहा, यह देखा गया है कि जिला लाहौर के विभिन्न स्थानों पर रोजाना बड़ी संख्या में रैलियां और विरोध प्रदर्शन किए जाते हैं। ये न केवल गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा करते हैं बल्कि यातायात को भी बाधित करते हैं और बड़े पैमाने पर जनता को असुविधा का कारण बनते हैं। आदेश में यह भी कहा गया है कि किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए जिला लाहौर में रैलियां, जुलूस, प्रदर्शन, जलसा, धरना, विरोध और इस तरह की अन्य गतिविधियों पर रोक सात दिनों तक लागू रहेगी।



**पीटीआई की अपने चुनाव अभियान शुरु करने की योजना थी** - पीटीआई ने बुधवार को जमान पार्क से दाता दरबार तक एक रैली के जरिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करने की योजना बनाई थी। जानकारी के मुताबिक, रैली में पार्टी प्रमुख इमरान खान के व्यक्तिगत रूप से भाग लेने की वाले थे।

**सरकार कानून के राज पर हमला कर रही है: इमरान खान** - पंजाब सरकार के आदेश पर इमरान ने भी प्रतिक्रिया दी है। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने 90 दिनों में पंजाब और केपी में चुनाव कराने का आदेश दिया है। पीटीआई ने लाहौर में चुनावी रैली की शुरुआत की। किस कानून के तहत, पंजाब की कार्यवाहक सरकार हमारी नियोजित रैली को रोकने के लिए निहत्थे कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस हिंसा का इस्तेमाल कर रही है उन्होंने आगे कहा, कार्यवाहकों का एकमात्र काम निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करना है। वे जो कर रहे हैं वह कानून के शासन, हमारे संविधान और लोकतंत्र पर हमला है। यह अब जंगल का कानून है। पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने ट्विटर पर कहा कि पंजाब में राजनीतिक सभाओं पर प्रतिबंध फासीवादी सरकार का नया हथियार है। उन्होंने कहा कि साम्राज्यवादी ताकतें हमेशा लोगों से डरती रही हैं। पाकिस्तान के लोगों ने हमेशा अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है। पंजाब सरकार के आदेश के बाद पुलिस ने जमां पार्क के पास की सड़कों को सील कर दिया और कुछ पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

### युद्ध जीतने के लिए राष्ट्रपति शी ने रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने का किया आह्वान

**बीजिंग ।** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को युद्ध जीतने के लिए चीनी सेना की एकीकृत राष्ट्रीय रणनीतियों और रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी और सेना प्रमुख शी ने कहा कि एक आधुनिक समाजवादी देश के निर्माण के साथ-साथ पीपुल्स लिबरेशन की शताब्दी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एकीकृत राष्ट्रीय रणनीतियों और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने और बढ़ाने का गहरा महत्व है। 2027 में सेना (पीएलए) और अधिक तेज़ी से सशस्त्र बलों को विश्व-स्तरीय मानकों तक बढ़ाना। चीन की राष्ट्रीय रणनीतिक क्षमताओं को अधिकतम करने के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए, शी ने वार्षिक संसद सत्र में भाग लेने वाले पीएलए प्रतिनिधियों की एक बैठक की।



# अफगानिस्तान को 20 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेजेगा भारत: ईरान के चाबहार बंदरगाह के जरिए जाएगा, इंडिया-सेंट्रल एशिया की बैठक में फैसला

**नई दिल्ली।**
भारत ने यूनाइटेड नेशन वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के साथ साझेदारी के तहत अफगानिस्तान को 20 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेजने का ऐलान किया है। दिल्ली में मंगलवार को इंडिया सेंट्रल एशिया की जॉइंट वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। खास बात ये है कि काबुल को यह मदद पाकिस्तान के रास्ते नहीं बल्कि ईरान के चाबहार बंदरगाह के जरिए भेजी जा रही है।

भारत और सेंट्रल एशिया के पांच देशों के बीच मंगलवार को अफगानिस्तान के हालात पर भी चर्चा की गई। इस दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने या किसी तरह की आतंकी गतिविधियों के योजना बनाने के लिए नहीं होनी चाहिए। इसी दौरान ये भी तय हुआ कि अफगानिस्तान की मदद के लिए गेहूं की खेप ईरान के रास्ते भेजी जाएगी।

**भारत समेत 6 देशों ने हिस्सा लिया** - जेडब्लूजी की बैठक मंगलवार को भारत में हुई। इसमें कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष दूतों और सीनियर अधिकारियों ने हिस्सा लिया। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम्स के देशों के प्रतिनिधियों ने भी इसमें भाग लिया।

**क्या कहा गया संयुक्त बयान में** - जेडब्लूजी ने बैठक के बाद एक संयुक्त बयान भी जारी किया। इसमें कहा गया है कि बैठक में सही मायने में समावेशी और प्रतिनिधिक राजनीतिक ढांचे के गठन के महत्व पर जोर दिया गया, जो सभी अफगानियों के अधिकारों का सम्मान करे और शिक्षा तक पहुंच सहित महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के समान अधिकार को सुनिश्चित करे।बयान में आगे ये भी कहा गया है कि विचार-विमर्श के दौरान अधिकारियों ने आतंकवाद, उग्रवाद, कट्टरता और मादक पदार्थों की तस्करी के क्षेत्रीय खतरों पर चर्चा की और इन खतरों का मुकाबला करने के लिए समन्वित प्रयास की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।

**भारत ने अफगानिस्तान को 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं देने का वादा किया** - अफगानिस्तान में तख्ता पलट के बाद भुखमरी के हालात पैदा हो गए थे। भारत ने अफगानिस्तान के नागरिकों व सरकार की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया था। भारत ने बीते साल वादा किया था कि वे अफगानिस्तान को 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खेप भेजेंगे। भारत 36,500 मीट्रिक टन गेहूं पाकिस्तान के रास्ते अफगानिस्तान भेज चुका है।

**भारत-अफगानिस्तान में बेहतर होते रिश्ते** - तालिबान का शासन आने के बाद हर कोई भारत-अफगानिस्तान रिश्तों को लेकर चिंतित था, लेकिन पहले 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं की मदद का वादा करने के बाद से ही दोनों देशों के रिश्ते बेहतर होते जा रहे हैं। भारत ने अफगानिस्तान में तकरीबन 10 माह से बंद पड़े अपने दूतावास को भी दोबारा खोल दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपके मानसिक स्वास्थ्य पर पत्नी-बच्चों से ज्यादा नौकरी का असर, रिपोर्ट में किया गया दावा




**नई दिल्ली** । एक हालिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुनिया भर के 60प्रतिशत कर्मचारी ऐसा महसूस करते हैं कि उनका जॉब उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारण है। सर्वे में शामिल लोगों की एक बड़ी संख्या ने यह भी कहा कि वे अपने मानसिक स्वास्थ्य को अधिक तनख्वाह वाली नौकरी से अधिक तरजीह देंगे। इसके लिए वे कम सैलरी पर भी काम करने को तैयार हैं। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रबंधकों का लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर उतना ही प्रभाव पड़ता है जितना कि उनके पति या पत्नी का (दोनों 69प्रतिशत)। उनके डॉक्टर (51प्रतिशत) या थेरेपिस्ट (41प्रतिशत) की तुलना में भी अधिक नौकरी का मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक स्तर पर 40प्रतिशत सी-स्तर के लीडर्स काम से संबंधित तनाव के कारण अगले 12 महीनों में पद छोड़ देंगे। यूकेजी के वर्कफोर्स इंस्टीट्यूट की ओर से इस महीने की शुरुआत में मेंटल हेल्थ एट वर्क: मैनेजर्स एंड मनी रिपोर्ट में ये बातें कही गईं हैं। इसमें सर्वे में विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं वाले 10 देशों के कामकाजी लोगों को शामिल किया गया है और उनके जवाब लिए गए हैं। सर्वेक्षण के विवरण के अनुसार दुनिया भर में पांच कर्मचारियों में से एक का मानना है कि उनकी नौकरी का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है - महिलाओं के खिलाफ संख्या और अधिक विषम है।

### गूगल ट्रांसलेट से इमेज को टेक्स्ट में बदल सकेंगे: कंपनी ने वेब प्लेटफॉर्म के लिए शुरू की सर्विस, एआर ट्रांसलेट टूल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल




**नई दिल्ली।** गूगल ट्रांसलेट से अब आप इमेजेज को भी टेक्स्ट में बदल सकेंगे। ये सर्विस वेब प्लेटफॉर्म के लिए है। गूगल इस सर्विस के लिए गूगल लेंस में इस्तेमाल होने वाले एआर ट्रांसलेट टूल टेक्नोलॉजी का ही इस्तेमाल कर रही है। गूगल ट्रांसलेट की वेबसाइट पर जाने पर, आपको पेज के टॉप पर टैब की एक रो दिखाई देगी। यदि आपने पहले टूल का उपयोग किया है, तो आप टैब के ग्रुप में एक नया एडिशन इमेजेज टैब देख सकते हैं। इमेजेज टैब पर क्लिक करने के बाद अपने कंप्यूटर से एक फोटो या स्क्रीनशॉट अपलोड करना होगा। ये टूल आपकी इमेज पर लिखे शब्दों को टेक्स्ट फॉर्मेट में कनवर्ट कर देगा। यूजर्स इस टेक्स्ट को कॉपी कर सकते हैं, ट्रांसलेटेड इमेज को डाउनलोड कर सकते हैं या इसे क्लियर कर सकते हैं। यह नया फीचर उन यूजर्स के लिए फायदेमंद होगा, जिन्हें साइन्स, मेन्यू या डॉक्युमेंट्स जैसे इमेज से टेक्स्ट ट्रांसलेट करने की जरूरत होती है। यह उन छात्रों और शोधकर्ताओं की भी मदद कर सकता है, जिन्हें किताबों या पेपर्स से तुरंत ट्रांसलेशन की जरूरत होती है।

### ओयो फाउंडर के रिसेप्शन में शामिल हुए सॉफ्टबैंक के चीफ: अग्रवाल ने सन के पैर छूकर आशीर्वाद लिया; पेटीएम, लेंसकार्ट के फाउंडर्स से भी मुलाकात की



**नई दिल्ली।** सॉफ्टबैंक ग्रुप के फाउंडर मासायोशी सोन ने मंगलवार को भारत का दौरा किया। वो ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल की शादी के रिसेप्शन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। इस दौरान उन्होंने टॉप स्टार्ट-अप फाउंडर्स और सीईओ से भी मुलाकात की। सन ने पेटीएम के विजय शेखर शर्मा, फ्लिपकार्ट के कल्याण कृष्णमूर्ति, लेंसकार्ट के पीयूष बंसल सहित अन्य शीर्ष भारतीय स्टार्ट-अप फाउंडर्स और सीईओ से मुलाकात की। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा ने इसे लेकर एक ट्वीट किया, मासा को मुस्कुराते हुए, खुश और अपनी भारत यात्रा का आनंद लेते हुए देखकर बेहद खुशी हुई।

## अडाणी ग्रुप की 3 कंपनियों पर एनएसए का एक्शन

# पावर-विल्मर के साथ एंटरप्राइजेज को फिर एएसएम में रखा, तीनों स्टॉक्स पर एनएसए की नजर

**नई दिल्ली।**
अडाणी ग्रुप की अब तीन कंपनियों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने शॉर्ट-टर्म एडिशनल सर्विलांस मेजर्स फ्रेमवर्क में डाल दिया है। एनएसए के सर्कुलर के मुताबिक, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पावर और अडाणी विल्मर को शॉर्ट-टर्म एएसएम फ्रेमवर्क में रखा गया है।

**अडाणी एंटरप्राइजेज, पावर और विल्मर को एएसएम में डाला** - सर्कुलर में यह भी बताया गया है कि एनएसए गुरुवार से अडाणी ग्रुप की इन तीनों कंपनियों पर नजर रखेगी। हाल ही में एनएसए ने अडाणी एंटरप्राइजेज को एएसएम फ्रेमवर्क से बाहर किया था। हालांकि, अब एक बार फिर अडाणी एंटरप्राइजेज को अडाणी पावर और अडाणी विल्मर के साथ एएसएम फ्रेमवर्क में डाल दिया गया है।

बीते कुछ दिनों से अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही थी। अडाणी पावर और अडाणी विल्मर के शेयरों में भी कई दिनों से 5-5प्रतिशत का अपर सर्किट लगा हुआ है। यही वजह है कि एनएसए ने अडाणी ग्रुप की इन तीनों कंपनियों को एएसएम फ्रेमवर्क में डाला है।

**अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 5प्रतिशत की गिरावट** - इस खबर के कारण आज अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में करीब 5प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, अडाणी पावर के शेयर में आज भी 5प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है। वहीं अडाणी विल्मर के शेयरों में 2प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिल रही है।

**अडाणी एंटरप्राइजेज को 8 मार्च को एएसएम से किया था बाहर** - एनएसए ने 6 मार्च को अडाणी एंटरप्राइजेज को शॉर्ट-टर्म एएसएम फ्रेमवर्क से बाहर निकालने की जानकारी दी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, एनएसए के सर्कुलर में कहा गया था कि करीब एक महीने के बाद अडाणी एंटरप्राइजेज 8 मार्च (बुधवार) से एएसएम फ्रेमवर्क से बाहर हो जाएगा।

**पिछले महीने एंटरप्राइजेज, अंबुजा और पोर्ट्स को एएसएम में डाला था** - हिंडनबर्ग की रिपोर्ट



सामने आने के बाद एनएसए ने पिछले महीने 6 फरवरी को अडाणी ग्रुप के स्टॉक्स में हाई वोलैटिलिटी के चलते अडाणी एंटरप्राइजेज, अंबुजा सीमेंट्स और अडाणी पोर्ट्स को शॉर्ट टर्म एएसएम में डाल दिया था। हालांकि, एनएसए ने अडाणी एंटरप्राइजेज से पहले ही अंबुजा सीमेंट्स और अडाणी पोर्ट्स को इस फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया था।

**क्या होता है शॉर्ट टर्म एएसएम** - एएसएम एक तरह की निगरानी होती है। जिसमें मार्केट के रेगुलेटर सेबी और मार्केट एक्सचेंज बीएसई -एनएसए एडिशनल सर्विलांस में डाले गए स्टॉक्स पर नजर रखते हैं। इसका मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करना होता है। जब किसी शेयर में मैनिपुलेशन या ज्यादा ट्रेडिंग होने से कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव दिखता है, तो उन शेयरों को एएसएम में डाल दिया जाता है। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में बड़े पैमाने पर बिकवाली के चलते इसे एएसएम में डाला गया था। जब एनएसए ने एंटरप्राइजेज को एएसएम में डाला था, तो इसका असर भी शेयरों पर देखनो को मिला था और इनमें बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अब एक बार फिर अडाणी एंटरप्राइजेज को एनएसए ने एएसएम में डाला है, तो फिर इसके शेयरों में गिरावट देखने को मिल सकती है।

**पिछले 6 ट्रेडिंग सेशन में 77प्रतिशत बढ़ा था अडाणी एंटरप्राइजेज** - पिछले कुछ दिनों से अडाणी ग्रुप की सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही थी। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में पिछले 6 ट्रेडिंग सेशन में करीब 77प्रतिशत की तेजी आई है। बीते कारोबारी दिन यानी बुधवार (8 मार्च) को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 2.83प्रतिशत चढ़ा था। वहीं अडाणी पोर्ट्स में 3.06प्रतिशत की तेजी रही थी। पावर, ट्रांसमिशन, ग्रीन एनर्जी, टोटल गैस और विल्मर के शेयरों में करीब 5-5प्रतिशत चढ़े थे। ग्रुप के सीमेंट स्टॉक और अंबुजा में 1प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही थी। मीडिया स्टॉक में भी 4.81प्रतिशत की तेजी रही थी।

**रोड-शोज और इन्वेस्टमेंट मिलने से आई शेयरों में तेजी** - माना जा रहा है कि अडाणी ग्रुप के शेयरों में यह तेजी उसके फिक्स्ड इनकम रोड-शोज और कंपनी को एक बड़ा इन्वेस्टमेंट मिलने के कारण भी आई है। दरअसल, अडाणी ग्रुप अपने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए इन दिनों दुनिया के कई देशों में रोड-शो कर रहे हैं।

**अडाणी ग्रुप अब लंदन, दुबई और अमेरिका में रोड शो करेगा** - रिपोर्ट के अनुसार, अडाणी ग्रुप लंदन, दुबई और अमेरिका के कई शहरों में 7 मार्च से 15 मार्च के बीच रोड-शोज करेगा। ग्रुप को उम्मीद है कि इन रोड-शोज के जरिए वो निवेशकों से मिल पाएंगे और कंपनी में निवेशकों का भरोसा और बढ़ेगा। हाल ही में अडाणी ग्रुप ने सिंगापुर और हांगकांग में रोड-शो किया था, जो काफी सक्सेसफुल रहा था। इस रोड-शो के बाद निवेशकों का भरोसा काफी हद तक बहाल भी हुआ है। जिसके चलते ग्रुप के शेयरों में लगातार तेजी भी देखने को मिल रही है।

**रोड-शोज के जरिए निवेशकों का भरोसा जीतने में जुटा ग्रुप** - अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट सामने आने के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी ज्यादा गिरावट देखने को मिली थी। इस वजह से अडाणी ग्रुप पर निवेशकों का भरोसा भी कम हो गया था। अब इन रोड-शोज के जरिए अडाणी ग्रुप अपने निवेशकों का भरोसा वापस पाने की कोशिशों में जुटा है। रोड-शो के अलावा अडाणी ग्रुप निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए और भी कई तरह के प्रयास कर रहा है।

## जियो 490 करोड़ में मिमोसा नेटवर्क का अधिग्रहण करेगी

# मिमोसा के पास वाय-फाय 5 और नई वाय-फाय 6ई तकनीक, कंज्यूमर्स को कॉस्ट-इफेक्टिव ब्रॉडबैंड मिलेगा




**नई दिल्ली।**
नैस्डैक-लिस्टेड एयरस्पैन नेटवर्क्स और जियो प्लेटफॉर्म्स की सब्सिडियरी कंपनी रैडिसिस कॉर्पोरेशन ने एक एग्रीमेंट साइन किया है। एग्रीमेंट के तहत रैडिसिस डेट-फ्री, कैश-फ्री बेसिस पर मिमोसा नेटवर्क्स को 60 मिलियन डॉलर (करीब 491 करोड़ रुपए) में अधिग्रहित करेगी।

एयरस्पैन ने कॉस्ट इफेक्टिव फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस नेटवर्क कनेक्शन को टारगेट करने के लिए 2018 में मिमोसा नेटवर्क को अधिग्रहित किया था। मिमोसा का जियो प्लेटफॉर्म्स के साथ ट्रांजैक्शन रेगुलेटरी शर्तों के अधीन है। इसके 2023 की तीसरी तिमाही में पूरा होने की उम्मीद है।

**प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में वाय-फाय 5 और नई वाय-फाय 6ई तकनीक** - मिमोसा नेटवर्क्स के पास वाय-फाय 5 और नई वाय-फाय 6ई तकनीकों पर आधारित पॉइंट-टू-पॉइंट और पॉइंट-टू-मल्टी-पॉइंट प्रोडक्ट का पोर्टफोलियो है। इसके साथ ही ट्विस्ट ऑन एंटेना, इंजेक्टर जैसी इससे जुड़ी एसेसरीज है। जियो मिमोसा के प्रमुख ग्राहकों में से एक रहा है। रैडिसिस के अधिग्रहण के बाद भी मिमोसा के प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मैन्युफैक्चरिंग और 56 कर्मचारियों की सेल्स टीम मिमोसा के साथ जुड़ी रहेगी।

**कॉस्ट-इफेक्टिव फिक्स्ड और मोबाइल ब्रॉडबैंड मिलेगा** - जियो के प्रेसिडेंट मैथ्यू ओमन ने कहा, मिमोसा का अधिग्रहण टेलीकॉम नेटवर्क प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन में जियो के इनोवेशन और लीडरशिप को और तेज करेगा। इससे कंज्यूमर को कॉस्ट-इफेक्टिव, रैपिडली डिप्लॉयबल फिक्स्ड और मोबाइल ब्रॉडबैंड मिलेगा। वहीं एयरस्पैन के चेयरमैन और सीईओ ने एरिक स्टोनस्ट्रॉम ने कहा, यह एयरस्पैन की बैलेंस शीट को मजबूत करेगा जिससे कंपनी 4जी और 5जी प्राइवेट और एमएनओ नेटवर्क को आगे बढ़ाने में सक्षम होगी। ये हमारा मुख्य फोकस रहा है। जियो ने अगस्त 2022 में अपने 5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सॉल्यूशन को अनवील किया था। इसे जियो एयरफाइबर कहा जाता है। इसके जरिए कंपनी 100 मिलियन घरों को टारगेट कर रही है।

## फेड प्रमुख पॉवेल के संकेतों से कमजोर हुआ क्रिप्टो बाजार, बिटकॉइन, इथेरियम व सोलाना टूटे

**नई दिल्ली ।**
क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गुरुवार को मिले-जुले ढंग से कारोबार होता दिखा। फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के निराशावादी कमेंट के बाद कई क्रिप्टो असेट्स में बिकवाली दिखी। पॉवेल ने कहा है कि आने वाले दिनों में महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की जाएगी। गुरुवार के ट्रेडिंग सेशन के दौरान बिटकॉइन, सोलाना और पॉलीगॉन जैसे क्रिप्टो में कमजोरी दिखी वहीं बीएनपी, एक्सआरपी और शिबू इनू के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी बाजार का मार्केट कैप बीते 24 घंटों के दौरान घटकर 996.91 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। इसमें करीब 0.93प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाययूकॉइन के सीईओ शिवम ठकराल के अनुसार वैश्विक क्रिप्टोबाजार का मार्केट कैप अमेरिका के केंद्रीय बैंक की ओर से ब्याज दरों में और बढ़ोतरी करने के संकेत मिलने के बाद 1 ट्रिलियन डॉलर के नीचे पहुंच गया। यूएस फेड ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए और कड़े मौद्रिक रुख की बात कही है। सख्त मौद्रिक पॉलिसी के कारण आने वाले दिनों में



क्रिप्टोबाजार में लिक्विडिटी में गिरावट दिख सकती है। इससे कीमतों में और गिरावट की आशंका है। ठकराल के अनुसार कीमतों का नीचे गिरना निवेशकों को अपने रिस्क लेने की क्षमता के अनुसार और खरीदारी का अवसर देगा। बीते 24 घंटों के दौरान बिटकॉइन 1.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,751 डॉलर के लेवल पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी ओर, इथेरियम भी टूटकर 1550 डॉलर के नीचे आ गया है। बीते 24 घंटों के दौरान बिटकॉइन का वॉल्यूम 21.68 बिलियन डॉलर रहा। इसमें 10.01 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्रिप्टोकरेंसी का कुल वॉल्यूम 3.68 बिलियन डॉलर रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान क्रिप्टोबाजार के कुल वॉल्यूम का यह 8.50प्रतिशत है।

## लेंसकार्ट में 4 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगी एडीआईए: वैल्यूएशन 4 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा, आईपीओ लाने का भी प्लान

**नई दिल्ली।**
अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी यानी एडीआईए लेंसकार्ट में हिस्सेदारी लेने जा रही है है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार सॉवरेन वेल्थ फंड मौजूदा लेंसकार्ट शेयरों और नई इक्विटी के मिक्सचर को खरीदने के लिए 500 मिलियन डॉलर (करीब 4 हजार करोड़ रुपए) में एग्रीमेंट फाइनल कर रहा है। इस डील के बाद लेंसकार्ट का वैल्यूएशन 4 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा। लेंसकार्ट में केकेआर एंड कंपनी, सॉफ्टबैंक ग्रुप कॉर्प, टेमासेक होल्डिंग्स पीटीई और प्रेमजीइन्वेस्ट जैसे इन्वेस्टर्स की भी हिस्सेदारी है। पीयूष बंसल ने अमित चौधरी के साथ 2010 में लेंसकार्ट की शुरुआत की थी। लेंसकार्ट आईवियर ग्लैसेज और लेंस लीवरेजिंग टेक्नोलॉजी बेचता है। बंसल 48 महीनों के भीतर इनिशियल




पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ लाने की भी योजना बना रहे हैं।

पियूष अमेरिका की टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट में काम करते थे। कुछ नया करने के लिए वह साल 2007 में इंडिया वापस आ गए। उनके इस फैसले से उनके पैरेंट्स बहुत परेशान हुए, लेकिन पियूष ने अपने पसंद के काम की खोज जारी रखी। उन्होंने सबसे पहले सर्च पोर्टल माय कैंपस डॉट कॉम की शुरूआत की। इस वेबसाइट पर स्टूडेंट्स को लिए अकोमॉडेशन्स, बुक्स, कारपूल सर्विसेस और पार्टटाइम जॉब्स के बारे में जानकारी मिलती थी। ऑनलाइन बिजनेसेज की सफलता को देखते हुए उन्होंने एक साथ कई प्रयोग करने का फैसला लिया और लेंसकार्ट डॉट कॉम, जूलरी डॉट काम, वॉचकार्ट डॉट कॉम, बैग्स डॉट कॉम जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की शुरूआत की। थोड़े समय बाद इन सभी प्लेटफॉर्म्स पर कस्टमर्स के फीडबैक्स के आधार पर उन्होंने लेंसकार्ट डॉट कॉम पर अधिक ध्यान देना शुरू किया। आज भारत के सभी मुख्य शहरों में लेंसकार्ट के ऑफलाइन स्टोर्स हैं। पियूष का मानना है कि यदि आप एक आंत्रप्रेन्योर हैं तो आपकी लाइफ में संघर्ष तो होगा, लेकिन यह आप पर निर्भर करेगा कि आप किस हद तक आगे बढ़ना चाहते हैं और आपके लिए टॉप पर पहुंचना कितना जरूरी है। यंग आंत्रप्रेन्योर्स को पियूष यह सलाह देते हैं कि वे पहले ही दिन से खुद को बॉस न समझें।

# सरकार की पावर कंपनियों को दो टूक- तत्पर कार्रवाई कर गर्मी में लोड शेडिंग ना हो, सुनिश्चित करें

**नई दिल्ली ।**
सरकार ने ऊर्जा कंपनियों से कहा है कि वे गर्मी के मौसम में लोड शेडिंग ना हो यह सुनिश्चत करें। सरकार ने सभी हितधारकों से कहा है कि बढ़ती ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्पर कार्रवाई करें। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने बीते सात मार्च को ऊर्जा, कोयला और रेलवे मंत्रालय के वरीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान गर्मियों के दौरान बढ़ती ऊर्जा की मांग को पूरा करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान केंद्रीय उर्जा मंत्री ने पावर कंपनियों से गर्मियों के दौरान लोड शेडिंग ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के सभी हितधारकों से कहा कि आने वाले महीनों में बढ़ती गर्मी के दौरान ऊर्जा खपत की स्थिति पर नजदीकी नजर बनाए रखें। इसके साथ ही उन्होंने सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है वह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को कोयला आवंटन के मामले में वाजिब और पारदर्शी तंत्र का इस्तेमाल करे।




सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के अनुमानों के मुताबिक इस वर्ष अप्रैल महीने के दौरान ऊर्जा की मांग 229 गीगावाट के पीक पर पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि उसके बाद देश के दक्षिणी हिस्सों फिर 3-4 महीनों में पूरे देश में मौनसून के आने से मांग में क्रमश: नरमी आएगी। बैठक के दौरान कहा गया कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर करीब 7 प्रतिशत रहने के साथ देश में बिजली की मांग सालाना करीब 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। अनुमानों के अनुसार, इस साल अप्रैल के दौरान ऊर्जा की मांग 1,42,097 मिलियन यूनिट होने की उम्मीद है। यह साल में सबसे अधिक होगा। मई में यह घटकर 1.41,464 एमयू हो जाएगी और नवंबर के दौरान घटकर 1,17,049 मिलियन यूनिट पर सकती है। इसमें कहा गया है कि बिजली मंत्रालय ने आगामी गर्मी के महीनों के दौरान बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक बहु-आयामी रणनीति तैयार की है। रणनीति के तहत बिजली कंपनियों को कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए पहले से रखरखाव करने का निर्देश दिया गया है ताकि संकट की अवधि के दौरान किसी नियोजित रखरखाव की आवश्यकता न हो। सभी आयातित कोयला आधारित संयंत्रों को 16 मार्च 2023 से पूरी क्षमता के साथ चलाने के लिए बिजली अधिनियम की धारा-11 के तहत पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं। कोयला आधारित बिजली संयंत्रों में पर्याप्त कोयला स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा। रेल मंत्रालय सीआईएल, जीएसएस और कैप्टिव ब्लॉकों की विभिन्न सहायक कंपनियों को 418 रेक प्रदान करने और उचित समय पर रेक की संख्या बढ़ाने पर सहमत हो गया है।

इससे बिजली संयंत्रों में कोयले का पर्याप्त स्टॉक रखा जा सके। बैठक में कहा गया है कि गैस आधारित बिजली का इस्तेमाल किसी भी व्यस्त मांग को पूरा करने के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने एनटीपीसी को अप्रैल-मई में संकट की अवधि के दौरान अपने 5,000 मेगावाट गैस आधारित बिजली घरों को चलाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बैठक के बाद बताया गया कि गर्मी के महीनों के दौरान ऊर्जा उपलब्धता के लिए अन्य संस्थाओं की ओर से 4,000 मेगावाट अतिरिक्त गैस आधारित बिजली क्षमता जोड़ी जाएगी।गेल ने पहले ही बिजली मंत्रालय को गर्मी के महीनों के दौरान गैस की आवश्यक आपूर्ति का आश्वासन दे दिया है।

### इंस्टाग्राम डाउन होने से यूजर परेशान: एक्सेस करने में आ रही परेशानी, कंपनी का अब तक कोई बयान नहीं

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक्सेस करने में यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, गुरुवार सुबह हजारों यूजर्स के लिए इंस्टाग्राम सेवाएं डाउन थीं। वेबसाइट के मुताबिक, 30 हजार से ज्यादा यूजर्स ने इंस्टाग्राम पर एक्सेस ना कर पाने की शिकायत की। इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी ने अभी तक इस बारे में कोई बयान नहीं दिया है। डाउनडिटेक्टर आउटेज ग्राफ के अनुसार, ज्यादातर आउटेज सुबह 7 बजे (भारतीय समय अनुसार) के आसपास रिपोर्ट किए गए थे। सुबह 81प्रतिशत यूजर्स को ऐप का उपयोग करते समय समस्याओं का सामना करना पड़ा, जबकि 15प्रतिशत को वेबसाइट का उपयोग करते समय और 5प्रतिशत यूजर्स को लॉग इन करते समय समस्याओं का सामना करना पड़ा। इससे पहले इसी महीने माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ट्विटर की सर्विस भी ठप पड़ गई थी। यूजर्स को अपनी टाइम लाइन पर ट्वीट देखने और नया ट्वीट पोस्ट करने में परेशानी हो रही थी। डाउन डिटेक्टर के अनुसार, यह समस्या दोपहर 3.47 बजे से शुरू हुई थी।

# पहली बार मैं घर चला रही हूं, खूबसूरत और प्यारा फेज है, मैं बेहद खुश हूं: कियारा आडवाणी

**बॉलीवुड के न्यूली वेड कपल कियारा आडवाणी व सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी शादी को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी**




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के न्यूली वेड कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी शादी को लेकर खूब चर्चा बटोरी थी। दोनों ने 7 फरवरी को जैसलमेर के सूर्यगढ़ फोर्ट में एक प्राइवेट सेरेमनी में सात फेरे लिए। अब एक्ट्रेस ने शादी के बाद की अपनी जिंदगी और घर चलाने को लेकर बात की है। कियारा आडवाणी ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में बताया कि शादी के बाद अब वो अपना घर खुद चला रही हैं, जबकि पहले वो अपने पैरेंट्स के साथ रहती थीं। मीडिया से बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पहली बार मैं घर चला रही हूं। मैं अब तक अपने पैरेंट्स के साथ रहती थी, जहां मेरी मॉम सब कुछ करती थीं। मेरे मन में अब उनके लिए बहुत सम्मान और वैल्यू है। ये एक खूबसूरत और प्यारा फेज है। मैं बेहद खुश हूं। कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा पहली बार फिल्म शेरशाह में साथ नजर आए थे और यहीं से उनकी लव स्टोरी की शुरूआत हुई। हालांकि, दोनों ने कभी भी अपने रिलेशनशिप को जाहिर नहीं किया। अब सिद्धार्थ के लाइफ पार्टनर बनने पर कियारा ने उन्हें एक आइडियल हसबैंड बताया।

जुग-जुग जियो एक्ट्रेस ने कहा, सिद्धार्थ सभी को बराबर सम्मान देते हैं चाहे वो सीनियर हो, जूनियर हो या फिर उनके आसपास मौजूद कोई भी हो। उनके पास ये क्वालिटी है, जिसकी वजह से वो हर किसी को सम्मानित महसूस कराते हैं। वो अपने फैंस से भी बहुत प्यार करते हैं, उनके मन में हर किसी के लिए प्यार है। सिद्धार्थ के आइडियल पति होने की खूबियों के बारे में बताते हुए कियारा ने कहा कि वो कमाल के लाइफ पार्टनर हैं। वो मुझे आगे बढ़ने के लिए, कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते हैं। वो एक एडवेंचर पसंद करने वाले साहसी इंसान हैं। उनके अंदर एक आग है, जिससे बच पाना मुश्किल है।

# बॉलीवुड के मशहूर एक्टर व डायरेक्टर सतीश कौशिक नहीं रहे

## - अभिनेता के फैंस और सेलेब्स शोक में डूबे




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के प्रसिध्द अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक का 67 साल की उम्र में निधन हो गया है। सतीश कौशिक के जिगरी दोस्त और बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उनके निधन की जानकारी फैंस को दी और इस खबर के बाद अभिनेता के फैंस और सेलेब्स शोक में डूब गए। जानकारी मिलने के बाद कई सेलेब्स ने सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि दी। कई ने सोशल मीडिया पर भी अभिनेता को याद किया और उनके यूं अचानक इस दुनिया से चले जाने पर शोक व्यक्त किया। अनुपम खेर से लेकर कंगना रनौत तक ने सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। मशहूर एक्टर अनुपम खेर ने अपने दिवंगत जिगरी दोस्त के निधन पर साथ में एक तस्वीर शेयर की और ट्वीट किया कि जानता हूं मृत्यु ही इस दुनिया का अंतिम सच है, पर ये बात मैं जीते जी कभी अपने जिगरी दोस्त सतीश कौशिक के बारे में लिखूंगा, ये मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। 45 साल की दोस्ती पर ऐसे अचानक पूर्णविराम! सतीश आपके बिना जिंदगी अब कभी भी पहले जैसी नहीं रहेगी! ओम् शांति! कंगना रनौत ने भी सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने दिवंगत अभिनेता के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि इस भयानक खबर से नींद खुली। वह मेरे सबसे बड़े चीयरलीडर थे, एक बहुत ही सफल अभिनेता और निर्देशक सतीश कौशिक जी व्यक्तिगत रूप से भी बहुत दयालु और सच्चे इंसान थे, मुझे उन्हें इमरजेंसी में निर्देशित करना बहुत पसंद था। उनकी कमी हमेशा खलेगी, ओम शांति। सतीश कौशिक के निधन पर मधुर भंडारकर शॉक्ड हैं। उन्होंने अभिनेता के निधन पर ट्वीट करते हुए लिखा कि मैं अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक जी के निधन से बहुत स्तब्ध हूं, जो हमेशा जीवंत, ऊजार्वान और जीवन से भरपूर थे, उन्हें फिल्म बिरादरी और लाखों प्रशंसकों द्वारा बहुत याद किया जाएगा, उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, ओम शांति। टीवी अभिनेता अनिरुद्ध दवे ने भी सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा कि आज मेरे मेंटॉर, मुंबई का मेरा सपोर्ट सिस्टम चला गया। मेरे लिए मेरे पिता समान मुझे प्यार करने वाले सतीश कौशिक मैं आपको हमेशा याद करूंगा, ओम शांति, सतीश कौशिक सर आपकी आत्मा को शांति मिले।

**2 मार्च को दिल्ली आए थे सतीश कौशिक**

डॉक्युमेंट्री और फिल्म मेकर्स की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए भारतीय चित्र साधना ने चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल के 5वें संस्करण की तिथियों की घोषणा की गई। भारतीय चित्र साधना की ओर से गुरुवार (2 मार्च) को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई थी। पत्रकार वार्ता में सिने जगत के जाने माने निर्देशक व अभिनेता सतीश कौशिक भोजपुरी सिनेमा के प्रसिद्ध गायक अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी उपस्थित थे। इसके अलावा मंच पर भारतीय चित्र साधना के अध्यक्ष बीके कुठियाला और सचिव अतुल गंगवार भी उपस्थित थे। प्रेस वार्ता में 5वें चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल के पोस्टर का लोकार्पण किया गया था। साथ ही 2024 में होने वाले चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल की तिथियों व स्थान की घोषणा भी की गई थी। प्रेस वार्ता में भारतीय सिनेमा के बदलते स्वरूप और न्यू कमर्स की चुनौतियों पर सतीश कौशिक ने कहा था कि मैंने देश से लेकर विदेशों तक में बहुत फिल्म फेस्टिवल अटेंड किये हैं लेकिन भारतीय चित्र साधना एकदम अलग है ये सिर्फ फेस्टिवल का मंच नहीं बल्कि चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल एक मकसद के साथ चल रहा है। ये एक साधना के साथ फिल्म जगत के नव निर्माण के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है ।

# बबीता और रणधीर फिर होंगे साथ-साथ

## -35 साल के अलगाव के बाद फिर हुआ समझौता



**मुंबई (ईएमएस)।** बबीता और रणधीर कपूर ने एक बार फिर साथ रहने का फैसला कर लिया है। दोनों ने अपना सामान बांद्रा के नए घर में शिफ्ट कर लिया है। बीत 35 सालों के अलगाव के बाद रणधीर कपूर और बबीता एक बार फिर से साथ हो गए हैं। वर्ष 1988 में रणधीर कपूर की जिद्द के चलते छोडकर गई बबीता ने अपने पति से कभी तलाक नहीं लिया था। जानकारी के मुताबिक कपल का रीयूनियन 7 महीने पहले ही हो गया था, लेकिन इसे मीडिया की नजरों से छिपाकर रखा गया था। रणधीर इससे पहले चेंबूर के पुश्तैनी घर में रहते थे, हालांकि बबीता के साथ शिफ्ट होने के लिए उन्होंने बांद्रा में नया फ्लैट लिया था। खबरों की मानें तो रणधीर के पुराने घर में बदलाव करना मुश्किल था, जिस वजह से उन्होंने शहर के बीचो-बीच फ्लैट लेने का फैसला लिया। वर्ष 2008 में खबरें आई थीं कि बबीता और रणधीर साथ शिफ्ट होने वाले हैं। तब रणधीर ने एक इंटरव्यू में अपना रिएक्शन दिया था। इस दौरान रणधीर ने कहा- यह अभी तक नहीं हुआ है, लेकिन ऐसा जरूर हो सकता है। हालांकि, उस समय ऐसा नहीं हो सका था। रणधीर और बबीता ने 1971 में शादी की थी लेकिन आपसी मतभेदों के चलते कपल ने 1988 में अलग होने का फैसला लिया। बबीता आरके हाउस छोडकर करीना और करिश्मा के साथ लोखंडवाला के एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गईं। हालांकि, कपल ने कभी तलाक नहीं लिया। कहा जाता है कि बबीता और रणधीर के बीच कभी कोई दुश्मनी भी नहीं थी। दोनों ने हमेशा बतौर पति-पत्नी एक दूसरे का साथ दिया। मीडिया की मानें तो रणधीर की शराब पीने की आदत के चलते बबीता बेहद परेशान थीं। इतना ही नहीं रणधीर नहीं चाहते थे कि उनकी बेटियां फिल्मों में अपना करियर बनाएं, वहीं बबीता उन्हें हिरोइन बनाना चाहती थीं। बता दें रणधीर कपूर और बबीता करिश्मा कपूर और करीना कपूर के माता-पिता हैं। मतभेदों के चलते कपल सालों तक एक-दूसरे से दूर रहा।

# बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने सेलिब्रेट किया होली का त्यौहार

फिल्म जगत में होली का त्यौहार लोग एक साथ मिलकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मानते हैं, लेकिन इस बार की होली थोड़ी अलग थी। इस बार होली की तारीख को लेकर लोगों में थोड़ा कन्फूशन था। कुछ राज्यों में लोगों ने 7 मार्च को ही रंग खेल लिया और बहुत से राज्यों में 8 मार्च को होली मनाई गई। चलिए आपको बताते है कि बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने इस वर्ष होली के त्यौहार को कैसे सेलिब्रेट किया।

**शिल्पा शेट्टी की फूलों वाली होली** - एक्ट्रेस शिल्पी शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए अपने फैंस को होली की शुभकामनाएं दी। पोस्ट में उन्होंने अपने फैंस को होली की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, "होली आपके जीवन में केवल खुशियों और कामयाबियों के रंग लाए। इंस्टाग्राम पर किए गए पोस्ट में शिल्पा ने वीडियो अपलोड किया था जिसमें शिल्पा अपने बच्चों के साथ फूल और गुलाल से होली खेलती हुई नजर आ रही हैं।

**सोहा अली खान ने परिवार के साथ मनाई होली** - सैफ अली खान की बहन सोहा अली खान ने भी इस वर्ष की होली को अपने परिवार और दोस्तों के साथ बड़े ही मजे के साथ मनाया। सोहा ने अपने होली सेलिब्रेशन के वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो में सोहा अपने पति कुणाल खेमू और बेटी इनाया के साथ होली खेलते नजर आई।

**फरहान अख़्तर और शिबानी डांडेकर की होली** - फरहाना अख़्तर ने भी पत्नी शिबानी डांडेकर के साथ मिलकर होली का खूब आनंद उठाया। फरहान ने शिबानी ने साथ होली के रंग में रंगी हुई एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए फैंस को होली की शुभकामनाएं दी।

**तापसी पन्नू की क्यूट विश** - परदे पर एक से एक शानदार तरह के किरदार निभाने वाली तापसी पन्नू ने भी रंगो से खेलने के बाद अपनी एक तस्वीर को खींच कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपने फैन्स को होली की बधाई दी।

**सनी लियोनी ने परिवार के साथ मनाई होली** - सनी लियोनी ने सोशल मीडिया पर पहले होलिका दहन का वीडियो और फिर अपने पति और बच्चों के साथ होली की तस्वीर साझा की।

# काजोल ने करण के लिए ठुकराई मणिरत्नम की फिल्म

## -टॉक शो के दौरान करण जौहर ने किया खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** सिम्मी ग्रेवाल के साथ उनके टॉक शो रेंडेवस विद सिम्मी ग्रेवाल के दौरान बात करते हुए करण जौहर ने खुलासा किया कि काजोल मणिरत्नम की बहुत बड़ी प्रशंसक थीं, लेकिन जब उन्होंने उन्हें एक फिल्म के लिए बुलाया, तो वह उस अवसर को जाने देने के लिए तैयार थीं। उसने मुझे बताया था कि वह एक बार उसके साथ काम करना चाहती है। वह सिर्फ मणिरत्नम से प्यार करती थी और जब, मणिरत्नम ने काजोल को शाहरुख खान के साथ एक फिल्म की पेशकश करने के लिए बुलाया, तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। हमने मणिरत्नम के बारे में इतनी चर्चा की थी कि जब उसने वास्तव में उसे बुलाया, तो उसे विश्वास नहीं हुआ। उसने सिर्फ चुप रहो, करण कहा और कॉल काट दिया। उसने उसे फिर से फोन किया और उससे कहा, नहीं, यह वास्तव में मणिरत्नम है, करण जौहर ने बताया। यह वह समय था जब काजोल ने पहले ही करण के साथ कुछ कुछ होता है साइन कर ली थी और वे जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले थे। काजोल ने आगे बताया कि शाहरुख को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्हें समझाना पड़ा कि मणिरत्नम ने वास्तव में उन्हें बुलाया था। उसने उससे कहा, काजल, मैं कसम खाता हूँ कि यह मणिरत्नम है। मैं सही बोल रहा हूँ। यह वास्तव में मणिरत्नम हैं। फिर शाहरुख ने केजेओ को फोन करके बताया कि काजोल को मणिरत्नम ने उनके अपोजिट एक फिल्म ऑफर की है लेकिन यह कुछ कुछ होता है से क्लैश कर रही है। मैंने काजोल को फोन किया और कहा कि मैं अपनी तारीखों को जाने दूंगा और अपनी फिल्म बाद में शुरू करूंगा, आप मणिरत्नम की फिल्म कैसे नहीं कर सकती? लेकिन उसके लिए, यह ऐसा था, मुझे परवाह नहीं है कि किसने मुझे क्या ऑफर किया है, यह आपकी फिल्म है और मैंने आपको कमिट किया है। उसके लिए यह कोई बड़ी बात नहीं थी। लेकिन इससे मुझे फर्क पड़ा। मैं एक तरह से समझ गया कि वह किस तरह की इंसान हैं। काजोल ने मणिरत्नम की फिल्म के बजाय कुछ कुछ होता है को चुना। उन्हें कभी उनकी दूसरी फिल्म में अभिनय करने का मौका नहीं मिला। काजोल ने बताया, मैं उसके बाद उनसे मिली और मैंने उनसे कहा, मुझे उम्मीद है कि आपने इसे गलत तरीके से नहीं लिया, लेकिन यह कुछ ऐसा था जो मुझे करना था। अच्छी फिल्में और उनके फिल्म निर्माण कौशल पर कभी संदेह नहीं किया। मालूम हो कि करण जौहर और काजोल लंबे समय से दोस्त हैं। उनकी दोस्ती ने कई तूफानों का सामना किया है और उन्होंने विभिन्न साक्षात्कारों में उनके बारे में बात की है। एक पुराने इंटरव्यू में करण ने उस पल का खुलासा किया था जब उन्हें एहसास हुआ कि वे जीवन भर दोस्त रहेंगे।


# गलतियों को स्वीकार करना सीखा सारा अली ने

## - लव आज कल 2 और कुली नंबर 1 की असफलता के बारे में बात की



**मुंबई (ईएमएस)।** बीते दिनों एक्ट्रेस सारा अली खान ने उनकी फिल्म लव आज कल 2 और कुली नंबर 1 की असफलता के बारे में बात की। सारा ने इस बात पर एक साफ प्रतिक्रिया साझा की कि क्या गलत हुआ और वह कैसे सीख रही हैं, इसके बाद किस तरह से आगे बढ़ रही हैं। इसी के बारे में बात करते हुए कहा, उसने मुझे एहसास दिलाया कि मुझे बस आगे बढ़ते रहना है, जो गलतियां मैंने की हैं उन्हें स्वीकार करना है, उन गलतियों से सीखना है जो मैंने की हैं लेकिन खुद को उन्हें करने की मंजूरी भी देनी है। सारा की ये बातें सुनने के बाद कह सकते है कि वाकई इस इंटरव्यू के दौरान सारा ने बहुत अच्छी तरह से खुद को जाहिर और बयां किया हैं जो उनकी पीढ़ी की बाकी दूसरी एक्ट्रेस नहीं कर सकती है। सारा के बात करने का यही तरीका इस बात की तरफ लोगों का ध्यान खींचता कि वह वास्तव में अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली एक्ट्रेस हैं। काम के मोर्चे पर, पिछले साल 3 फिल्मों को पूरा करने के बाद, सारा 2023 में भी बहुत बिजी दिख रही हैं, जहां वह नेक्स्ट विक्रांत मैसी के साथ गैसलाइट में दिखाई देंगी, वहीं इस साल वो मैडॉक की अगली फिल्म में विक्की कौशल और अनुराग बसु की मेट्रो.. इन दिनों में भी नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही सारा के पास ऐ वतन मेरे वतन, मर्डर मुबारक भी हैं। बता दें कि अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली एक्ट्रेस हैं। ऐसे में सारा समय-समय पर दर्शकों को अपने जवाबों और आम से लगने वाले व्यक्तित्व से प्रभावित किया है। एक प्रमुख इन्फ्लुएंसर के साथ एक सिट डाउन इंटरव्यू में, सारा ने अपने दिल की बात खुलकर की जैसे उन्होंने पहले कभी नहीं की थी। उन्होंने इस दौरान अपनी सीख, अपनी महत्वाकांक्षा, अपने करियर के लक्ष्यों और एक एक्ट्रेस के रूप में आगे बढ़ने के बारे में खुलकर बात की।

# ऐक्ट्रेस नगमा साइबर जालसाजी का शिकार हुई



बॉलीवुड अभिनेत्री से नेता बनीं नगमा मोरारजी केवाईसी धोखाधड़ी की शिकार बनीं और एक स्पैम लिंक पर क्लिक करने के बाद साइबर जालसाजों द्वारा लगभग 1 लाख रुपये की ठगी की गई। यह लिंक उन्हें एक टेक्स्ट मैसेज के रूप में उनके फोन पर प्राप्त हुआ था। एक रिपोर्ट के अनुसार, नगमा से 28 फरवरी को 99,998 रुपये की ठगी हुई। नगमा ने कहा कि उन्हें एक टेक्स्ट मैसेज मिला जो बैंकों द्वारा भेजे गए मैसेज से मिलता-जुलता था, हालांकि यह एक निजी नंबर से नहीं था। नगमा उन 80 अन्य पीड़ितों में शामिल हैं, जिनसे कुछ दिनों के भीतर धोखाधड़ी के माध्यम से कई लाख रुपये की ठगी की गई है। लगभग सभी पीड़ित एक ही निजी बैंक के हैं। विवरण साझा करते हुए, 48 वर्षीय अभिनेत्री ने बताया कि लिंक पर क्लिक करने के बाद, उन्हें तुरंत बैंक से होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति का फोन आया। कथित तौर पर उस व्यक्ति ने नगमा से कहा कि वह केवाईसी अपडेट पूरा करने के लिए उसका मार्गदर्शन करेगा। उसने कहा कि जालसाज ने उसके फोन तक रिमोट एक्सेस प्राप्त कर लिया। हालांकि, उसने स्पष्ट किया कि उसने लिंक पर कोई विवरण साझा नहीं किया था। उन्होंने कहा, "धोखेबाज ने मेरे इंटरनेट बैंकिंग में लॉग इन करने के बाद एक लाभार्थी खाता बनाया और एक राष्ट्रीयकृत बैंक में 1 लाख रुपये स्थानांतरित कर दिए। मुझे कई ओटीपी मिले जिससे पता चला कि उन्होंने कम से कम 20 प्रयास किए। सौभाग्य से, मैंने एक बड़ी राशि नहीं खोई।" नगमा ने 1990 में सलमान खान अभिनीत फिल्म बागी से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह किंग अंकल, सुहाग, यलगार, लाल बादशाह, चल मेरे भाई, कुंवारा, अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों सहित कई अन्य फिल्मों के लिए भी जानी जाती हैं।

## सूडोकु नवताल- 6365

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्दजाल - 7112

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | उ | न | र | क |
| गो | ड | म | द | र | वा | जी | म | इ | अ | ल |
| आ | प | दे | पू | ह | जी | व | रा | का | व | दि |
| ए | ची | तं | श | ट | ज | प | व | पा | ता | र |
| क | त | ई | ग | में | व | खें | जा | भा | र | इ |
| आ | मे | म | दे | दे | व | ता | न | ई | न | ति |
| द | जं | न्स | मे | प | क | ता | या | ज्वा | है | हा |
| मी | म | क | ए | सं | र | प | र | ला | म | स |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | व | री | मु | न | क्स |
| त | ह | म | पां | च | बा | त्र | रि | खी | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | श | त | स |

शब्दजाल में शबाना आजमी की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

उमराव जान, गोडमदर, पतंग, इतिहास, एक आदमी, हम पांच, ज्वालामुखी, अवतार, देवता, परवरिश

### शब्दजाल - 7111 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म | मा | वी | र | जा | रा | न | ह | क | र |
| हा | शो | सू | ह | का | ल | जी | स | ल | ग | ज |
| य | वी | का | द | डॉ | ल | त | र | जी | ल | टी. |
| श | र | दा | ज | ल | न | न | बा | र | सु | को |
| बॉ | दे | न | ष | ल | म | मी | छ | बा | नो | य |
| स | मी | व | स | जि | स्वा | क | प | द | स | ला |
| के | ह | बु | दा | वी | म | मी | टे | शा | रू | प |
| न | पू | सु | पा | स | पं. | सौ | ल | ह | र | स |
| प | र | दे | स | ह | प | ने | ने | व | जी | त |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | थ |
| म | ह | न | मो | ह | ब्ब | ते | न | ज | ल | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6065

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | 7 | |
| 5 | 42 | 7 | 33 | | 23 | |
| | | 6 | 3 | | 2 | 1 |
| | 32 | | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | | | | 5 |
| 6 | 24 | | 33 | 5 | 35 | 4 |
| | | 4 | 6 | 2 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6064 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 22 | 1 | 30 | 2 | 38 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 30 | 2 | 31 | 3 | 33 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 25 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का देशवासियों को वादा : 90 मीटर का रिकॉर्ड करेंगे हासिल; टारगेट अचीव करने के लिए दिन-रात तैयारी कर रहे

**पानीपत।**
देश के सर्वश्रेष्ठ एथलीट गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने इस बार देश वासियों से बड़ा वादा किया है। दरअसल, उनके चाहने वाले लाखों-करोड़ों लोगों का उनसे एक सवाल हमेशा रहता है कि आखिर वे 90 मीटर भाला फेंकने का रिकॉर्ड कब हासिल करेंगे। इस सवाल पर नीरज ने जबाब देते हुए कहा कि वे इस बार इस सवाल को बंद कर देंगे। यानी वे इस टारगेट को अचीव कर लेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल के लिए उनकी दिन-रात कड़ी मेहनत चल रही है। विश्व के उच्चतम एथलीट, कोच की निगरानी और दिशा-निर्देश में वे कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। फिलहाल उनका फोकस सिर्फ और सिर्फ 90 मीटर व इससे अधिक का है।

**इंग्लैंड में चल रही प्रैक्टिस** - नीरज चोपड़ा की एथलेटिक प्रतिभा ने हाल ही में प्रतिष्ठित माइकल जॉनसन को भी हैरत में डाल दिया। अब नीरज चोपड़ा ने नए साल में खुद के लिए 90 मीटर तक भाला फेंकने का लक्ष्य रखा है। टोक्यो में ऐतिहासिक स्वर्ण के बाद, 24 वर्षीय ओलंपिक चैम्पियन जेवलिन थ्रोअर ने डायमंड लीग फाइनल स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा।

इसके बाद विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद, नीरज चोपड़ा से जादुई आंकड़ा 90 मीटर अभी भी दूर है। फिलहाल नीरज चोपड़ा इंग्लैंड में जेवलिन थ्रोअर की प्रैक्टिस कर रहे हैं।

**डायमंड लीग में 89.94 मीटर किया था थ्रो** - नीरज चोपड़ा ने एक निजी कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस पर जुड़े और बातचीत में कहा, इस नए साल में मुझे उम्मीद है कि मैं इस सवाल का जवाब ढूंढ लूंगा। मैं यह प्रश्न इस बार हमेशा के लिए बंद कर दूंगा। उन्होंने प्रतिष्ठित डायमंड लीग के स्टॉकहोम लेग में दूसरे स्थान पर रहते हुए 89.94 मीटर थ्रो किया था। नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं 90 मीटर थ्रो कर सकता था अगर मैं अपना पैर कुछ सेंटीमीटर आगे कर देता, लेकिन एक एथलीट के लिए एक जादुई निशान है। जब भी आप किसी शीर्ष एथलीट के बारे में बात करते हैं तो हम सभी कहते हैं कि उसने 90 मीटर थ्रो किया।

नीरज ने पहले भी कहा, मैं उम्मीदों के दबाव के बारे में परेशान नहीं हूं। यह तब होगा, जब इसे करना होगा। यह पिछले साल या कुछ साल पहले हो सकता था, लेकिन शायद भगवान ने इसके लिए एक सही समय और स्थान तय कर रखा है। मैं मुख्य रूप से कंधे की ताकत अभ्यास कर रहा हूं। मैं लगभग 1.8-2 किलो की भारी गेंदें भी फेंक रहा हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### कुश्ती में कैसे पहुंचे बास्केटबॉल चैंपियन सतनाम, भाई को देते हैं नई शुरुआत का श्रेय



**नई दिल्ली।** सतनाम सिंह एक बेहतरीन एथलीट हैं, जिन्हें बास्केटबॉल और कुश्ती दोनों में सफलता मिली है। उनका जन्म भारत में हुआ था और उन्होंने छोटी उम्र में ही बास्केटबॉल खेलना शुरू कर दिया था। उनकी लंबाई, ताकत और एथलेटिक्स ने जल्दी ही स्काउट्स का ध्यान आकर्षित किया और वह जल्द ही देश के शीर्ष हाई स्कूल बास्केटबॉल खिलाड़ियों में से एक बन गए। इसके चलते उन्हें 2015 में डलास मावेरिक्स ने एनबीए में ड्राफ्ट किया। वह इस लीग में ड्राफ्ट किए जाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। हालांकि, बास्केटबॉल कोर्ट पर अपनी सफलता के बावजूद, सिंह ने खेल छोड़ने और कुश्ती में करियर बनाने का फैसला किया। सतनाम बताते हैं कि वह शुरुआत से ही बास्केटबॉल में देश का नाम रोशन करना चाहते थे और बहुत हद तक वह ऐसा करने में सफल भी रहे, लेकिन अब उन्होंने कुश्ती में करियर बनाने का फैसला किया है। लॉकडाउन के समय उनके पास काफी खाली समय था और खुद को फिट रखने के लिए वह जिम में समय बिताते थे। इसका नतीजा यह हुआ कि उनका शरीर काफी बड़ा हो गया और उन्हें एहसास हुआ कि अब उनके शरीर में वह फुर्ती नहीं होगी, जो एख बास्केटबॉल खिलाड़ी के लिए जरूरी होती है। उनके भाई ने ऐसे में उनकी मदद की।

### जसप्रीत बुमराह की पीठ की सर्जरी कामयाब: न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च अस्पताल में हुआ ऑपरेशन, 24 हफ्ते बाद कर सकते हैं वापसी

**न्यूजीलैंड।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ की सर्जरी न्यूजीलैंड के



क्राइस्टचर्च अस्पताल में हो गई है। उन्हें ठीक होने में 24 हफ्ते का समय लग सकता है। वह अगस्त से नेट पर फिर से गेंजबाजी करने के लिए उपलब्ध होंगे। ऐसे में अगर भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचता है तो बुमराह नहीं खेल पाएंगे। उनके एशिया कप में भी खेलने पर भी संशय है। हालांकि (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) की ओर से जसप्रीत बुमराह की वापसी को लेकर कोई बयान नहीं आया है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें पूरी तरह ठीक होने में समय लग सकता है। बुमराह की सर्जरी न्यूजीलैंड के जाने-माने ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ रोवन स्कटेल ने की है। इससे पहले वे जेम्स पैटिनसन, जेहन बेहरनडोर्फ और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तक का इलाज कर चुके हैं। जानकारी के मुताबिक मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने बुमराह को डॉक्टर रोवन स्कटेल के पास सर्जरी कराने की सलाह दी थी। बुमराह भी मुंबई इंडियंस टीम के हिस्सा हैं।

### गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी डब्लूपीएल से बाहर: स्नेह राणा करेंगी कप्तानी, गार्डनर उपकप्तान बनीं

**मुंबई।** गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी डब्लूपीएल से बाहर हो गई हैं। उनकी जगह स्नेह राणा



टीम की कप्तानी कर रही हैं। फ्रेंचाइजी ने स्नेह राणा की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को नया उपकप्तान बनाया है। साथ ही मूनी की जगह लौरा वोल्वार्ड्ट को टीम में शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने मीडिया रिलीज में यह जानकारी दी। मूनी पहले मैच में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गई थीं। एक रन लेने के प्रयास में उनका घुटना मुड़ गया। उसके बाद टीम की कमान उपकप्तान स्नेह राणा ने हाथों में थी। लीग के पहले मुकाबले में गुजरात की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम 64 रन पर ऑलआउट हो गई। उन्हें 143 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच के बाद से मूनी ने कोई और मुकाबला नहीं खेला है। हालांकि वो जायंट्स के मैचों के दौरान अपने सहयोगियों के साथ दिखती हैं। बेथ मून को गुजरात की फ्रेंचाइजी ने डब्लूपीएल प्लेयर्स ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर बनाए 255 रन

# शतकवीर ख्वाजा और ग्रीन नाबाद लौटे, शमी ने दिए दो झटके

**अहमदाबाद।**
भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में पिच का मिजाज बदलते ही बल्ले ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। वहीं, बॉल का असर फीका रहा।

पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 255 रन बना लिए हैं। गुरुवार को स्टंप्स के बाद ओपनर उस्मान ख्वाजा (104* रन) ने 14वां टेस्ट शतक जमाया। कैमरून ग्रीन 49 रन पर नाबाद लौटे।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी कंगारू टीम की ओर से पीटर हैंड्सकॉम्ब 17 रन, स्टीव स्मिथ 38 रन, मार्नस लाबुशेन 3 और ट्रेविस हेड 32 रन बनाकर आउट हुए। भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने दो विकेट चटकाए, जबकि रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक विकेट मिला।

### टॉप-मिडिल ऑर्डर पर तीन साझेदारी

ऑस्ट्रेलियाई टीम की शानदार शुरुआत में टॉप-मिडिल ऑर्डर पर पनपी साझेदारियों का अहम योगदान रहा। ख्वाजा के अलावा उसका कोई और बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका, लेकिन ख्वाजा ने तीन अर्धशतकीय साझेदारियां की। उन्होंने ओपनर ट्रेविस हेड (32 रन) के साथ 61 रन, स्टीव स्मिथ (38 रन) के साथ 79 रन और कैमरून ग्रीन (49 रन नाबाद) के साथ नाबाद 85 रन जोड़े हैं।

### पहली पारी में ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट

पहला: 16वें ओवर की तीसरी बॉल पर जडेजा ने ट्रेविस हेड को कैच किया। हेड अश्विन की इस बॉल पर बड़ा हिट करना चाहते थे।

दूसरा : 23वें ओवर की दूसरी बॉल पर मोहम्मद शमी ने मार्नस लाबुशेन को बोल्ड कर दिया। लाबुशेन 20 बॉल पर 3 रन ही बना सके।

तीसरा : रवींद्र जडेजा ने स्टीव स्मिथ को बोल्ड कर दिया। स्मिथ ने 135 बॉल पर



चौथा : पीटर हैंड्सकॉम्ब को शमी ने कमाल का बोल्ड किया।

### ओपनर्स ने दी ऑस्ट्रेलिया को मजबूत शुरुआत

अहमदाबाद स्टेडियम की हरी-भरी पिच पर उमेश यादव और मो. शमी दोनों को अच्छी स्विंग मिल रही थी पर लाइन और लेंथ में गड़बड़ी के चलते वे शुरुआत में विकेट नहीं गिरा पाए। ओपनर्स ख्वाजा और हेड ने 61 रन की पार्टनरशिप की। लंच से पहले शुरुआती 14 ओवर्स में ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट खोए 56 रन बनाए। इसके बाद के 14 ओवर्स में भारतीय गेंदबाजों ने दबाव बनाया। केवल 19 रन देकर 2 विकेट गिरा दिए।

### ख्वाजा का शतक

ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा ने शतकीय पारी खेली है। वे दिन का खेल समाप्त होने पर 104 रन पर नाबाद लौटे। 251 गेंद की पारी में ख्वाजा ने 15 चौके जमाए। उन्होंने ट्रेविस डेड, स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन के साथ उपयोगी साझेदारियां की।

### प्रधानमंत्री ने कप्तानों को दी टेस्ट कैप

टॉस से पहले पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बेनीज ने अपने कप्तानों रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ को टेस्ट कैप भी दी। गोल्फ कार्ट में बैठकर दोनों प्रधानमंत्रियों ने स्टेडियम का मुआयना भी किया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का यह मैच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 75 साल की दोस्ती का यादगार भी बन रहा है।

### इंडिया में सिराज की जगह शमी की वापसी, दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत , अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और उमेश यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच दोनों ही टीमों के लिए बहुत अहम है। भारत इस वक्त सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथा टेस्ट जीतने पर टीम सीरीज जीतने के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी प्रवेश कर जाएगी। अगर ऑस्ट्रेलिया आखिरी टेस्ट जीत गई तो सीरीज 2-2 से बराबर हो जाएगी। ऐसे में ट्रॉफी तो भारत के पास ही रहेगी, क्योंकि भारत ने 2020-21 में पिछली टेस्ट सीरीज जीती थी। लेकिन, ऑस्ट्रेलिया 20 साल में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ड्रॉ कराने का कारनामा कर लेगा। पिछली बार 2003 में ऑस्ट्रेलिया में दोनों के बीच सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी।

# सिक्किम में हुए टूर्नामेंट से शीर्ष तीरंदाजों ने बनाई दूरी, संघ ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।**
सिक्किम में 24 फरवरी से 5 मार्च तक हुए नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट (एनआरटी) में बड़ी संख्या में नहीं खेलने वाले तीरंदाजों भारतीय तीरंदाज संघ (एएआई) ने नोटिस जारी कर दिया है। एएआई ने तीरंदाजों से दो दिनों के अंदर टूर्नामेंट में नहीं खेलने का जवाब मांगा है। एएआई ने स्पष्ट किया है कि साक्ष्यों के साथ संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले तीरंदाजों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि तीरंदाजी संघ ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि कार्रवाई किस तरह की होगी। टूर्नामेंट में नहीं खेलने वालों में शीर्ष तीरंदाज भी शामिल हैं, इनमें कई एशियाई खेलों की टीम में चयनित हुए तीरंदाज भी हैं। एनआरटी में देश के शीर्ष तीरंदाज खेलते हैं। इस बार इसका आयोजन सिक्किम में किया गया। एक के बाद एक टूर्नामेंट होने और दूरी होने के साथ कई तीरंदाजों की परीक्षाएं होने के कारण उन्होंने इस टूर्नामेंट में शिरकत नहीं की, जिसके चलते एएआई और आयोजकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। एंट्री करने वाले तीरंदाजों के रहने और खाने की व्यवस्था कर रखी गई थी। साथ ही उनके नहीं आने से टूर्नामेंट का आकर्षण भी कम हुआ।

टूर्नामेंट के लिए एशियाई खेलों की टीम में चयनित हरियाणा की भजन कौर, अदिति जायसवाल, यूपी की साक्षी चौधरी, पंजाब की अवनीत कौर, परनीत कौर ने भी एंट्री दी थी, लेकिन ये सभी तीरंदाज भी नहीं पहुंचे। ज्यादातर तीरंदाजों का कहना है कि एएआई ने इस तरह का कैलेंडर बनाया है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। एक के बाद एक टूर्नामेंट रखे हैं। ऐसे में वे इतनी जल्दी सभी टूर्नामेंटों में नहीं खेल सकते हैं। टूर्नामेंट के आयोजन में कुछ अंतराल होना चाहिए। सिक्किम से ठीक पहले जयपुर में एनआरटी थी। अब इसके तुरंत बाद ही नौ मार्च से राष्ट्रीय चैंपियनशिप शुरू हो रही है। ऐसे में उनका सभी टूर्नामेंटों में खेलना संभव नहीं है। वहीं एएआई के महासचिव प्रमोद चंद्रूकर का कहना है कि तीरंदाजों को अगर नहीं खेलना था तो उन्हें पहले सूचना देनी चाहिए थी।

# लगातार दूसरी बार चैंपियन बनना चाहेंगे गुरुनायडू, भारत के 13 खिलाड़ी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।**
भारोत्तोलक सेनापति गुरुनायडू एक बार फिर विश्व यूथ चैंपियन बनने का दावा ठोकने जा रहे हैं। वह डरेस (अल्बानिया) में 25 मार्च से 1 अप्रैल तक होने वाली विश्व यूथ भारोत्तोलन चैंपियनशिप में खेलने जा रहे हैं। बीते वर्ष जून माह में गुरुनायडू ने लियोन (मैक्सिको) में हुई इस चैंपियनशिप में 55 भार वर्ग का स्वर्ण जीता था। इस बार भी वह इसी भार में अपनी चुनौती पेश करने जा रहे हैं। पिछली बार इस चैंपियनशिप में भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

### 13 भारोत्तोलक लेंगे भाग

पिछली बार इस चैंपियनशिप में पांच पुरुष और सात महिला भारोत्तोलकों ने भाग लिया था, इस बार भारतीय भारोत्तोलन संघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने इस चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय (छह पुरुष और सात महिलाओं) का चयन किया है। पिछली बार इस चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले छह भारोत्तोलकों में से दो वर्तमान टीम में शामिल हैं। इनमें सेनापति गुरुनायडू और आकांक्षा व्यवहारे शामिल हैं।

### आकांक्षा ने बीते वर्ष जीता था रजत

पिछली चैंपियनशिप में महाराष्ट्र की आकांक्षा ने 40 भार वर्ग में 127 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता



था, जबकि गुरुनायडू ने 230 किलो वजन उठाया था। इस बार आकांक्षा 45 भार वर्ग में खेलने जा रही हैं। डरेस में खेलने जा रहे पुरुष भारोत्तोलकों में एल धनुष, तुफैल (49), सेनापति गुरुनायडू, तोमछोऊ मितेई (55), गोलम टिंकू (61), बेदाब्रत भराली (67) शामिल हैं। महिला भारोत्तोलकों में ज्योत्सना साबर (40), अश्मिता धोने, आकांक्षा व्यवहारे (45), कोयल बार (49), मीना सांता (55), संजना (76), एम मार्टिना देवी (प्लस 81 किलो) शामिल हैं। मणिपुर की मार्टिना देवी ने खेलो इंडिया गेम्स में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता था। आईडब्ल्यूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव का कहना है कि भारतीय भारोत्तोलकों से इस चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। गुरुनायडू इस बार भी कमाल दिखा सकते हैं। मार्टिना देवी भी अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। लियोन (मैक्सिको) में हुई विश्व यूथ चैंपियनशिप में 55 किग्रा भार वर्ग में 230 किलो वजन उठाकर गुरुनायडू ने स्वर्ण जीता था।

# दक्षिण अफ्रीका की वेस्टइंडीज खिलाफ शानदार शुरुआत : दूसरे टेस्ट के पहले दिन 7 विकेट पर बनाए 311 रन, मार्करम 7वें शतक से चूके

**जोन्हसबर्ग।**
साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच जोहान्सबर्ग में दूसरा टेस्ट खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 7 विकेट खोकर 311 रन बना लिए। हेनरिक क्लासेन 43 गेंदों में 17 रन बनाकर क्रीज पर हैं। ओपनर एडेन मार्करम 4 रन से अपना 7वां टेस्ट शतक जमाने से चूक गए।

साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ओपनर डीन एल्गर और एडेन मार्करम ने टीम को अच्छी शुरुआत दी और दोनों के बीच 106 गेंदों पर 76 रन की साझेदारी हुई। एल्गर 54 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 42 रन बनाकर आउट हो गए।

### मार्करम और टोनी डी जॉर्जी के बीच 116 रन की साझेदारी



उसके बाद मार्करम और टोनी डी जॉर्जी के बीद दूसरे विकेट के लिए 164 गेंदों में 116 रनों की साझेदारी हुई। मार्करम 4 रन से अपना 7वां टेस्ट शतक जमाने से चूक गए। वह टीम के स्कोर 192 रन पर आउट हुए। उस समय उनका निजी स्कोर 139 गेंदों पर 96 रन था। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके जड़े। यह उनके टेस्ट करियर का 10वां अर्धशतक रहा। जॉर्जी ने अपने टेस्ट करियर की सबसे बड़ी पारी खेली। वह मोती की गेंद को समझ नहीं पाए और क्लीन बोल्ड हो गए। इस तरह वह अपना पहला टेस्ट शतक पूरा करने से चूक गए। उन्होंने 155 गेंदों पर 85 रन बनाए। उन्होंने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करके टीम को बड़े स्कोर खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पहले ओपनर मार्करम के साथ 116 रन की शतकीय साझेदारी की और उसके बाद कैप्टन बावुमा के साथ टीम की पारी को आगे बढ़ाया।

### गुडाकेश ने वेस्टइंडीज के लिए 3 विकेट

वेस्टइंडीज की ओर से गुडाकेश मोती ने 75 रन देकर 3 विकेट लिए। इनके अलावा काइल मेयर्स ने 24 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर को 1-1 सफलता मिली।

## होली के रंग में रंगी सिक्सर क्वीन

# टॉप हिटर की लिस्ट में शेफाली वर्मा; डब्लूपीएल में धमाकेदार शुरुआत के मुरीद हुए प्रशंसक

**रोहतक।**
हरियाणा के रोहतक की रहने वाली क्रिकेटर शेफाली वर्मा भी होली के रंग में नजर आई। डब्लूपीएल में सिक्सर क्वीन के रूप में खुद को पहचान देने वाली शेफाली टॉप हिटर की लिस्ट में शामिल है। शेफाली वर्मा ने महिला प्रीमियर लीग के अपने पहले मुकाबले में धमाकेदार शुरुआत की थी। हालांकि दूसरे मैच में बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर पाई।

इसके बाद भी शेफाली टॉप हिटर की लिस्ट में शिखर पर ही है। अब तक डब्लूपीएल में हुए मुकाबलों के दौरान सबसे अधिक छक्के जड़ने वाले प्लेर में शेफाली का नाम हैं। जिन्होंने अब तक 5 छक्के लगाए हैं। हालांकि 5 छक्के लगाने वाली दूसरी प्लेयर हेली मैथ्यूज हैं। इन दोनों प्लेयर ने ही केवल 5-5 छक्के जड़े हैं।



**पहले मैच में जड़े 4 छक्के** - शेफाली ने डब्लूपीएल के पहले मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। उन्होंने पहले मुकाबले में केवल 45 गेंद में ही 84 रन जड़ दिए। इस दौरान उन्होंने 10 चौके व 4 छक्के लगाए। 186.6 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। शेफाली से जिस खेल की उम्मीद थी, उसी अंदाज में दिखी। वहीं दूसरा मुकाबला यूपी वॉरियर्स के साथ हुआ। जिसमें शेफाली बड़ा स्कोर तो नहीं खड़ा कर पाई, लेकिन अच्छी शुरुआत देने में जरूर सफल रही। शेफाली ने 14 गेंदों का सामना करते हुए 17 रन बनाए। जिसमें एक चौका व एक छक्का भी शामिल रहा। 121.43 की स्ट्राइक रेट से रन जड़। शेफाली वर्मा ने अब तक डब्लूपीएल में कुल 2 मुकाबले खेले हैं। जिसमें उन्होंने 101 रन बनाए। जिसकी बदौलत सर्वाधिक रन बनाने की लिस्ट में वे तीसरे पायदान पर विराजमान हैं। वहीं एक मैच में हाई स्कोर करने वालों की लिस्ट में अब भी वे 84 रन के विशाल स्कोर की बदौलत दूसरे पायदान पर है। शेफाली वर्मा ने अब तक हुए दो मुकाबलों में 11 चौकों व 5 छक्कों की मदद से कुल 16 बाउंड्री लगाई हैं। जिसके कारण वे लिस्ट में तीसरे स्थान पर है। वहीं शेफाली ने ग्राउंड शॉट लगाकर भी दर्शकों का दिल जीता है। अब तक वे 11 चौके लगा चुकी हैं, जिसके कारण उन्हें पांचवें पायदान पर रखा गया है।

### जोकोविच को पछाड़कर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन सकते हैं अल्कारेज, मियामी ओपन में जीत जरूरी

**मियामी।** स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज के पास महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान से हटाने का बेहतरीन मौका है। 19 साल के अल्कारेज मौजूदा एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं और उनके 6,780 अंक हैं। वहीं, सर्बिया के जोकोविच 7,160 अंक के साथ अभी विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी हैं। पिछले साल के यूएस ओपन के विजेता अल्कारेज अगर मियामी ओपन का खिताब जीत लेते हैं तो वह फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। हाल ही में जोकोविच ने मियामी ओपन से अपना नाम वापस ले लिया था क्योंकि आयोजकों ने उन्हें कोरोना टीका नहीं लगवाने के कारण अमेरिका का वीजा नहीं दिया था। जोकोविच के नहीं खेलने से अब अल्कारेज को विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनने का मौका मिल गया। अल्कारेज अभी इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में खेल रहे हैं और उनका मैच शनिवार को होगा। वहीं, मियामी ओपन की शुरुआत 19 मार्च से होगी।

# तनाव मुक्त



**भागदौड़ भरी इस जिंदगी में हर कोई मानसिक तनाव से गुजर रहा हैं, जैसे की पारिवारिक विवाद, नौकरी, पढ़ाई, स्वास्थ्य या संबंधों से जुड़ी और भी समस्या हो सकती हैं। आजकल तनाव की समस्या बढ़ती जा रही हैं, जिससे नकारात्मक सोच दिमाग में आने लगती हैं और आसपास का वातावरण भी बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। ऐसे में महिलाओं को तनाव से छुटकारा पाना बहुत जरूरी हैं। अगर आप अपने आस-पास का माहौल सही रखें और परिस्थितियों पर काबू करें तो आप तनाव को कम कर सकती हैं। आइए जानते है कि महिलाएं किन- किन चीजों को अपनाकर तनाव से छुटकारा पा सकती हैं।**

### शॉपिंग

महिलाएं अक्सर जब बोर होती हैं तो वो अपनी इस बोरिंग लाइफ से कुछ घंटो का समय निकाल कर शॉपिंग करने जाती हैं। इससे उनका तनाव तो दूर होता ही हैं साथ ही साथ उनके चेहरे पर खुशी भी आती हैं।

### खुद को तैयार करना

जब उनका मूड खराब रहता है तो वे खुद को बेस्ट देखना पसंद करती हैं। अपनी अच्छी ड्रेसिंग से वे खुद को आत्म विश्वासी बनाती हैं।

### किताबें पढ़ना

**महिलाएं अपने खराब मूड को बदलने के लिए मैगनीजन या फिर कोई अच्छी किताबें पढ़ना पसंद करती हैं।**

### मेकअप

मेकअप एक ऐसी चीज हैं जिससे महिलाएं अपने अंदर के दर्द को छुपा लेती हैं।



### टीवी देखना

जब महिलाएं घर में बोर होती हैं और उनका कहीं जाने का मन भी नहीं करता तब वे घर पर टीवी पर अपना पंसदीदा सीरियल देखना पंसद करती हैं।

# कब्ज से हैं परेशान, अपनाएं ये 5 पक्के नुस्खे

कब्ज यानि मल त्यागने में परेशानी होना। वैसे देखा जाए तो यह एक आम समस्या है जो कभी भी किसी भी उम्र में हो सकती हैं। लेकिन अगर ये समस्या आपको लंबे समय से है और आपने अभी तक इसका कोई उपचार नहीं किया है तो ऐसे में यह समस्या आगे जाकर आपके लिए एक गंभीर बीमारी का कारण बन सकती हैं। इसलिए आज हम कुछ ऐसे घरेलू 5 होममेड जूस लेकर आए हैं जिसकी मदद से आप कब्ज जैसी समस्या से आसानी से निजात पा सकते हैं।

1. सूखा जामुन

- 6 सूखे जामुन
- आधा चम्मच शहद
- आधा चम्मच जीरा पाऊडर
- 1 कप गर्म पानी

सबसे पहले 5 मिनट के लिए सूखे जामुन को गर्म पानी में भिगो लें। इसके बाद इसके बीज को निकाल दें और ब्लेंडर में बचा हुआ पानी और जामुन को अच्छी तरह पीस लें। अब इसमें शहद और जीरा पाऊडर मिला लें। एक मिनट के लिए दोबारा ब्लेंडर चलाएं। आपका सूखे जामुन का जूस तैयार है।



2. नाशपती

- 2 नाशपती
- 2 चम्म्च नींबू का रस
- 1 चुटकी काला नमक

सबसे पहले नाशपती को छोटे टुकड़ों में काटकर ब्लेंडर में पीस लें। पीसने के बाद एक गिलास में इसका रस निकाल लें। इसके बाद गिलास में नींबू का रस और काला नमक मिला लें। आपका नाशपती का जूस तैयार है।

3. सेब

- 1 सेब
- आधा चम्मच सौंफ पाऊडर
- आधा कप पानी

सेब को सबसे पहले काट लें और ब्लेंडर में पीस लें। पीसने के बाद इसमें पानी डालें और दोबारा 1 मिनट के लिए ब्लेंडर चलाएं। जूस को एक गिलास में निकाल लें और ऊपर से इसमें सौंफ पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिल लें। आपका सेब का जूस तैयार है।

4. संतरा

- 1 कप संतरा
- 1 चुटकी काला नमक

ब्लेंडर की मदद से संतरे का रस अच्छी तरह निकाल लें। अब एक गिलास में संतरे का रस डालें और ऊपर से काला नमक मिलाएं। आपका संतरे का जूस तैयार है।

5. नींबू

- आधा नींबू
- 1 कप गर्म पानी
- 1 चम्मच शहद
- आधा चम्मच जीरा पाऊडर

एक गिलास गर्म पानी में नींबू का रस, शहद और जीरा पाऊडर डाल कर अच्छी तरह मिला लें। आपका नींबू जूस तैयार है।

# रोजाना खाएंगे सिर्फ 3 केले, तो होंगे ये फायदे!

आमतौर पर लोग मानते हैं कि केला खाने से मोटापा बढ़ता है लेकिन ये सिर्फ एक मिथ मात्र है. केला खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि इसके फायदे ही फायदे हैं. आज हम आपको कुछ ऐसे फायदे बता रहे हैं जिस जानकर आप भी रोजाना केला खाने लगेंगे.

### क्या कहती है रिसर्च

रिसर्च ये बात साबित कर चुकी हैं कि तीन छोटे केले खाने से उतनी ही एनर्जी मिलती है जितनी 90 मिनट वर्कआउट करने से मिलती है. लेकिन केला खाने से सिर्फ एनर्जी ही नहीं मिलती बल्कि इसको खाने से आप फिट और हेल्दी भी रहते हैं.

ब्रिटीश और इटली के वैज्ञानिकों की रिसर्च में ये साबित हो चुका है कि सुबह नाश्ते में, लंच में और शाम को एक केला खाने यानी पोटैशियम लेने से दिमाग में ब्लड क्लोटिंग होने का खतरा 21 फीसदी कम हो जाता है. रिसर्च में ये भी पाया गया कि रोजाना 1600द्वद्द पोटैशियम लेने से स्ट्रोक का खतरा काफी कम हो जाता है. साथ ही स्ट्रोक से होने वाली मौत का खतरा 40 फीसदी कम हो जाता है.



### केले खाने के फायदे

केला खाने से ब्लडप्रेशर कंट्रोल में रहता है.महिलाओं के लिए केला खाना ज्यादा फायदेमंद हैं क्योंकि इससे उनकी हड्डियां मजबूत होती हैं. इतना ही नहीं, केले में मौजूद पोटैशियम डायट में मौजूद नमक की अधिक मात्रा को कंट्रोल कर सकता है.रिसर्च के मुताबिक, केला खाने से डिप्रेशन दूर होता है. केले में मौजूद प्रोटीन से ना सिर्फ मूड बेहतर होता है बल्कि आपका अच्छा महसूस करते हैं.केले में मौजूद विटामिन बी6 से ब्लड ग्लूकोस नियंत्रित होता है जिससे पीरियड्स के दौरान होने वाला दर्द कम होता है.केले में मौजूद आयरन से एनिमिया की शिकायत दूर होती है.केले में मौजूद फाइबर से कब्ज की समस्या दूर होती है.हैंगओवर से निजात पानी है तो भी केला और शहद साथ में खा सकते हैं.मॉर्निंग सिकनेस को दूर करना है तो भी केला खा सकते हैं.ऑस्ट्रेलिया की एक रिसर्च के मुताबिक, काम के बोझ को कम करने, काम का तनाव करने के लिए रोजाना केले खाना चाहिए.

# शिशु को नहलाने के ये 5 तरीके हैं बैस्ट

शिशु की परवरिश से लेकर उनकी साफ-सफाई तक पूरा ध्यान रखना पड़ता है ताकि उन्हें किसी भी तरह की कोई इंफेक्शन ना हो। नन्हा शिशु बहुत कोमल और संवेदशील होता है। ऐसे में शिशु को नहलाते समय भी काफी सावधानी बरतनें की जरूरत होती है। आपकी जरा-सी लापरवाही उसके लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। आइए जानें कि अंगों की सफाई करने से पहले किन बातों का ध्यान देना बेहद जरुरी हैं।

1. नहलाने से पहले बच्चे के शरीर की तेल से मालिश जरूर करें । मालिश करते समय इस बात का भी खास ध्यान रखें कि आपके हाथ शिशु के शरीर पर कोमलता से चलें ताकि बच्चों के नाजुक अंगों को कोई झटका न लगे ।
2. बच्चे को नहलाते समय आपकी यही कोशिश होनी चाहिए कि वह पानी से डरने की बजाए स्नान में आनंद व प्रसन्नता का अनुभव करें । उसके इस आनंद में आप भी शामिल हों और अपना व अपने बच्चे का आनंद बढ़ाएं ।
3. शिशु को नहलाना शुरू करने के पहले सभी आवश्यक सामान अपने पास पहले ही रख लें ताकि आपको बीच में उठना न पड़े ।
4. शिशु को नहलाना शुरू करने के पहले सभी आवश्यक सामान अपने पास पहले ही रख लें ताकि आपको बीच में उठना न पड़े ।
5. बच्चे की सफाई करते समय स्किन को पानी से धोएं। त्वचा को जबरदस्ती पीछे ले जाने की कोशिश ना करें। इससे दर्द, खुजली या खून भी निकल सकता है।

### जरूरी बात

**शिशु को न तो दूध पिलाने के एकदम बाद नहलाएं और न ही जब वह बहुत भूखा हो या फिर रो रहा हो।**



# शेविंग के बाद लगाएं ये फेस पैक, त्वचा रहेगी मुलायम !

ब्यूटी-पुरुषों को चेहरे पर शेविंग करते रहना पड़ता है जिससे उनके चेहरे पर लगातार रेजर के इस्तेमाल से काफी समस्याएं हो जाती हैं जैसे स्किन का ड्राई होना या पिंपलज का होना या कई बार तो कट भी पड़ जाते हैं,जो काफी तकलाफदेह तो होते ही हैं साथ ही चेहरे की खूबसूरती भी खराब कर देते हैं। इन सभी परेशानियों को दूर करने के लिए आप इन फेस पैक को चेहरे पर लगाएं तो आप चमकदार और साफ चेहरा पाएगें।

### *खीरे का फेस पैक


शेविंग करने के दौरान चेहरे की नमी खत्म हो जाती है जिसके कारण चेहरा ड्राई और रुखा हो जाता है।ऐसे में खीरा चेहरे के पानी की कमी को पूरा करता है तो आप खीरे के फेस पैक को लगाकर अपनी त्वचा की सारी खुश्की को दूर कर सकते है। इसके लिए आप 1 चम्मच कद्दूकस खीरे में ओटमील और दही मिलाएं और इसको चेहरे पर लगाकर आधे घंटे के लिए सूखने दें और फिर धो लें।

### *केले का मास्क

केले में मौजूद पोषक-तत्वों के कारण केला मास्क चेहरे के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। शेविंग के बाद त्वचा को नमी देने के लिए केले के मास्क का इस्तेमाल करें। केला मास्क बनाने के लिए एक केला, दही और शहद को एक साथ मिलाएं और इसे चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं तो आप देखेंगें कि आपकी त्वचा एकदम तरोताजा और कांतिमय हो जाएगी।

### *शहद का मास्क

शहद एक ऐसा फेस पैक है जो अकेले भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ये प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है जिसका इस्तेमाल आप बेझिझक शेविंग के बाद कर सकते हैं। शेविंग के बाद चेहरे की त्वचा को मुलायम करने और नमीयुक्त बनाने के लिए चेहरे पर शहद लगाकर रखें और सूखनें पर धों दें।



# इस तरह पूरा कर सकती हैं माँ बनने का अपना सपना

मां बनना हर स्त्री का सपना होता है। मातृत्व के अहसास के आगे दुनिया की हर खुशी फीकी लगती है, पर आजकल की भागदौड़ व तनाव भरी जिंदगी में कई बार मां बनने की यह चाहत एकाएक पूरी नहीं हो पाती। इसकी वजह है कि तनाव का सीधा असर शरीर पर पड़ता है। यदि आपके साथ भी कुछ ऐसा ही है तो भी उसे लेकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं। ऐसे मामले में आपको समझदारी दिखानी चाहिए। इस संबंध में विशेषज्ञ के पास जाने से पहले कुछ बातों को सुनिश्चित करने का प्रयास करें।

### क्या करें

■ सबसे पहले तो आपको अपने खानपान पर ध्यान देना होगा। फल एवं सब्जियों युक्त पौष्टिक व संतुलित आहार लेना शुरू करें ताकि आपका शरीर गर्भधारण के लिए तैयार हो सके।

■ आपका तनावमुक्त व सकारात्मक रहना जरूरी है। अपने शौक को फॉलो करें। जिन गतिविधियों में आपको आनंद आता हो, उनसे स्वयं को जोड़ें। अगर आपको लगता है कि मौजूदा नौकरी को आप एंजॉय नहीं कर रही हैं व उसकी वजह से तनावमुक्त नहीं रह पाती हैं तो बेहतर होगा कि ऐसी जॉब तलाश करें, जो आपको खुशी व संतुष्टि दे सके। टीवी देखने की शौकीन हैं तो भी इस बात का ख्याल रखें कि वे कार्यक्रम आपके चेहरे पर हंसी व मुस्कान लाने वाले हों। ऐसे कार्यक्रम, जिन्हें देखने से आप दुख और अवसाद से भर जाएं, उन्हें न देखना ही बेहतर होगा। गौरतलब है कि तनाव व चिंताओं से गर्भधारण करने में मुश्किल पेश आती है।



■ यदि मां को डायबिटीज या थायराइड की समस्या है तो उसका असर गर्भस्थ शिशु के विकास पर पड़ता है। ये स्वास्थ्य समस्याएं कहीं आपको तो नहीं हैं? इस आशंका को खारिज करने व इस संबंध में सच्चाई जानकर जरूरी सावधानियां सुनिश्चित करने के लिए गर्भधारण से पूर्व अपनी स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। डायबिटीज से ग्रसित स्त्रियों को इस बात का ख्याल रखना होगा कि गर्भधारण से पूर्व व गर्भावस्था के दौरान उनका ब्लड शुगर नियंत्रण में रहे। थैलेसीमिया के बारे में पूर्व में ही जानकारी कर लेना विशेष रूप से जरूरी है, क्योंकि यह स्वास्थ्य समस्या मां से बच्चे में जा सकती है।

■ जिन दिनों में गर्भधारण की संभावना अधिक होती है (पीरियड्स के 10वें दिन से 20वें दिन तक, क्योंकि इसी दौरान ओवल्यूशन होता है) उन दिनों में नजदीकियां स्थापित करना अच्छा होगा। शिशु को किसी भी संभावित विकृति के खतरे से दूर रखने के लिए फोलेट सप्लीमेंट लेने के बारे में अपने डॉक्टर से परामर्श कर सकती हैं।

■ अगर आपकी उम्र 35 वर्ष से अधिक है और लगातार एक साल तक कोशिश करने के बाद भी आप गर्भधारण नहीं कर पा रही हैं तो विशेषज्ञ से सलाह हेतु संपर्क करना चाहिए। अगर आपको या पति को क्रमशः पॉलीसिस्टक ओवरी सिंड्रोम या लो स्पर्म काउंट की समस्या से ग्रसित बताया गया है तो डॉक्टर्स से संपर्क करना मुनासिब होगा।

### क्या न करें

■ इस बात का ख्याल रखें कि आपके पति गोद में लैपटॉप रखकर काम न करें। ट्राउजर की फ्रंट पॉकेट में मोबाइल रखने की आदत भी उन्हें बदल देनी चाहिए। ऐसे गैजेट्स से काफी हीट निकलती है, जो प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है। विशेषज्ञों के मुताबिक पुरुषों के स्पर्म पर उच्च तापमान का असर पड़ता है।

■ किसी भी प्रकार की हर्बल दवा या सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल विशेषज्ञ की सलाह के बगैर न करें। वे आपकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं या आपके उपचार को प्रभावित कर सकती हैं।

■ टोफू और सोया को अपने आहार में अधिक मात्रा में शामिल न करें। इन खाद्य पदार्थों से प्रजनन क्षमता कम होती है। इसके साथ ही खनिज पदार्थ मरकरी युक्त खाद्य पदार्थ जैसे सोर्डफिश इत्यादि के सेवन से भी बचना चाहिए। इनसे गर्भावस्था के दौरान शिशु के नर्वस सिस्टम पर प्रभाव पड़ता है।

■ शराब के सेवन व धूम्रपान से दूर रहें।

■ चाय व कॉफी के सेवन में कमी लाएं।

■ अगर शुरुआती कोशिशों में आप गर्भधारण में असफल रहती हैं तो भी उम्मीद का दामन न छोड़े। कई बार इसमें कुछ वक्त लगता है। इस मामले में आपको धैर्य से काम लेना होगा।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**